फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 8, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00

वाराणसी, सोमवार, 13 फरवरी, 2023

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर - शांति के लिए प्रतिबद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान

अन्दर : रविचंद्रन अश्विन ने रचा एक और इतिहास, अनिल कुंबले को पछाड़ा

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

इन्वेस्टर्स समिट से यूपी बनेगा उत्तम प्रदेश

बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू : देश की कुल अर्थव्यवस्था का पांचवा हिस्सा उत्तर प्रदेश से पूरा होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में अवश्यम्भावी सिद्धि बनने वाले ऐतिहासिक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का समापन रविवार शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मार्गदर्शन के साथ हुआ। तीन दिवसीय यूपी जीआईएस का शुभारंभ 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस समिट के जरिये उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास के लिए करीब 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के करार हुए जिनसे लगभग 93 लाख नए रोजगार सृजित होंगे। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समावेशी विकास की सोच के साथ आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति के सार्थक परिणाम आएंगे। उत्तर प्रदेश को विश्वव्यापी ख्याति मिलेगी। दूरदर्शितापूर्ण नीतियों को लागू कर तथा उसके कार्यान्वयन से उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिए सक्षम भी है और इसके लिए तैयार भी है। उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो भारत भी समृद्ध होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में सहायक सिद्ध होगा। वृंदावन योजना के वाल्मीकि मेन हाल में उपस्थित देश विदेश के उद्यमियों, निवेशकों, नवाचारियों, नीति निमार्ताओं, मंत्रियों, अधिकारियों आदि को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। देश की कई योजनाओं में या पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती अन्नदाता की धरती है। खाद्यान्न, गन्ना, आलू आदि व दूध के उत्पादन में यह देश में अग्रणी है। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित उद्यमिता विकास की अनेक संभावनाएं हैं। प्रसन्नता की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहित कर रही है। खुद को किसान परिवार का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि व कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों हेतु वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी टीम की प्रशंसा करती हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेट्स की डिमांड और सप्लाई चैन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

निवेश महाकुंभ

ऐतिहासिक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मार्गदर्शन के साथ हुआ समापन

राष्ट्रपति ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने का संकल्प लिया है। देश की कुल अर्थव्यवस्था का पांचवा हिस्सा उत्तर प्रदेश से पूरा होगा। इस संकल्प के सिद्ध होने से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर अभियान को भी काफी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2019 में प्रयागराज कुंभ के शानदार आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिस प्रकार पूरे विश्व में प्रशंसा हुई थी, उनकी कामना है कि इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को भी विश्वव्यापी ख्याति मिले।

राष्ट्रपति ने प्रदेश सरकार की इस बात के लिए भी सराहना की की उत्तर प्रदेश में विकास के सामाजिक आयामों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां आर्थिक विकास के साथ ही सामाजिक व आध्यात्मि, सांस्कृतिक विकास के प्रयास भी किए जा रहे हैं। ऐसा विकास ही सुनियोजित विकास होता है। जीआईएस में महिला उद्यमियों व शिल्पकारों को खासी भागीदारी दी गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आधी आबादी का विकास किए बिना देश का विकास संभव है। वहीं उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करने के साथ देश-दुनिया से आए निवेशिकों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशों से आए राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिन तक चले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था। समिट में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए निवेश मिले हैं। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्री समूह व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर टीम भावना से सभी निवेश प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूल मंत्र पर काम किया। पारदर्शी नीतियों और तकनीकी को अपनाकर निवेश के चार स्तम्भो पर काम किया। एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं प्रधानमंत्री की अनुकंपा से औद्योगिक निवेश को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के विकसित उत्तर प्रदेश और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश मनाया जाएगा।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

C.U.E.T BHU / DU / AU
B.Sc. B.Com B.A B.Ed
CHS ENTRANCE EXAM - 2023 6th 9th & 11th
Selection 1218 in CUET | 155 in CHS
पॉलिटेक्निक CLAT & BLAT
संकल्प दयूटोरियल्स
9335418689, 9335720660

नई वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति से निजी क्षेत्र होगा प्रोत्साहित : अनुप्रिया

लखनऊ। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संचालन तंत्र पर आने वाले खर्च को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की सफलता में उत्तर प्रदेश के प्रयासों की रविवार को सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार की नयी वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने वाली है और निजी क्षेत्र को इसका अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

पटेल ने यहां आयोजित तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन-2023' के अंतिम दिन रविवार को 'भारत का उभरता हुआ वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टक हब उत्तर प्रदेश' विषय पर सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि फिलहाल देश में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है, जिसमें वर्ष 2030 तक लगभग आठ प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 10 में शामिल होना है।

पटेल ने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की सरकार, जिस तरह वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बना रही है, उससे हमें अपने लक्ष्य में निश्चित ही सफलता मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने विशेष सत्र में लॉजिस्टिक सेक्टर की चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि लॉजिस्टिक लागत को कम करना उद्योग जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसके लिए नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और कुछ यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी अनुपात से बहुत कम है और सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लॉजिस्टिक समस्याओं को कम-से-कम किया जाए, निर्यात कई गुना बढ़े और छोटे उद्योगों एवं उनमें काम करने वाले लोगों को अधिक लाभ मिले।

बजरंगबली को रेलवे का नोटिस मिली सात दिन की मोहलत

मुरैना (मध्यप्रदेश)। मध्य प्रदेश से रेलवे का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां भगवान बजरंगबली को ही अतिक्रमणकारी बताते हुए उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया है। साथ ही नोटिस में मोहलत भी दी गई है। रेलवे का ये अजब-गजब नोटिस सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इन मकान और हनुमान जी के मंदिर को रेलवे विभाग द्वारा 8 फरवरी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में हनुमान जी को अतिक्रमणकारी बताते हुए नोटिस में लिखा गया है कि 'हनुमान जी ने रेलवे की भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया है इसलिए रेलवे द्वारा उन्हें 7 दिन का समय दिया जा रहा है'। जारी नोटिस में बताया गया कि 7 दिन में अपना अतिक्रमण स्वयं हटाना होगा।

दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे, वेस्टर्न कॉरिडोर तस्वीर बदल देंगे : पीएम

सौगात

पीएम मोदी ने किया दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले फेज का उद्घाटन

आधे समय में दिल्ली से जयपुर का सफर होगा पूरा

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में 18,100 करोड़ रुपए से अधिक की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे और वेस्टर्न कॉरिडोर राजस्थान की तस्वीर बदल देंगे। दिल्ली मुम्बई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का बड़ा फायदा मिलेगा। यह पश्चिम भारत के बंदरगाहों से भी जुड़ेगा। कई उद्योगों के लिए नई-नई सम्भावनाएं अभी से बननी शुरू हो जाएंगी। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान से भी इसे ताकत मिल रही है। जरूरी ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के लिए कॉरिडोर रखा गया है। बिजली, पानी लाइनों की जगह छोड़ी गई है। अतिरिक्त जगह बचेगी तो सोलर पार्क और वेयर हाउस के लिए रखा जाएगा। सबका साथ, सबका विकास हमारा मंत्र है, जिससे हम सक्षम समृद्ध भारत बना रहे हैं। मोदी ने कहा- मुझे पास में ही एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलना है। बहुत बड़ी तादाद में राजस्थान के लोग वहां इंतजार कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा राजस्थान के सरिस्का नेशनल टाइगर रिजर्व, केवलादेव घना पक्षी विहार, रणथम्भौर नेशनल टाइगर रिजर्व और जयपुर, अजमेर जैसे पर्यटक स्थलों को भी इस एक्सप्रेस वे का फायदा होगा। राजस्थान देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए पहले ही आकर्षण रहा है, अब यह आकर्षण और बढ़ जाएगा। पीएम मोदी ने बताया कि चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। इसमें से एक परियोजना जयपुर से दिल्ली इस एक्सप्रेस वे को डायरेक्ट कनेक्टिविटी देगी। ढाई-तीन घंटे का सफर जयपुर से दिल्ली के बीच रह जाएगा। परियोजना का एक रास्ता अलवर के पास अम्बाला कोटपूतली कोरिडोर से जोड़ेगा, एक और परियोजना करौली सड़क के विकास की है। ये सड़क भी इस सड़क को ना सिर्फ एक्सप्रेस वे से जोड़ेगी, लोगों के जीवन को आसान बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का एक और पक्ष है। इसके तैयार होने पर किसान, कॉलेज-दफ्तर आने जाने वाले लोग, व्यापारी सबकी आर्थिक गतिविधि भी बढ़ती है।

दिल्ली-दौसा-लालसोट एक्सप्रेसवे बनने से जयपुर से दिल्ली जाने में पहले 5-6 घंटे लगते थे, अब आधे समय में हो जाएगा। जिन लोगों का दिल्ली में नौकरी, कारोबार, अन्य काम के लिए आना जाना होता है, वो आसानी से शाम को अपने घर पहुंच सकते हैं। ट्रक-टेम्पो वाले जो दिल्ली आते-जाते हैं उन्हें पूरा दिन हाईवे पर नहीं बितना पड़ेगा। फल-सब्जी- दूध कम समय में दिल्ली भेज सकते हैं। माल खराब होने का खतरा भी खत्म हो गया है। बुनकर हस्तशिल्पी अपने उत्पाद आसानी से भेज पाएंगे। हरियाणा, मध्यप्रदेश ,गुजरात को इससे बड़ा फायदा होगा। हरियाणा के मेवात और राजस्थान के दौसा में कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। पीएम मोदी ने कहा- जब सरकार हाईवे, रेलवे, पोर्ट, एयरपोर्ट पर काम करती है, तो उसका सभी को फायदा मिलता है। जब सरकार गरीबों के घर, मेडिकल कॉलेज बनाने का काम करती है, तो सामान्य मानव से लेकर छोटी दुकान, बड़ी इंडस्ट्री तक सभी को बल मिलता है।

यूपी का भविष्य उज्ज्वल है, सीएम योगी ने संकल्प पूरा किया : पीयूष गोयल

लखनऊ। राजधानी में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आज कई केंद्रीय मंत्रियों ने शिरकत की। समिट में पहुंची केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल ने निवेशकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने चुनाव से पहले जो संकल्प लिया उसे पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का भविष्य निश्चित ही उज्जवल है। उन्होंने यूपी में बिना डरे निवेश के लिए उद्यमियों से आवाहन किया। केंद्रीय मंत्री ने राममंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि ये भाजपा के संकल्पपत्र में शामिल था और इसपर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर तरह का माफियाराज खत्म कर दिया है। यहां माफिया क्या एक साधारण अपराध पर भी बड़ा एक्शन होता है। उत्तर प्रदेश में एक्साइज का कलेक्शन तीन गुना बढ़ा है। पहले जहां 14000 करोड रुपए का कलेक्शन होता था वहीं अब 42 हजार करोड़ का कलेक्शन पर पहुंच गया है। पियूष गोयल ने कहा कि साल 2018 तक यूपी एक बीमारू राज्य माना जाता था।

13 राज्यों के राज्यपाल बदले, बैस महाराष्ट्र के गवर्नर

फेरबदल

राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में विवादों से घिरे भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकृष्णनन माथुर सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल का इस्तीफा स्वीकार किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बड़ा फेरबदल किया। असम, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, हिमाचल समेत 13 राज्यों के राज्यपाल और उप-राज्यपाल बदले गए हैं। राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में विवादों से घिरे भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकृष्णनन माथुर सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख नेता रहे सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उन्हें झारखंड के राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया। 65 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। कोयंबटूर संसदीय सीट से राधाकृष्णन दो बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। वहीं झारखंड के वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। बता दें कि बैस को यह उनके बेहतर कार्य का पुरस्कार मिला है। वह भगत सिंह कोश्यारी का स्थान लेंगे, जिन्होंने नवंबर माह में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। वे आठ बार विधायक रह चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि वह 'ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे। वर्तमान में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह अनुसुइया उइके का स्थान लेंगे। छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल हरिचंदन की उम्र 84 साल की है और वे ओडिशा के भुवनेश्वर और चिल्का विधानसभा से 5 बार विधायक रह चुके हैं।' वहीं छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि मणिपुर की नई राज्यपाल अनुसुइया उइके मध्य प्रदेश से विधायक रह चुकी हैं, वह इसी राज्य में मंत्री पद पर रहीं थीं। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व राज्यपाल और मेघालय के नए राज्यपाल फागू चौहान यूपी के 17वें विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले विधायक थे। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को बिहार के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बीडी मिश्रा को राष्ट्रपति ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में एलजी नियुक्त किया गया है। बता दें कि बीडी मिश्रा भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर हैं। शिव प्रताप शुक्ल को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। वह राजेंद्र आर्लेकर का स्थान लेंगे। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। वह 2018 से सिक्किम के राज्यपाल रहे गंगा प्रसाद की जगह लेंगे।

लोकभवन में हुआ राष्ट्रपति का नागरिक अभिनन्दन

लखनऊ। दो दिवसीय दौरे पर राजधानी पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में शिरकत कीं। राजधानी के लोकभवन में राष्ट्रपति का नागरिक अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने माता सरस्वती की प्रतिमा भेंट की। इस अभिनन्दन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लोक गायिका मालिनी अवस्थी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत कई मंत्री विधायक नेता समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रामचरित मानस नहीं, चौपाई के विवादित अंश का विरोध

बोले स्वामी प्रसाद

यह भी कहा, कबीर दास हिंदू धर्म के सर्वेसर्वा नहीं थे

जिनको मेरा सर्टिफिकेट देखना हो चला जाए यूनिवर्सिटी

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस पर दिये गये बयान को लेकर रविवार को यहां सफाई दी। कहा कि रामचरित मानस के विवादित अंश का विरोध किया है। विवादित अंश को संशोधित या प्रतिबंधित किया जाए। मैं आज भी उस बयान पर टिका हूं। इसे संशोधित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भी लिखा है।

पहड़िया स्थित एक होटल में मीडिया से बातचीत करते हुए स्वामी प्रसाद कहा कि आप लोगों को किसने बताया कि हमने रामचरित मानस का विरोध किया। एक चौपाई का विरोध करना रामचरित मानस का विरोध नहीं हुआ। हमने रामचरित मानस की कोई प्रति नहीं जलाई। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस के चौपाई में दलितों, महिलाओं के अपमान वाले अंश पर मैंने सवाल खड़े किए। यह विरोध आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी को भी वर्ग विशेष पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। यदि किसी धर्म के हम प्रशंसक या अनुयायी हैं तो कमियां मिलने पर समीक्षा करने का भी हक होना चाहिए। जिस चौपाई को लेकर विरोध किया है, भले ही उसकी अलग-अलग व्याख्या की जाए, उसका विरोध जारी रहेगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सनातन कोई धर्म नहीं बल्कि एक प्राचीन व्यवस्था है। कोई भी अपने धर्म को सनातन बता सकता है। ये विषय बहस का नहीं है। अपने धर्म की तारीफ करना कोई गलत बात नहीं। सभी अपने-अपने धर्म को सनातन बताते हैं। इस्लाम का मूल भारत में होने के बात पर उन्होंने कहा कि यह उनके धर्मावलंबियों का काम है, वह जाने। उन्होंने लखनऊ का नाम लखनपुर या लक्ष्मणपुर करने की भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता की मांग पर प्रतिक्रिया दी। कहा, 'लखनऊ का नाम लक्ष्मण की वजह से नहीं, बल्कि लखनऊ के राजा लखन पासी की पत्नी लखनावती के नाम पर पड़ा है। कोई दूसरा आकर कब्जा नहीं कर सकता। यदि बदलना ही है तो लखनऊ का नया नाम लखन पासी कर दो।' यदि लखन पासी नही कर पा रहे हैं तो पासी समाज की गौरव ऊंदा देवी के नाम कर देना चाहिए। जिन्होंने 1857 की क्रांति के दौरान लखनऊ में 36 अंग्रेज सैनिकों को मार गिराया था।

सपा नेता स्वामी प्रसाद ने कहा कि नारी की बात उठाने वाले कबीरदास हिंदू धर्म के सर्वेसर्वा नहीं थे। कबीर की बातों को हिंदू धर्म के रूप में लोग नहीं स्वीकारते। जो जिस धर्म को मानेगा, वह उसी की कमियों को इंगित कर सकता है। हम मुस्लिम नहीं, इसलिए उनकी कमियां नहीं उठा सकते। हमारे सारे सर्टिफिकेट में हिंदू है। मैं अभी भी हिंदू हूं। एक सवाल के जवाब में स्वामी प्रसाद ने कहा कि जो लोग मुझे मेडिकल सर्टिफिकेट देते हुए विक्षिप्त कह रहे, हम उनको पागल ही मानते हैं। अधजल गगरी छलकत जाए... जिनको कुछ आता-जाता नहीं है, ऐसे लोगों को पागल ही कहेंगे। हमें समझ नहीं आता कि लोग डॉक्टर कैसे बन गए। वैसे भी हम किसी ऐरे-गैरे नत्थू खैरे की शिकायत नहीं करते। स्वामी प्रसाद ने मनोज मुंतशिर को भी निशाने पर लिया। कहा कि मेरा सर्टिफिकेट देखना हो तो आप लोग यूनिवर्सिटी जाकर देख लिजिए कि मैं कितना पढ़ा-लिखा हूं। भागवत खुद ही कहते हैं कि जितने भी धर्म है, सभी हिंदू से निकले हैं। भागवत को तो सबसे गले मिलना चाहिए।

भाजपा सरकार पर साधा निशाना

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने मौजूदा भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के गरीब नौजवान, किसान, महिलाएं की महंगाई से कमर टूट गई है। जीएसटी के माध्यम से लघु और मध्यम वर्ग के व्यापारी से धन उगाही की जा रही है। नाम बदल कर वाहवाही लूटना अच्छी बात नहीं है। आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है, जो राष्ट्रीय सम्पत्ति को निजी हाथों में बेच रही है। देश के सारे बंदरगाह बिक गए हैं और एयरपोर्ट बेच दिए गए। नौजवानों को नौकरी देनी चाहिए थी, लेकिन इस सरकार ने सरकारी सम्पत्तियों को कौड़ियों के दाम अडाणी और अंबानी को बेच दिया। जब सारे संस्थान अडाणी और अंबानी चलायेंगे तो नौजवानों को सरकारी नौकरी कहां से मिलेगी।

नौ आईपीएस, 18 एएसपी, 24 डीएसपी के हाथ कमान

सुरक्षा

सब इंस्पेक्टर समेत पांच सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व बाबतपुर से मैदागिन और गोदौलिया तक हुआ ग्रैंड रिर्हसल

जनसंदेश न्यूज

कारों की फ्लीट ने किया रिहर्सल

पुलिस ने अतिक्रमण को हटवाया

घाटों पर सुरक्षा का किया गया पूर्वाभ्यास

वाराणसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के वाराणसी आगमन को लेकर रविवार को जहां फ्लीट रिर्हसल हुआ वहीं राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए सीपी ने मातहतों संग बैठक कर तैयारियों की रूपरेखा खींची। एयरपोर्ट से लेकर बरेका तक की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की गई।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार को प्रशासनिक महकमा ने पूर्वाभ्यास किया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में नौ आईपीएस, 18 एएसपी, 24 डीएसपी, एसआई और एएसआई समेत कुल 600 पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर रहेंगे।

आईबी और एटीएस भी दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेगी। उनका काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, उस पर यातायात 15 मिनट पहले रोक दिया जाएगा। पुलिस लाइन में अधिकारियों को पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ने कहा कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के साथ ही निगरानी को लेकर किसी भी स्तर पर चूक कतई न होने पाए। राष्ट्रपति जब दशाश्वमेध घाट पर आरती होगी, तब नौसेना के साथ ही जल पुलिस, पीएसी, बाढ़ राहत दल और एनडीआरएफ के जवान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रविवार को लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रिर्हसल फ्लीट निकली और शहर में प्रवेश किया। मैदागिन होते हुए काशी विश्वनाथ तक ग्रैंड रिर्हसल हुआ। इसके बाद घाट किनारे गंगा आरती स्थल के पास बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। इसके पूर्व हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन समेत ऑपरेशनल एरिया केलिब्रेशन टेक्निकल, एप्रन, टर्न पेड़,थ्रेस होल्ड स्ट्रिप, फायर स्टेशन, स्कैनर एवं चारदीवारी सहित अन्य सिक्योरिटी पॉइंट का निरीक्षण किया।

प्रत्येक सुरक्षा बिंदुओं पर कड़े सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। दो दिन पहले हुए एडवांस सिक्युरिटी लाइजनिंग बैठक के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति के आगमन को लेकर विशेष सुरक्षा रणनीति तैयार की गई थी। हवाई अड्डे पर सभी सुरक्षा एजेंसियों को एलर्ट कर दिया गया है।

सुरक्षा के लिहाज से हवाई अड्डे के मुख्य द्वार से लगायत मुख्यमार्ग पर बल्ली की सहायता से मार्ग के दोनों तरफ बेरिकेटिंग किया गया है। रिर्हसल के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था चेक की गयी, इस दौरान लोगों को थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा हालांकि राष्ट्रपति के आगमन की गंभीरता को बनारसियों ने समझा।

सुरक्षा के बाबत हटायी गयीं अस्थायी दुकानें

राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व रथयात्रा, भेलूपुर, गौदौलिया, मैदागिन लहुराबीर समेत अन्य जगहों को जिला प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया। सुरक्षा के बाबत मैदागिन से लेकर विशेश्वरगंज तक की अस्थायी दुकानों को रविवार की सुबह से ही बंद करा दिया गया।

संक्षेप

पैसा डबल करने के झांसे में गये 1.40 लाख

बड़ागांव। बड़ागांव थानाक्षेत्र के रसुलपुर गांव निवासिनी महिला को छह साल में धन डबल करने का लालच देकर परिचित ने एक लाख चालीस हजार का चुना लगाया। इस मामले में महिला ने सीपी गुहार लगायी और सीपी के निर्देश पर बड़ागांव थाना पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज की। पीड़िता बबीता देवी का कहना है कि उनके पति रवि कुमार भारतीय सेना में कार्यरत है और वर्तमान में लद्दाख में तैनात है। फुलपुर थानाक्षेत्र के रमईपुर गांव निवासी उनके परिचित ने बताया की स्वर्णिम लैण्ड डेवलपर्स में छह वर्ष में धन डबल होता है उसकी बातों में आकर बबीता ने 1.40 लाख दे दिया। छह साल पूरा होने पर जब पैसा मांगने गयी तो वह टाल मटोल करने लगा। दबाव बना तो एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। पीड़िता की तहरीर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद वर्मा,मैनेजर मंजू वर्मा एवं कर्मचारियों विजय, विकास और कलावती के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ।

छात्रों और दुकानदारों में जमकर मारपीट

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के मालवीय चौराहे से नरिया मार्ग के पास बीएचयू के गेट पर चाय की दुकान पर शनिवार की देर रात छात्रों और दुकानदार में कहासुनी हुई जो मारपीट में बदल गई और ईंट पत्थर चला। हमले में दुकानदार बाबू सोनकर घायल हुआ। उसने बताया कि बीएचयू के छात्र देर रात बर्थडे मना कर छोटी गेट पर चाय और सिगरेट पीने आए थे। इस दौरान सभी ने सिगरेट के धुएं को लेकर कहासुनी होनी लगी। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मारपीट में बदल गई। छात्रों ने बगल में चाय की दुकान चलाने वाले लालचंद सोनकर की भट्टी और काउंटर पलट दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने सभी को खदेड़ा। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए।

ब्रेकर बना जानलेवा, युवक घायल

रोहनिया। रोहनिया थाना क्षेत्र के पंचकोशी रोड पर अमरा गांव के पास पंचकोसी रोड पर शनिवार को बने ब्रेकर से गिरकर मनदीप मौर्य मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे भदवढ़ स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मनदीप शनिवार को अमरा से लठिया अपने घर जा रहा था। यहां पहले रोड पर ब्रेकर नहीं बना था लेकिन देर रात जब लौट रहा था तो वहां ब्रेकर बन गया था जो जानलेवा बनी।

न्याय के लिए एसीपी के पास पहुंची महिला

रोहनिया। न्याय के लिए महिला ने एसीपी कार्यालय पहुंची। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के भोरकलां (लखवा) निवासी महिला नजमा की माने तो कलमा पढ़ने के दौरान उनके बेटे चांद बाबू ने सुभानअल्लाह कहा जिसके पास में बैठे दूसरे बच्चे आरिफ ने अपने पिता नाम लेने का आरोप लगाया। इसके कुछ देर बाद इस बात को लेकर प्रमिला देवी, जन्नत, परेखा, सोना, सिंटू, आसिम समेत अन्य लोग पीड़िता के घर पहुंचे और मारपीट की। इस बाबत मिर्जामुराद थाने पर तहरीर दी गयी लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कुछ कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार एसीपी कार्यालय पहुंच न्याय की गुहार लगायी।

किशोरी को अगवा करने वाले पर मुकदमा

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के घसियारी टोला में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी शनिवार को घर से सामान लेने के लिए निकली जिसके बाद वापस लौट कर नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बाद भी किशोरी का पता नहीं चला। किशोरी के पिता की शिकायत पर नितेश उर्फ छोटू निवासी सरसौली भोजुबीर शिवपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि उनकी बेटी को उठाकर ले गया और उसको व्यापार के काम के लिए बेच दिया। पुलिस सीसी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश में जुट गई है।

छह मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार

वाराणसी। कपसेठी थाना की पुलिस ने रविवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन के पास से चोरी की छह मोबाइल बरामद की है। पुलिस उपायुक्त गोमती आरती सिंह ने बताया किकपसेठी पुलिस को सूचना मिली की निहाला सिंह स्टेडियम ग्राम बनौली के पास से दो अभियुक्त किसी वारदात को अंजाम देने वाले हैं इसमें पुलिस ने घेराबंदी कर सूरज उर्फ भंटू राजभर निवासी उपरवार कपसेठी और संदीप गोड़ निवासी महेरामपुर भदोही को गिरफ्तार किया गया । कपसेठी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

डिलिवरी बॉय करता था चोरी

गोरखधंधा

आठ बाइक बरामद

जनसंदेश न्यूज

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

वाराणसी। दिन में फॉस्टफूड की डिलिवरी और रात में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने दबोचा वहीं शिवपुर पुलिस ने भी बाइक चोर को गिरफ्तार किया और कैंट पुलिस के हत्थे भी तीन बाइक चोर लगे।

मामले का पर्दाफाश करते हुए डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह ने बताया कि सुनील यादव निवासी जखनियां (गाजीपुर) ने एक मशहूर पिज्जा डिलीवरी कंपनी में काम करना शुरू किया। पिज्जा डिलीवरी के दौरान वह रेकी कर बाइकों को चिन्हित करता था। रात में उचित समय देख अपने साथी दीपक देव निवासी दिलदार नगर के साथ बाइक को चोरी कर लेता था। बाइकों के नंबर प्लेट बदल देते थे और सुरक्षित स्थान पर रखकर ग्राहक की तलाश में जुट जाते थे। बाइक चोरी की सूचना पर एक्टिव हुई पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इन्हें दबोचा। उनकी निशानदेही पर अर्दली बाजार स्थित पिज्जा सेंटर के बेसमेंट से पांच बाइक और पांडेयपुर ओवरब्रीज के नीचे आईसीआईसीआई एटीएम के पास से तीन बाइक बरामद हुए। इनके पास से एक देसी तमंचा भी मिला। पूछताछ में बताया कि महंगे शौक को पूरा करने के लिए बाइकों की चोरी करते थे। कैंट थाना क्षेत्र में एक बाइक के साथ चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। चोरों की पहचान प्रद्युम्न निवासी लहरतारा महेशपुर, अमन निवासी महेशपुर और आयुष निवासी महेशपुर के तौर पर हुई। तीनों पर कैंट पुलिस ने गैंस्टर की कार्रवाई की। वहीं शिवपुर थाने से दो बाइकों के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें शुभम सिंह और अभिषेक सिंह शामिल है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के अजोरपट्टी गांव स्थित एक मकान में बतौर मेहमान ठहरे सामनेघाट निवासी रतन कुमार (25) ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। घटना को संदिग्ध मानकर पुलिस जांच में जुट गई है। रतन कुमार शनिवार की रात कार से एक साथी के साथ चोलापुर थाना क्षेत्र के अजोरपट्टी गांव निवासी दोस्त हरिराम यादव के घर पहुंचा। चाय-पानी के कार चालक और रतन का दोस्त कार छोड़कर अपने गांव गहनी चले गए। पुलिस के मुताबिक, हरिराम की पत्नी कंचन यादव ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद रतन घर के सामने बने कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह हरिराम कहीं चला गया। लेकिन तबतक रतन अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। कंचन यादव ने झांक कर देखा तो रतन को फांसी के फंदे से लटका पाया। इसकी सूचना उसने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा।

मामूली बात पर हुई मारपीट में दर्ज किया गया मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

कल हुआ था बवाल

रविवार की रात दो समुदायों में हुई थी मारपीट और पत्थरबाजी

पत्थरबाजी की घटना को एसीपी ने नकारा, जांच शुरु

पत्थरबाजी की घटना से इनकार किया है जबकि स्थानीय लोगों ने बताय कि पत्थरबाजी हुई थी।

रोहनिया। रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय चौकी अंतर्गत शाहावाबाद गांव में मामूली बात को लेकर दो समुदाय में पत्थरबाजी और मारपीट के ममाले में रोहनिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। एसीपी वरुणा जोन मनीष शांडिल्य ने पीड़ित शुभम की माने तो वह अपने भाई यश को किसी बात को लेकर चप्पल मारने की बात कही जिसे शाहरुख ने अपने उपर समझ लिया और शुभम समेत उसके दो अन्य भाइयों से उलझ गया। कुछ समय बाद शाहरुख के साथ एक दर्जन लोग वहां पहुंचे और पत्थरबाजी करने लगे। जिसमें शुभम समेत कुछ महिलाओं को भी चोट आयी। पत्थरबाजी से पहले मोहल्ले की स्ट्रीट लाइट को आरोपियों ने बंद कर दिया था। पास में ही मिठाई के दुकान मालिक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि आरोपियों ने उनके दुकान का काउंटर तोड़ कर उसमें रखे सामान उठा ले गये।

रोटरी मण्डलाध्यक्ष डा. आशुतोष अग्रवाल का हुआ अभिनन्दन

वाराणसी। रोटरी क्लब बनारस, मिडटाउन, ईस्ट, एलीट, शिवगंगा व उदय की ओर से रविवार को सायं

सिद्धगिरी बाग स्थित होटल में वरिष्ठ चिकित्सक व पूर्व अध्यक्ष डा.आशुतोष अग्रवाल के रोटरी मण्डलाध्यक्ष 2025-26 निर्वाचित होने पर उनके सम्मान में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी के सभी 22 रोटरी क्लबों की ओर से डा. आशुतोष अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी डा. अनु अग्रवाल को अंगवस्त्रम, पुष्प गुच्छ व स्मृति-फलक देकर अभिनन्दन किया गया। समारोह के प्रारम्भ में स्वागत आशुतोष द्विवेदी ने, धन्यवाद रविशंकर सिंह ने तथा संचालन अजय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में मुख्य रुप से डा. नन्दलाल अग्रवाल, बी डी गुजराती, हरिमोहन शाह, वी एन सिंह, उत्तम अग्रवाल, वीरेन्द्र गुप्त, शशिकांत दीक्षित, आशुतोष द्विवेदी, रविशंकर सिंह, राजेश गुप्ता, आनन्द बर्मन, दीपक अस्थाना, अनिकेश गुप्ता, वीरेन्द्र कपूर, नीरज अग्रवाल, धर्मेन्द्र गोयल, सहित अनेक रोटेरियन्स शामिल थे।

कंपोस्टेबल कैरी बैग को दिया जाए बढ़ावा

बैठक

डीएम ने जिला उद्योगबंधु की मीटिंग में लंबित प्रकरणों के जल्द निबटारे का दिया भरोसा

जनसंदेश न्यूज

डीएम एस. राजलिंगम ने रविवार को कमिस्नरी अनुश्रवण कक्ष में जिला उद्योग बंधु की बैठक की

वाराणसी। डीएम एस. राजलिंगम ने रविवार को कमिश्नरी अनुश्रवण कक्ष में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं औद्योगिक इकाइयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सम्बंधी बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने टीम बनाकर अवैध ईंट भट्ठों के विरुद्ध कार्रवाई करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए कंपोस्टेबल कैरी बैग को बढ़ावा देने के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये।

इस मौके पर लोनिवि ने चांदपुर स्थित औद्योगिक आस्थान क्षेत्र के आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। मीटिंग में निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों में हाऊसिंग, कॉमर्शियल टैक्स, यूपीसीडा, ग्राउंड वॉटर आदि से जुड़ी लंबित शिकायतों पर ध्यान दिलाया गया।

इस पर जिलाधिकारी ने त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। वहीं, अपरेंटिस स्कीम और स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा हुई। ओडीओपी लोन स्कीम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के संबंध में भी चर्चा की गयी। बैठक में चांदपुर औद्योगिक आस्थान में नगर निगम की ओर से कंटेनर देने, पीएनजी की आपूर्ति कराने और औद्योगिक क्षेत्र करखियाव में संचालित बेसन प्लांट की स्टांप ड्यूटी में छूट का मुद्दा भी उठा गया। मीटिंग में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल भी थे।

701 कन्याओं का हुआ पूजन सत्कार कर पखारा पांव

वाराणसी। लंका दुर्गाकुंड रोड स्थित श्रीदेव मंदिर का रविवार को 15 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान बेटी बचाओ का संदेश भी गूंजा। राणी सती श्याम सेवा की ओर से वस्त्राभूषण व फूलों से देव विग्रहों की झांकी सजाई गई थी। भक्तों ने राणी सती सालासर हनुमान खाटू श्याम प्रभु को शीश नवाया। विधि विधान से पूजन अनुष्ठान किया। शिवजी का रुद्राभिषेक भूपेंद्र अग्रवाल विष्णुकांत अग्रवाल ने किया। तत्पश्चात देवी स्वरूप 701कन्याओं का पूजन सत्कार कर सदस्यों ने चरण पखारा गया। आरती उतारी और भोजन ग्रहण कराने के साथ स्कूल संबंधित कॉपी पेंसिल किताब टिफिन बॉक्स पानी का बोतल व दक्षिणा देकर विदाई दी। दोपहर में पायल अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने सूर में संगीत मय दादी का मंगल पाठ किया। शाम को सुर गंगा प्रवाहमान हुई और कोलकाता से आए भजन गायक श्याम अग्रवाल मोनू सुलतानिया समेत कलाकारों ने कीर्तन की प्रस्तुति की। तत्पश्चात कृष्ण भक्त नरसी मेहता की जीवन कथा पर आधारित नानी बाई मायरो का जीवन्त चरित्र कथा वाचिका यति किशोरी ने प्रस्तुत किया।

जिम के बाहर से बाइक चोरी

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के गिलट बाजार स्थित एक जिम के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। पांडेयपुर निवासी अमन सोनकर के अनुसार तीन फरवरी को शिवपुर गिलट बाजार स्थित जिम में आया था। जिम के बाद जब वह बाहर निकला तो देखा कि उसके बाइक चोरी हो गई थी।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
आवश्यकता
आवश्यकता है
जे0 एन0 एम0 कालेज फॉर एडवांस स्टडीज एण्ड टेक्नोलॉजी, खुशहाल नगर, सेक्टर ए, बड़ालालपुर, कैण्ट, वाराणसी। सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में यू0 जी0 सी0 के मानक अनुसार प्राचार्य एवं एम0 काम0 एवं एम0 एस0 सी0 वनस्पति विज्ञान तथा बी0 बी0 ए0 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 21 दिनों के अन्दर 03 फोटोग्राफ एवं समस्त प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय को प्रस्तुत करें।
प्रबंधक
मो0 नं0-8573993399

अभियान चलाकर दो गाड़ी समान किया जब्त, लगाया जुर्माना

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलया गया। इस दौरान बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किया। पूरे अभियान के दौरान लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर 17,000 रुपये जुमार्ना किया गया।

निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, यातायात पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार सिंहल और कैंट पुलिस चौकी प्रभारी आदित्य सिंह व पुलिस बल के सहयोग से नेहरू मार्केट से कैंट रेलवे स्टेशन के सामने मार्ग, रोडवेज बस स्टैंड, नेहरू मार्केट तक, मैदागिन से कालभैरव मंदिर मार्ग, लोहटिया से तेलिआबाग, चौकाघाट, मक्बूल आलम रोड होते हुए पुलिस लाइन चौराहा और सर्किट हाउस तक सड़क और पटरी खाली करवाया गया। अभियान के तहत सभी अवैध वेंडरों को मार्ग से हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया, साथ ही लावारिस हालत में रखे हुए ठेले और काउंटर जब्त किया गया। स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते जुमार्ना किया गया। स्टेशन के सामने सत्कार रेस्टोरेंट के आड़ में गली में गुमटी ठेला लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने पर अवैध रूप से लगाई गई जाली को ध्वस्त करवाया। जोनल अधिकारी दशाश्वमेघ जोन संजय तिवारी के उपस्थिति में सहायक पुलिस अयुक्त अवधेश कुमार पांडेय और पुलिस बल के सहयोग से गोदौलिया चौराहे से दशाश्वमेघ घाट मार्ग होते हुए घाट तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाते हुए तमाम दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवाकर बरामदा, सड़क और पटरी खाली करवाया गया। जोनल अधिकारी कोतवाली जोन संजय तिवारी के उपस्थिति में मैदागिन चौराहे से कालभैरव मार्ग होते हुए वापस मैदागिन चौराहे तक घोषणा कर सभी दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया, वहीं राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमपन पर सभी मार्गों पर भ्रमण कर घोषणा करते हुए सड़क और पटरी खाली करवाया गया।

दीवान समेत चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा

वाराणसी। आबकारी विभाग में तैनात दीवान उदय सिंह सहित चार के खिलाफ पुलिस कमिश्नर के आदेश पर भेलूपुर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के चंद्रावती निवासी नंदकिशोर जायसवाल शराब का कारोबार करते हैं। उनकी जान पहचान शराब की दुकान पर काम करने वाले अनिल जायसवाल, आफताब आलम तेजू के माध्यम से आबकारी विभाग में तैनात दीवान उदय सिंह से मुलाकात हुई। उदय सिंह मौजूदा समय में संत रविदास नगर में कार्यरत है।

आरोप है कि शराब के कारोबार में पैसा लगाने के नाम पर सभी ने मिलकर 20 लाख रुपए ले लिया। पैसा लेने के बाद सभी टालमटोल करने लगे और पैसे की मांग करने पर दीवान उदय सिंह चौकाघाट आबकारी कार्यालय के बाहर नंदकिशोर के भाई ओमप्रकाश के साथ गाली गलौज करते हुए पैसा भूल जाने के लिए कहा। मामला बजरडीहा चौकी क्षेत्र का होने के कारण भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

संघ प्रमुख के बयान के खिलाफ 'विरोध मार्च' निकालने की चेतावनी

बैठक

काशी के ब्राह्मण समाज ने की मोहन भागवत के बयान की निंदा, 19 को करेंगे पदयात्रा

जनसंदेश न्यूज

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान से खफा काशी के ब्राह्मण समाज से जुड़े संगठनों ने रविवार को संयुक्त बैठक की

वाराणसी। काशी ब्राहमण समाज के आह्वान पर रविवार को दुर्गाकुंड स्थित आनंद पार्क में ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक हुई। उसकी अध्यक्षता केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के संस्थापक अवकाश प्राप्त कर्नल रंजीत उपाध्याय ने की।

इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान से ब्राह्मण समाज स्वयं को अपमानित महसूस कर रहा है। काशी का ब्राह्मण समाज उनके बयान की निंदा करता है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान के खिलाफ आगामी 19 फरवरी को शाम पांच बजे दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ से लंका स्थित मालवीय प्रतिमा तक विरोध मार्च निकालने का निर्णय लिया गया।

मीटिंग में केदार तिवारी, दिनेश कुमार तिवारी, ओमप्रकाश ओझा, श्यामजी तिवारी, राजेश त्रिपाठी, आमोद दत्त शास्त्री, चेतन उपाध्याय, महेंद्र पांडेय, विजय उपाध्याय, नीलमणि पांडेय, रवि उपाध्याय, रोहित पांडेय, शांति भूषण मिश्र, आनंद चौबे, मनीष शर्मा आदि रहे। संचालन शीतला प्रसाद पांडेय ने किया।

वाराणसी गजब

उद्घोष 2023 में बच्चों की दिखी प्रतिभा, मोहा सबका मन

वार्षिकोत्सव

13 तबले, 18 पियानो, 19 ड्रम, 20 गिटार के सुमधुर संगीत के बीच 61 बच्चों का सूफी गायन

वाराणसी। सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर शाखा का रविवार को चतुर्थ वार्षिकोत्सव उद्घोष 2023 रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ।

ओलम्पिक पदक विजेता साक्षी मलिक विशिष्ट अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान सत्यवर्त कादियान, जैपुरिया स्कूल्स बनारस के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना विष्णु स्त्रोत के संगीतमय वाचन के साथ सामूहिक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में 950 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। भारत की गौरवगाथा पर भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 131 छात्रझछात्राओं द्वारा अनूठा सामूहिक गीत सुमरिन करो हरि नाम को प्रस्तुत किया। 13 तबले, 18 पियानो, 19 ड्रम, 20 गिटार के समधुर संगीत के बीच 61 बच्चो का सूफी गायन एक अद्भुत समां बंध गया। निदेशक मनोज कुमार बजाज व श्याम सुंदर बजाज ने सभी को शुभकामना दिया। बाबतपुर कैम्पस की प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने विद्यालय वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

'प्रत्येक एक से तीन माह पर बदल जाते हैं विद्युत मीटर'

गजब की चाल

संज्ञान में आने पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने कसे पेंच

कहा, डिस्कॉम कंपनियां ऐसे मामले की सख्ती से करें जांच

गड़बड़ी दूर करने को मीटर रीडरों के बिलिंग की हो क्रॉस चेकिंग

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। प्रदेश सरकार बिजली खपत के मुकाबले राजस्व की वसूली न होने काफी चिंतित है। बिजलीी खपत के सापेक्ष राजस्व वसूली के बाबत पिछले दिनों समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) महेश कुमार गुप्ता ने पाया कि तमाम ऐसे छोटे-बड़े उपभोक्ता है, जिनके विद्युत मीटर प्रत्येक एक से तीन माह के अंतराल पर बदल दिये जाते हैं। इसको उन्होंने गंभीरता से लिया और सभी डिस्कॉम कंपनियों के प्रबंध निदेशकों के पेंच कसते हुए इसकी सघनता से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) सूत्रों की मानें तो समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) ने पाया कि तमाम ऐसे उपभोक्ता है, जिनके विद्युत बराबर बदल दिये जाते हैं। मीटर बदलने के कई कारण बताये गये, लेकिन वे इस बाबत मिले उत्तर से संतुष्ट नजर नहीं आये।

अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) ने पाया कि तमाम उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके परिसर के विद्युत मीटर बराबर बदले जाने का मामला सामने आया है। इसके पीछे कुछ न कुछ खेल है। इस बात की जानकारी होते ही अपर मुख्य सचिव भड़क गए और इसकी गंभीरता से जांच कराने का निर्देश दिया। अपर मुख्य सचिव ने उपभोक्ताओं की शत-प्रतिशत केवाईसी न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उनको बताया गया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के समस्त क्षेत्रों में केवाईसी की उपलब्धि 91 से लेकर 94 प्रतिशत तक की ही है। इस पर

उन्होंने शत-प्रतिशत केवाईसी जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो अपर मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि तमाम बिलों के डाटा में एरर/रीडिंग एक्सेप्शन दिखाया गया है। इतना अधिक एरर/रीडिंग एक्सेप्शन आने का कोई सवाल ही उत्पन्न नहीं होता। इससे प्रतीत होता है कि कि समस्त मुख्य अभियंता (वितरण) की तरफ से पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय अथवा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय को सही सूचना प्रेषित नहीं की जा रही है। विद्युत कनेक्शनों का भौतिक निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि उपलब्ध कराए गए डाटा, जिन्हें एरर/रीडिंग एक्सेप्शन में डाला गया है, उनकी अपने मीटर रीडरों के माध्यम से बिलिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। बिलिंग करते समय यदि कोई एरर/रीडिंग एक्सेप्शन आता है तो अकाउंट वाइज डाटा स्क्रीनशॉट सहित डिस्कॉम मुख्यालय को प्रेषित किया जाएं। ताकि खामियों को दर कर उपभोक्ताओं को सही बिल मुहैया कराया जा सके। अपर मुख्य सचिव ने गड़बड़ियों को दूर करने को मीटर रीडरों के बिलिंग की क्रॉस चेकिंग भी करने को कहा। समीक्षा में यह बात छनकर सामने आयी कि डिफेक्टिव बिलों के सुधार में विभागीय अभियंताओं और कर्मचारियों की तरफ से लापरवाही बरती जा रही है।

फूल दिखाकर रोका स्वामी प्रसाद का काफिला, फिर फेंकी स्याही

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। रामचरित मानस की चौपाई पर विवादित बयान देने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर रविवार को स्याही फेंकी गई। साथ ही, विरोध स्वरूप उनकी गाड़ी पर काले कपड़े भी फेंके गए।

यह देख स्वामी प्रसाद का काफिला तेजी से आगे की ओर निकल गया। वाराणसी से सोनभद्र-मीरजापुर रोड स्थित टेंगड़ा मोड़ पर यह वाकया हुआ। हुआ यह कि स्वामी प्रसाद के स्वागत में कुछ युवा फूल-माला लेकर खड़े थे। स्वामी प्रसाद को लगा कि ये सभी उनके स्वागत में खड़े हैं। कार्यकर्ता समझ कर जब उनका काफिला रुका, तो उन्हें माला पहनाने की जगह उन पर स्याही फेंक दी गई। मगर, पुलिस कर्मियों के बीच-बचाव से स्याही स्वामी प्रसाद के बजाय उनकी कार पर पड़ी। युवाओं ने स्याही के साथ ही काले कपड़े भी स्वामी की कार पर फेंके। पुलिस की युवाओं से हल्की झड़प भी हुई। युवाओं ने उनकी गाड़ी को दौड़ाते हुए हर-हर महादेव और जयश्री राम के नारे भी लगाए।

स्वामीप्रसाद मौर्य का स्वागत करते पार्टीजन

काशी आगमन पर जोरदार स्वागत

वाराणसी। सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का शनिवार देर रात काशी आगमन हुआ। वे पहाड़िया स्थित एक होटल में रुके हुए थे। जहां रविवार को पहुंचे पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनको बुके देकर एवं माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, निवर्तमान जिला महासचिव आनंद मौर्य, वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार मौर्य, निवर्तमान जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, पूर्व विधायक उदय लाल मौर्या, अतहर जमाल लारी, पूजा यादव, उमेश प्रधान, इरशाद अहमद, हर्ष राजभर, लालमन राजभर, कपिल यादव, राकेश मौर्य आदि लोग शामिल थे।

आज शहर में चार घंटे रहेंगी राष्ट्रपति

वाराणसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को काशी आएंगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वह शहर में कुल मिलाकर लगभग चार घंटे रहेंगी। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी होंगे। राष्ट्रपति 13 फरवरी को अपराह्न लखनऊ से बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से होकर मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए जाएंगी। वह कालभैरव मंदिर में मत्था टेकने के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन करेंगी। उसके बाद दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद दिल्ली लौट जाएंगी।

कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं, मेहनत की आवश्यकता है : राजेश वर्मा

हरहुआ। स्थानीय क्षेत्र के बैजलपट्टी स्थित राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को विदाई समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सत्यनारायण भगवान की कथा एवं सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि राजेश वर्मा (पीसीएस) खंड विकास अधिकारी चिरईगांव ने कहा कि अपने निरंतर अध्ययन परीक्षा में दबाव महसूस ना करते हुए प्रश्नों को हल करना चाहिए।

कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है मेहनत की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि साक्षी राय नायब तहसीलदार पिंडरा ने कहा कि परिस्थितियों से समझौता नहीं करना चाहिए बल्कि उसका मुकाबला करना चाहिए। विद्यालय द्वारा छात्राओं को संस्कार युक्त शिक्षा एवं कौशल विकास की सराहना की। स्वागत भाषण में चंद्रमा सिंह महाविद्यालय के डॉ. विजय नारायण सिंह ने कहा कि छात्राओं के शिक्षित होने से दो परिवारों का संस्कार स्वत हो जाता है अध्यक्षी भाषण के रूप में विद्यालय के डायरेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि नारी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि स्त्रियां किसी क्षेत्र में कमजोर नहीं है प्रकृति प्रदत गुण उनके अंदर निहित होता है, एक साथ कई कार्य करने की दक्षता है।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. सीमा सिंह के अलावा जानवी शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, शेर बहादुर विश्वकर्मा, विनोद पांडेय, प्रेमा सिंह, विमल विश्वकर्मा, शिवाजी सिंह आदि ने विचार प्रकट किए।

डा. शशिभूषण ने लक्ष्मण आचार्य का किया स्वागत

डॉ. शशिभूषण ने किया लक्ष्मण आचार्य का स्वागत

वाराणसी। अत्यंत सरल एवं सहज व्यक्तित्व के धनी, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के उप नेता सदन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर मीडिया थीम एडवाईजिंग एजेंसी के प्रबंधक डॉ. शशिभूषण तिवारी ने उनके आवास पर मिलकर हार्दिक बधाई दी और अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

एमएलसी लक्ष्मण आचार्य सिक्किम के राज्यपाल

नया ओहदा

व्यक्तिगत, फोन एवं सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का लगा तांता

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम का नया राज्यपाल बनाया गया है। वो गंगा प्रसाद का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल सात फरवरी को समाप्त हो गया था। जैसे ही लक्ष्मण आचार्य को राज्यपाल बनाए जाने की खबर कार्यकर्ताओं व समर्थकों को मिली।

वैसे ही उनको व्यक्तिगत, फोन और सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। तमाम समर्थक और कार्यकर्ता उनके घर पहुंचे और उन्होंने मिठाई खिलाकर खुशी के लम्हों को एक-दूसरे से साझा किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम के राज्यपाल बनाए जाने पर प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', एमएलसी अशोक धवन, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, टी. राम, नीलरतन पटेल 'नीलू', महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, पूर्व महापौर मृदुला जायसवाल, नागेंद्र रघुवंशी, अशोक चौरसिया, प्रभारी नवरतन राठी, रविप्रकाश जायसवाल, शोभनाथ मौर्या, दवा व्यापारी नेता संजय सिंह, संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, अशोक पटेल, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, नम्रता चौरसिया, कुसुम पटेल आदि ने बधाई दी है। **रामनगर प्रतिनिधि** के अनुसार, रविवार को जैसे ही एमएलसी लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाये जाने की जानकारी लोगों को मिली, समूचा रामनगर खुशियों से झूम उठा और मोहताज खाना-रामनगर स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का हूजूम उमड़ पड़ा। बधाई देने वालों का तांता सुबह से लेकर देर रात तक लगा रहा। बधाई देने वालों में ई. अशोक सिंह, शैलेंद्र किशोर पांडेय, संतोष द्विवेदी, सतेंद्र सिंह पिंटू, अजय प्रताप सिंह, अशोक जायसवाल, अनुपम गुप्ता, रितेश पाल गौतम, सृजन श्रीवास्तव, बबलू साहनी, संतोष शर्मा, मनोज यादव, विशाल जायसवाल, राजेंद्र शंकर पटेल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

आचार्य को बधाई देते समर्थक

तेज हवा से मिली राहत

गरमी बढ़ने लगी

पछुआ हवा ने रात में कराया ठंड का एहसास

पारा 30 डिग्री के पार,छह साल का कीर्तिमान टूटा

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। वाराणसी समेत आसपास के जिलों में फरवरी के पहले पखवाड़े में ही गर्मी तपने लगी है। हालांकि रविवार को तेज हवा के चलते ठंड ने वापसी का मन दिखाया। लेकिन उत्तर-पश्चिमी हवा की वजह से दिन और रात के तापमान में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार वृद्धि देखी गई। दिन में तेज धूप के साथ रात में भी गर्मी महसूस होने लगी है।

शनिवार को अधिकतम तापमान जहां 30.2 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 13.1 रिकॉर्ड किया गया। लेकिन रविवार को तापमान में कमी आई क्योंकि तेज हवा ने तपिश का प्रभाव कम कर दिया। रविवार की रात तरी बढ़ गई थी।वैसे शनिवार के तापमान ने इस सीजन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी पिछले छह साल में सबसे अधिक रहा। आम तौर पर फरवरी के महीने में हल्की ठंड रहती है। लेकिन शनिवार को दोपहर धूप अन्य दिनों की तुलना में अधिक रही। तापमान के 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का ही असर था कि शाम को भी गर्मी का अहसास होने लगा। तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक और न्यूनतम तापमान भी औसत से दो डिग्री अधिक रहा।

होली पर चलेंगी स्पेशल बसें

वाराणसी। होली पर घर जाने वालों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग ने बड़ी राहत दी है। हर मार्ग पर स्पेशल बसें संचालित की जायेंगी। होली पर ट्रेनों में वेटिंग की लंबी फेहरिस्त होने के चलते लोगों की यात्रा कष्टदायक हो जाती है, ऐसे में ट्रेनों के कंफर्म टिकट के लिए दलाल मोटी रकम यात्रियों से वसूल लेते हैं। लोगों के लिए बस ही एक अंतिम सहारा बचता है लेकिन रुटीन बसें भी पूरी तरह से भरी होने से यात्रा कष्टदायक होता है। लेकिन इस बार परिवहन निगम की ओर से वाराणसी परिक्षेत्र के सभी मार्गों पर स्पेशल बसें चलायी जायेंगी। लखनऊ-गोरखपुर की मांग ज्यादा: वाराणसी से संचालित बसों में गोरखपुर व लखनऊ के लिए यात्रियों की संख्या ज्यादा है, इस मार्ग पर अतिरिक्त बसों की संख्या अधिक की जा सकती है। साधाराण के अलावा जनरथ जैसी बसें भी स्पेशल बस की श्रेणी में संचालित किये जाने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है। वाराणसी रोडवेज से जुड़े सूत्रों की मानें तो प्रयागराज कानपुर सहित अन्य मार्ग पर स्पेशल बसों में एसी की संख्या बढ़ायी जा सकती है।

सफर में ले सकेंगे इडली डोसा का स्वाद

बढ़ी सुविधा

रेलवे ने नये मेन्यू में बढ़ायी लजीज व्यवंजनों की सूची

पूड़ी सब्जी के अलावा इडली डोसा बर्गर सहित पिज्जा भी

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। रेल में लंबे सफर के दौरान अगर आप रोटी, पूड़ी सब्जी खाकर उब चुकें हैं तो मायूस होने की जरुरत नहीं चलती ट्रेन में ही अब आपकों डोसा, बर्गर, पिज्जा सहित इडली भी परोसा जायेगा,इसके लिए बस आपको पैंट्री संचालक तक अपनी इच्छा जाहिर करनी होगी।

ट्रेन में अब रोटी व पूड़ी ही नहीं डोसा, बर्गर और ढोकला जैसे व्यंजन के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आइआरसी टीसी) ने अपने मैन्यू लिस्ट में बढ़ोतरी की है। कुछ व्यंजन की कीमत भी बढ़ाई गई है।

तीन रुपये में मिलने वाली अतिरिक्त रोटी अब10 रुपये में मिलेगी। नई व्यवस्था लागू कर दिया गया है।

पैंट्रीकार आईआरसीटीसी की जिम्मेदारी

रेलवे स्टेशन के फूड प्लाजा व चलती ट्रेन की पेंट्रीकार की व्यवस्था आईआरसीटीसी के जिम्मे होती है। उसके द्वारा ही कीमत निर्धारित की जाती हैं, जबकि प्लेटफार्म के स्टाल पर बिकने वाला पैकेट बंद खाने की कीमत जोन मुख्यालय से निर्धारित होती हैं। आईआरसीटीसी ने 70 व्यंजनों की सूची जारी कर कीमत निर्धारित की है।

ये है मेन्यू

ट्रेन में अब बर्गर (50 रुपये), ढोकला (सौ ग्राम 30 रुपये, पनीर पकौड़ा (25 रुपये का एक), आलू बड़ा (10 रुपये), आलू चाप (20 रुपये), मसाला डोसा (50 रुपये), गुलाब जामुन (20 रुपये)भी मिलेंगे। इसके अलावा ट्रेन में पहले पेंट्रीकार से अलग से रोटी लेने पर तीन रुपये देने होते थे, अब 10 रुपये की एक रोटी मिलेगी। समोसा आठ रुपये के बजाय 10 रुपये का मिलेगा। सेंडविच की कीमत 15 से बढ़ाकर 25 रुपये और ब्रेड पकौड़ा की कीमत 10 से बढ़ाकर 15 रुपये कर दी गई है, खाने की सूची पेंट्रीकार व कोच में चस्पा करने का आदेश है। इसमें व्यंजन की कीमत का उल्लेख भी होगा।

एनडीडीबी के वैज्ञानिक करेंगे एंब्रियो ट्रांसप्लांट

गंगातीरी गाय निकट के जिलों से और साहिवाल लखनऊ से आयात कर सेरोगेट काऊ पर होगा काम

मुआयना

गुजरात विधानसभा अध्यक्ष और अमूल के एमडी ने किया शहंशाहपुर गौशाला का दौरा

नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साइंटिस्ट की सुविधा को स्थापित होगा लैब, 20 दिन में देंगे प्रपोजल

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी। जिले में सेरोगेट काऊ उत्पन्न करने के लिए चल रही कवायद में यदि यहां गंगातीरी प्रजाति के उपयुक्त गोवंश नहीं मिले तो उन्हें आसपास के अन्य जनपदों से आयात करेंगे। जबकि साहिवाल गाय लखनऊ से लाए जाएंगे। एंब्रियो ट्रांसफर सिस्टम की यह प्रक्रिया नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के वैज्ञानिकों की देखरेख में होगा। इसके लिए शहंशाहपुर में प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी।

सेरोगेट काऊ पैदा करने की दिशा में चल रहे प्रयासों के तहत रविवार को गुजराज विधिानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी और अमूल के महाप्रबंधक संग्राम सिंह ने शहंशाहपुर का दौरा किया। उनके साथ मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल समेत अन्य अधिकारी थे। उन्होंने शहंशाहपुर में गौशाला में रखी गई गंगातीरी गायों को देखा।

एंब्रियो ट्रांसफर का कार्य गंगातीरी गायों पर किया जाना है। उसके लिए ऐसी गायों को चयनित किया जाएगा जो कम से कम 12 से 13 लीटर तक दूध दे। यदि यहां उपलब्ध गंगातीरी गाएं मानक के अनुरूप स्वस्थ नहीं पायी गई और तय मात्रा में वह दूध नहीं दे रही हैं, उस स्थिति में आसपास के जिलों से गंगातीरी गायों को यहां लाया जाएगा। दूसरी ओर, साहिवाल गाय लखनऊ ने आयात करेंगे।

निरीक्षण के दौरान सुझाव दिया गया कि बलिया में निर्धारित स्वास्थ्य मानक के अनुसार गंगातीरी गायें उपलब्ध हैं। बलिया समेत चंदौली व अन्य जनपदों से इन गायों को आयात करने के बाद एंब्रियो ट्रांसफर सिस्टम की दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह प्रक्रिया अमूल कंपनी की निगरानी में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड यानि एनडीडीबी के साइंटिस्ट अमली जामा पहनाएंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अगले 20 दिन के भीतर संबंधित प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये गये हैं।

बीते शनिवार को भी अमूल के एमडी संग्राम सिंह ने इसी उद्देश्य से शहंशाहपुर सहित रामेश्वर, बावनबीघा और सजोई स्थित गौशालाओं का जायजा लिया था।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आरपी मौर्य मलेशिया आमंत्रित

मिला विश्वमंच

अंतरराष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगे छह शोध पत्र

वाराणसी। क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बीएचयू के एसोसिएट प्रोफेसर एवं नेत्र कैंसर, चोट व आकुलोप्लास्टि यूनिट के प्रभारी डॉ. आरपी मौर्य को 22 से 26 फरवरी तक मलेशिया के कुलालमपुर कंवेंशन सेन्टर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। 38वें एशिया पेसफिक एकेडेमी आफ आफ्थैल्मोलाजी कांग्रेस में विभिन्न देशों के लगभग 5000 प्रतिभागी भाग लेंगे।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आरपी मौर्य इस सम्मेलन में कुछ छह शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्हें बतौर इन्वाईटेड इन्टरनेशनल फैकल्टी (आमन्त्रित अंतरराष्ट्रीय प्राध्यापक) एवं इन्स्ट्रक्टर (प्रशिक्षक) के रूप में आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में डॉ. मौर्य आकुलोप्लास्टी विडियो सिम्पोजियम (संगोष्ठी) में आईलीड ट्यूमर रिमुवलः सिम्पलीफाईड (अर्थ-पलको के कैन्सर का आसान ईलाज) विषय पर तथा नेत्र चोट सम्बन्धित एपोट्स सिम्पोजियम में कम्बाईन्ड ग्लोब एण्ड एडनेक्सल इन्जरिज (अर्थ-नेत्र गोलक एवं नेत्रगुहा व पलको का सम्लीत चोट) विषय पर व्याख्यान देंगे। इसके अलावा वे एक इन्स्ट्रक्शन कोर्स में बतौर इन्स्ट्रक्टर सभी प्रतिभागियों को मैनेजमेन्ट ऑफ कन्जनाइटल एनोमेलीज विषय पर प्रशिक्षित करेंगे। इसके अलावा वे शीरम वैसकुलर इंडोथेलियम ग्रोथ फैक्टर कैन वीए प्रोग्नोस्टिक बायोमार्कर इन आकुलर मैलिगनेंसीज, चैलेन्जेज इन मैनेजमेन्ट ऑफ रेयर केश ऑफ आर्बिटल सिस्ट आदि विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पहली बार विभाग की किसी जूनियर चिकित्सक डॉ. आशा को बतौर प्रथम प्रस्तोता अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने की स्वीकृति मिली है।

संक्षेप

हेल्थ कैंप में दी मुफ्त सलाह व दवा

वाराणसी। नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड पोस्ट नंबर एक और मीरा फाउंडेशन ने रविवार को संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर दर्जनों लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यक दवा बांटी गयी। दंत चिकित्सक डॉ. पीयूष पांडेय ने बच्चों के दांतों की सुरक्षा के उपाय बताए। बालरोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कुमार गुप्ता एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश राय ने जरूरी सलाह दी। शिविर में संजय कुमार राय, विजय कुमार 'टाटा', पुर्णेंदु हालदार, सोनम प्रसाद, अमरनाथ विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, अयन बोस, निजामुद्दीन, दीपशिखा, अजय कनौजिया, तीर्थराज सिंह, प्रमिला देवी, शाजिया, अरविंद कुमार, शाइंदा हसीब आदि की उपस्थिति रही।

भारतीय रसायन शास्त्र पर मंथन को जुटेंगे विज्ञानी

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के गोपाल त्रिपाठी सभागार में एआईसीटीई की ओर से दो दिनी 'धाराः भारतीय ज्ञान प्रणाली के लिए एक स्तोत्र' विषयक कार्यक्रम सोमवार को आरंभ होगा। भारत में रसायन और भौतिक विज्ञान की समृद्ध विरासत पर केंद्रित इस आयोजन में संस्कृति मंत्रालय का सहयोग है। सम्मेलन में भारतीय रसायन शास्त्र 2047 पर चर्चा होगी। साथ ही प्राचीन से वर्तमान तक के इस ज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल करेंगे। संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. वी. रामनाथन ने यह जानकारी दी।

परमात्मा की कृपा के सच की परख संभव

वाराणसी। बीएचयू के मालवीय भवन में रविवासरीय गीता प्रवचन कार्यक्रम में प्रो. शरदिंदु कुमार त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्य की परख परमात्मा की कृपा से ही संभव है। मनुष्य मात्र के लिए गीता का ज्ञान सहायक है। अपने भीतर का चैतन्य परमात्मा होने का बोध ही मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाता है। जीवन के सूत्र सत, रज, तम हैं। इन गुणों पर ही जीवन की गाथा अवलंबित है। कार्यक्रम में प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रो. सुमन जैन, प्रो. रुद्रप्रकाश मलिक प्रो. मृत्युंजय देव पांडेय, विष्णुकांत, कृष्ण प्रकाश शर्मा, शुभम उपाध्याय आदि भी रहे।

बड़ालालपुर में जर्मनी व भारतीय कलाकारों की प्रस्तुति

वाराणसी। दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, वाराणसी में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में नेकरगंगा ग्रुप (जर्मनी एवं भारत के कलाकार) ने वाद्यवृंद की प्रस्तुति की। जिसमें कई प्रस्तुतियां सम्पन्न हुई। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा। कार्यक्रम का संचालन अंजना झा ने किया।

नशा मुक्ति के लिए निकाली जनचेतना रैली

रोहनिया। सतगुरु रामपाल महाराज के आह्वान पर सत साहेब के सैकड़ों अनुयायियों ने रविवार को तहसील राजातालाब से नशा मुक्ति के खिलाफ जनचेतना रैली निकाली। साथ ही नशे से होने वाले हानि के बारे में लोगों को जहाँ जागरूक किया। तहसील राजातालाब से मोहनसराय गंगापुर होते हुए नहर पुलिया बीरभानपुर से होकर लगभग सात किलोमीटर दूरी तय करते हुए नशा मुक्ति जनचेतना रैली जंगीराम दास जिला सेवादार के नेतृत्व में निकाली गई जो तहसील राजातालाब पर आकर समाप्त हुई। रैली में प्रमुख रूप से जंगीराम दास जिला सेवादार, नरेन्द्र दास सोशल मीडिया एवं जिला सेवादार, राजकुमार दास, विंध्याचल दास, बद्री दास, आनंद दास, अवध दास, अबंरिष दास, सुबास दास एवं बलराम दास समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

अस्सी घाट पर शुभा का गायन

वाराणसी। अस्सी घाट पर गतिमान नियमित आयोजन सुबह-ए-बनारस का आध्यात्मिक सांस्कृतिक संकल्प रविवार को प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक मंत्रोचारण से प्रारंभ हुआ। सप्त आरती और यज्ञ के उपरांत प्रभाती कार्यक्रम में अमेरिका से पधारी वरिष्ठ कलाकार श्रीमती शुभा वर्मा का गायन हुआ। उनके साथ पं किशोर मिश्र (तबला) एवं अंकित कुमार मिश्र (सारंगी) पंकज मिश्र (हारमोनियम) पर संगत की। श्रीमती शुभा ने गायन का आरंभ किया राग अहीर भैरव में विलंबित एकताल में निबद्ध बंदिश से किया। बोल थे- आ रसिया म्हारा। उसके उपरांत द्रुत तीनताल में निबद्ध बंदिश सुनाकर रससिक्त किया। बोल थे- आज तो आनंद आनंद। अंत मे साथ में भजन से समापन किया। बोल थे हरि जीवन। कलाकार को प्रमाणपत्र किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो सरोज चूड़ामणी गोपाल शिक्षाविद बी.के. मिश्र ने प्रदान किया।

सम्मेलन के लिए फिजी रवाना हुए प्रो. राममोहन

वाराणसी। फीजी में 15 से 17 तक आयोजित होने वाले विश्व हिन्दी सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रविवार को प्रो. राममोहन पाठक फीजी के लिए रवाना हुए। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान के पूर्व निदेशक, पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी रहे प्रो. राममोहन पाठक फीजी में आयोजित होने वाले 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भारत सरकार द्वारा नामित किए गए हैं। विश्व हिन्दी सम्मेलन के नोडल मंत्रालय-विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फीजी सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सुदूर फीजी देश के तटीय नांदी नगर में आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन के 'मीडिया और हिन्दी का विश्वबोध' विषयक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे। बता दें कि प्रोफेसर पाठक दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, चेन्नई तथा नेहरू ग्राम भारती डीम्ड यूनिवर्सिटी प्रयागराज के कुलपति रहे हैं।

यज्ञकर्म से होती है पर्यावरण की शुद्धि

नौ दिवसीय चंडी महायज्ञ का आयोजन

वाराणसी। आदिशक्ति मां कुष्मांडा, दुर्गाकुंड दरबार में चल रहे नौ दिवसीय 22वां चंडी महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को यज्ञशाला में वैदिक मंत्रों द्वारा अरणी मंथन कर अग्निदेव को प्रकट किया गया। यज्ञाचार्य एवं महंत पं रमेश महाराज एवं वैदिक विद्वानों द्वारा वेदिका पूजन स्वस्तिवाचन नवग्रह पूजन के बाद मंत्रों द्वारा मंथन कर काष्ठ घर्षण से अरणी मंथन किया। अग्निदेव की प्राप्ति के बाद सभी देवताओं का आह्वान किया गया। दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से हवन कुंड में अग्नि देव को आहुतियां डाली गई। सायं में राम कथा में पं कपिल देव मिश्र ने नैतिक मूल्यों व आदर्शों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रवि गुप्ता, नारायण नेलुरी निशांत कुमार जनार्दन प्रसाद, संजय अग्रहरी अरविंद पाठक नीरज उपाध्याय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने निकाली रैली

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में रविवार को प्रातःकाल प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के गोदौलिया, रामापुरा शाखा से पैदल रैली निकाली गई।

रैली गिरजाघर, दशाशवमेध, अहिल्याबाई, मुंशी घाट, हाथीफाटक, पांडेयघाट, गंगा महल, चौकीघाट, सोनारपुरा, बागहाड़ा, शिवाला से फिर वापस सोनारपुर, फरीदपुरा, पांडेयहवेली, मदनपुरा, गणेश महाल, जंगमबाड़ी, गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए रामापुरा सेंटर पर समाप्त हुई। रैली में लगभग 50 से 60 भाई बहनें शामिल थीं। सभी ने बढ़ चढ़ कर लोगों को ईश्वरीय संदेश दिया। उन्होंने राजयोग के माध्यम से कैसे जीवन में सच्ची सुख-शान्ति प्राप्त हो सकती है इसका सन्देश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य आयोजक बीके दुर्गा बहन, बीके सम्पत भाई, बीके अम्बिका बहन के अलावा बीके पूनम बहन, बीके नीतू बहन, बीके शिवराम भाई, बीके ओमप्रकाश भाई, समेत ब्रह्माकुमारी परिवार के काफी लोग शामिल थे।

रोजी रोजगार में बरकत के लिए घर-घर होगी दुआखानी

वाराणसी। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हजरत अली समिति के सचिव हाजी सैयद फरमान हैदर करबलाई ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी कुंडे का पवित्र पर्व 14 फरवरी यानी 22 रजब को मंगलवार को पूरी अकीदत के साथ देश और दुनिया के साथ शहर बनारस में भी मनाया जाएगा। यह वह दिन होता है जब लोग मीठी टिकिया खीर आदि बनाकर अपने रोजी-रोजगार की बरकत के लिए और देश में खुशहाली के लिए फातिहा दिलाते हैं और दुआओं के लिए हाथ उठाते हैं। श्री हैदर ने बताया कि 14 फरवरी को प्रातः काल सुबह की नमाज के बाद से ही कुंडे की फातिहा का सिलसिला शुरू हो जाएगा कुछ स्थानों पर या सिलसिला 13 फरवरी की रात से ही पूर्व संध्या पर हो जाएगा। सुबह नमाज के बाद दुवाखानी और फातिहा के साथ कुंडे का पर्व शुरू होता है। बताया कि इस बार विशेष दुआखानी सीरिया तुरकिया और इराक जैसे मुल्कों में भूकंप से मरने वालों की आत्मा की शांति के लिए दुआएं का आयोजन किया जाएगा।

आक्रमणों के बीच भक्ति आन्दोलन साहित्य का निर्माण

जनसंदेश न्यूज

बोले दिनेश मानसेरा

रूद्राक्ष में काशी शब्दोत्सव का तीसरा दिन

वाराणसी। काशी शब्दोत्सव समारोह में तीसरे दिन रविवार को भारतीय हिंदू सम्राट और अखंड भारत चर्चा सत्र में बोलते हुए उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री मीडिया सलाहकार दिनेश मानसेरा ने कहा कि भक्ति आंदोलन में हमारे कवियों ने हजारों आधारभूत पुस्तके लिखी।

इन आक्रांताओं के आक्रमण के दौरान भक्ति आन्दोलन का सम्पूर्ण साहित्य लिखा गया। भक्ति साहित्य ने देश में आत्मबल बढाया जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई तथा पूरा देश में भक्ति की परंपरा चली। विशिष्ट अतिथि व योग प्रशिक्षक सुश्री अमी गनत्र ने कहा कि अखंड भारत की परिकल्पना हम काबुल से कश्मीर तक करते थे। आज के परिवेश में अखण्ड भारत को समझना लोगों के लिए बहुत जरूरी है।

मुख्य वक्ता स्कूल ऑफ संस्कृत एण्ड इंडिक स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो रामनाथ झा ने कहा कि अखंड भारत की यदि चर्चा होती है तो आदि शंकराचार्य के बात अवश्य होनी चाहिए क्योंकि उन्होंने भारत को ज्ञान और भौगोलिक दृष्टि से नापा जिसे आज वृहत्तर भारत कहते है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि अनादि काल से जो ज्ञान के परंपरा प्रवाहित हो रही है, जिसमें नए विद्वतजन नवाचार करते आए है।

कहा कि संस्कृति, भूमि और जन से ही राष्ट्र बनता है। संचालन डॉ अमित उपाध्याय ने किया। द्वितीय सत्र में सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक संदीप भूतोड़िया ने वसुधैव कुटुंबकम और भारतीय मूल्य पर चर्चा करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की धारणा यह बताता है कि भारत में जनतंत्र की धारणा पहले से है।

डीओएम पर कार्रवाई की उठी मांग

जनसंदेश न्यूज

बैठक

ऑल इंडिया कंट्रोलर एसोसिएशन की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में शनिवार को डीओएम के द्वारा चीफ कंट्रोलर के साथ किये गये दुर्व्यवहार के विरोध में रविवार को ऑल इंडिया कंट्रोलर एसोसिएशन ने बैठक कर डीओएम के खिलाफ निदां प्रस्ताव पारित कर उन्हें वाराणसी मंडल से जल्द से जल्द हटाने की मांग की।

वाराणसी मंडल के भारतेन्दु सभागार में आयोजित बैठक में सात जोन व 18 मंडल के लगभग 70 से अधिक ट्रेन कंट्रोलरों ने हिस्सा लिया। सभी ने शनिवार को चीफ कंट्रोलर के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में डीओएम के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर उन्हें जल्द से जल्द वाराणसी मंडल से हटाने की मांग की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय तक इसकी लिखित शिकायत करने के साथ ही गोरखपुर मुख्यालय भी लिखित शिकायत करेंगे। ऑल इंडिया कंट्रोलर एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि किसी भी ट्रेन कंट्रोल विभाग कार्य के प्रति हमेशा संजीदा रहता है, बावजूद इसके अगर अधिकारियों की ओर से दुर्व्यवहार किया जाए तो यह उसके मौलिक अधिकार भी हनन है।

बताया कि काम के बदले दुर्व्यवहार को कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बताया कि इस संदर्भ में एसोसिएशन के बैनर तले मंडल रेल प्रबंधक से भी मुलाकात लिखित शिकायत की जायेगी। बैठक में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह, सेकेट्री जनरल चंदन चतुर्वेदी, ज्वाइंट सेकेट्री एचएस राउत, संगठन सचिव नसीर अहमद, ए.के. पांडेय सहित अन्य कंट्रोलर उपस्थित रहे।

आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी की दी जानकारी

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिनी 'बायोटेक्नोलॉजी में नए क्षितिज की खोज' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और बायोटेक्नोलॉजिकल इनोवेशन में हालिया प्रगति विषय पर अंतिम दिन रविवार को संगोष्ठी हुई। आयोजन में कुल मिलाकर 65 वक्ताओं और विषय से जुड़े विवि के पूर्व छात्रों सहित 450 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। 200 से अधिक पोस्टर प्रस्तुत हुए। एनआईआई नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. अमूल्य ने सेलुलर इंजीनियरिंग में प्राकृतिक प्रतिरक्षा बूस्टर के लिए सावधानी संग नये बदलाव पेश किये जाने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के बारे में बताया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य के लिए ऊतक इंजीनियरिंग के उपकरणों के उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में संयोजक प्रो. पी. शुक्ल, प्रो. अनिल, आयोजन सचिव डॉ. अंबुज के. कुशवाहा आदि ने भी विचार व्यक्त किया। सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, मलेशिया के वैज्ञानिकों की भी भागीदारी थी।

हज फॉर्म भरने के लिए केंद्र तय

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश हज सेवा समिति के सभी हज खिदमतगारों की बैठक समिति के अध्यक्ष हाजी वसीम अहमद की अध्यक्षता में बजरडीहा क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में विशेष रूप से मौजूद सेण्ट्रल हज कमेटी, भारत सरकार के पूर्व सदस्य एवं मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने समिति के सभी मौजूद खिदमतगारों से अपील करते हुए कहा कि 10 फरवरी से हज 2023 का आवेदन कार्य शुरू हो गया है। जो 100% ऑनलाइन है इस बार आवेदक को फॉर्म के साथ पासपोर्ट के पहले और आखिरी पेज की स्कैन की हुई कॉपी, जिसका समय 3 फरवरी 2024से पहले समाप्त नहीं होना चाहिए, आधार कार्ड, कैंसिल चेक, सफेद बैकग्राऊंड की फोटो और इस बार निशुल्क हज फार्म भरें जायेंगे।

आवेदक अपना मोबाइल नम्बर आपने पास रखे। समिति के अध्यक्ष हाजी वसीम अहमद ने सभी मौजूद खिदमतगारों से कहा कि उत्तर प्रदेश हज सेवा समिति पूरी तैयारी से हाजियों की खिदमत में लगेगी। समिति के महासचिव हाजी मोहम्मद इमरान ने बताया कि अंधरापुल, सरैंया, नई सड़क, गौरीगंज, लल्लापुरा, बजरडीहा, रामनगर, लोहता समेत वाराणसी में कई जगहों पर फॉर्म भरे जाएंगे और हज आवेदक की पूरी तरह से निःशुल्क मदद की जाएगी।

महर्षि दयानंद की मनी 200वीं जयंती

वाराणसी। महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती के दो वर्षीय कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को आर्य समाज भोजूबीर में बड़े उत्साह पूर्वक प्रारंभ हुआ। पठानकोट से पधारे स्वामी ब्रह्मलीन सरस्वती के ब्रह्मत्व में यज्ञ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी जी ने अपने प्रवचन में कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती वेद का मार्ग बताकर संसार का बहुत बड़ा उपकार किया। क्योंकि वेद ईश्वर की वाणी है, ईश्वर ही सृष्टि का आदि गुरु है। वेद के ज्ञान द्वारा ही मनुष्य जाति में संस्कार सभ्यता व ज्ञान विज्ञान का प्रथम विकास हुआ है। महर्षि दयानंद वेद को सत्य विद्याओं का पुस्तक मानते थे। उन्होंने वेद को आधार मानकर आर्य समाज की स्थापना की थी। जिससे संसार वेदों की ओर लौटे। प्रमोद आर्य 'आर्षेय' ने अध्यक्षीय व्याख्यान में कहा कि महर्षि दयानंद ने आर्य समाज को राष्ट्रवाद एवं अध्यात्मवाद की वैदिक विचारधारा पर स्थापित किया था। रमेश आर्य तथा राजकुमार आर्य ने महर्षि दयानंद के जीवन पर गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन आचार्य सुमित तथा आभार संजय बरनवाल ने किया। इस साल महर्षि की 200वीं जयंती पर दो वर्षीय कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली में पीएम मोदी की ओर से रविवार को किया गया। इसके बाद देश भर में दो सालों तक महर्षि की जयंती के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

पुराने वाहनों के संचालन पर पाबंदी समाप्त

वाराणसी। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) की ओर से वाहनों पर लगायी गयी रोक को समाप्त करते हुए दस साल पुराने डीजल व 15 साल पुराने पेट्रोल के वाहनों को संचालन की अनुमति दे दी गयी है। संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से बताया गया कि इस एनजीटी के निर्देशानुसार अब 10 साल पुराने डीजल व 15 साल पुराने पेट्रोल की गाड़ियों का संचालन किया जा सकता है, इसके लिए संभागीय परिवहन कार्यालय में पांच हजार रुपये फीस के साथ वाहन की आरसी की नवीनीकरण कराया जा सकता है। बताया गया है कि पांच हजार रुपये फीस के साथ 10 साल पुरानी डीजल व 15 साल पुरानी पेट्रोल के वाहनों को सड़कों पर संचालित करने पर अब कोई जुर्माना नहीं देना होगा। हां प्रदूषण की जो मानक है उसे अमल करना होगा।

लाइव पोट्रेट विधा खत्म हो रही है : प्रो. त्यागी

संबोधन

पोट्रेट प्रतियोगिता के ग्रांट फिनाले में अद्वैत नादावेकर को ट्रॉफी से नवाजा

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में रविवार को पोट्रेट आर्टिस्ट ग्रुप मुंबई एवं ललित कला विभाग की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक पोट्रेट प्रतियोगिता का ग्रांट फिनाले एवं ट्रॉफी से अद्वैत नादावेकर को नवाजा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि पोट्रेट विधा कला महाविद्यालय में धीरे-धीरे खत्म हो रही है, लेकिन पोट्रेट आर्ट सोसाइटी मुंबई द्वारा जीवित किया जा रहा है, वह काबिले तारीफ है। बिलुप्त हो रहे पोट्रेट विधा की पढ़ाई के लिए काशी विद्यापीठ के द्वारा भी पहल किए जा रहे हैं, इसके विकास के लिए हम लोग विद्या परिषद एवं कार्य परिषद की बैठक में भी चर्चा करेंगे। कहा कि पोर्ट्रेट विधा मुगल काल एवं राज दरबारों मैं स्मृति के रूप में चित्र बनाकर रखी जाती थी।

लाइव पोट्रेट विधा फोटोग्राफी चलचित्र के कारण धीरे-धीरे खत्म हो रही है। जो चिंता का विषय है।

प्रो. एस प्रणाम सिंह ने भी विलुप्त हो रही है पोट्रेट विधा को जिंदा करने पर जोर दिया। पोट्रेट आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा आठ वरिष्ठ कलाकारों का समागम हुआ, जिसमें विजय आरचेकर ने लाइव पोट्रेट द्वारा रंगों का समावेश काफी प्रभावशाली देखने को मिला। उन्होंने रंगों को नाईफ द्वारा सीधे कैनवास पर बिखेर कर अभिव्यक्ति को साकार किया। उन्होंने कहीं-कहीं ब्रश से भी मोटे मोटे रंगों का प्रयोग किया है। इस ग्रुप के वाराणसी के प्रसिद्ध कलाकार प्रो. एस प्रणाम सिंह के पोट्रेट चित्रों में रंगों में ड्रैमेटिक प्रभाव लिए हुए दिखाई दे रहा था। इनके चित्रों में रंगों का मिश्रण प्रभावशाली है। वासुदेव कामत ने ड्राइ पेस्टल द्वारा पोट्रेट में नई तकनीक द्वारा जान फूंकने का कार्य किया है, जो काबिले तारीफ है।

गायत्री मेहता, स्नेहल पागे ने भी ड्राई पेस्टल द्वारा नई तकनीक द्वारा पोट्रेट बनाया। संचालन गायत्री मेहता व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर वासुदेव कामत, विजय आर्चेकर, मनोज साकले, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. सुनील कुमार कुशवाहा, डॉ. शशिकांत नाग आदि लोग उपस्थित रहे।

नंदलाल को नहीं मिला न्याय तो होगा बलिया बंद

मशाल जुलूस निकालते व्यापारी

जनसंदेश न्यूज

बोले अरविंद गांधी

व्यापारियों ने मांगों के समर्थन में निकाला मशाल जुलूस

बलिया। गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा परिवार को न्याय दिलाने के लिए संयुक्त व्यापार मंडल के तत्वावधान में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस शहीद पार्क चौक बलिया से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन, विशुनीपुर चौराहा, ओक्डेनगंज चौराहा, टाउन हाल, कासिम बाजार होते हुए चौक में पहुंच कर समाप्त हो गया।

जुलूस के दौरान सभी लोग नंदलाल गुप्ता को न्याय दो-न्याय दो, नंदलाल गुप्ता के परिवार को नौकरी दो, मुआवजा दो, आरोपियों पर बुलडोजर कब चलेगा आदि नारा लगा रहे थे। तत्पश्चात शहीद पार्क में बैठक हुआ। अरविंद गांधी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि यदि हमारी मांगे जल्द से जल्द पूरी नहीं होती है तो बलिया बंद का आवाहन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस घटना से पूरा व्यापारी समाज आक्रोशित और मर्माहत है। उसके बावजूद भी वह संयम का परिचय दे रहा है। व्यापारी अपना धैर्य खो दें। इसके पहले सरकार और प्रशासन को उसकी मांगे मान लेनी चाहिए। प्रदीप वर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि सरकार को अविलंब सभी मांगों को मानना चाहिए। इस कार्यक्रम में अरविंद गांधी, प्रदीप वर्मा, मंजय सिंह, राहुल कुमार गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, अनिल रौनियार, प्रेरक गुप्ता गौरव, मनोज, धीरज, अशोक कुमार गुप्ता, गौरी शंकर, मदन वर्मा, राहुल, विशाल, लालबाबू, धुरूप, लाली, गोलू गुप्ता, अंकित रौनियार, विशाल पांडेय, कन्हैया वर्मा, राकेश गुप्ता, अमरनाथ रौनियार आदि मौजूद रहे।

नगर में व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च

सूदखोरों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने की मांग

बेल्थरारोड में कैंडल मार्च निकालते व्यापारी

बेल्थरारोड। बलिया में सूदखोरों के आतंक से परेशान होकर गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना को लेकर शनिवार की देर शाम बेल्थरारोड में संयुक्त व्यापार मंडल के तत्वावधान में कैंडिल मार्च निकाला गया। यह रेलवे चौराहा से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए पूरे बाजार का भ्रमण किया। व्यापारियों की मांग थी कि सूदखोरों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर गैर कानूनी तरीके से अर्जित संपत्ति को जब्त कर कानूनी कार्यवाही की जाय। मृत व्यापारी से जबरन भूमि की कराई गई बैनामा रजिस्ट्री को निरस्त कर परिजनों को विधि सम्मत सौंप दिया जाय। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का बुलडोजर सूदखोरों के अवैध संपत्ति पर हर हाल में चलाए जाने की मांग व्यापारियों द्वारा प्रशासन से की गई। इस दौरान पुलिस तैनात रही। इस अवसर पर प्रशान्त कुमार मंटू, धर्मेन्द्र सोनी, सुनील कुमार टिंकू, अंचल वर्मा, अशोक मधुर, दुर्गा प्रसाद जायसवाल, तौहीद अहमद लारी, विनोद कुमार पप्पू, प्रवीण नारायण, मनोज सर्राफ, बैजनाथ साहू, अच्छे लाल, यशवीर सिंह रिकू, बीनू वर्मा, राजा जायसवाल, मंटू मल, संदीप जायसवाल, अशोक वर्मा, सूबेदार भाई, प्रदीप गुप्ता, आनन्द यादव, महेश यादव, सिब्बू भाई, मुख्तार भाई आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

प्रतियोगिता में रियांजलि व रिया अव्वल

बलिया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मारक अनुसंधान एवं आरोग्य केंद्र महरेव, चितबड़ागांव द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जमुना राम मेमोरियल स्कूल की छात्रा रियांजलि सिंह ने कक्षा 9-12 वर्ग मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 6-8 वर्ग में जमुना राम मेमोरियल स्कूल की छात्रा रिया सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए दोनों ही छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सातवें दिन भी जारी रहा क्रमिक अनशन

बलिया। जनपद में निःशुल्क शिक्षा को लेकर शहीद पार्क में चल रहा क्रमिक अनशन रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा। आरटीआई कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता मनोज राय हंस के नेतृत्व में अभिभावक आरटीई एक्ट-2009 के तहत मिलने वाली सुविधाओं के लिए क्रमिक अनशन एवं प्रदर्शन कर रहे है। इसमें वार्ड/ग्राम पंचायत का नियम लागू न होने, बच्चों एवं विद्यालयों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं फीस प्रतिपूर्ति नहीं मिलने तथा आफलाइन आवेदन की अनुमति देना है। ये नियम विगत कई सालों से लागू है, लेकिन जिले के अधिकारी प्राइवेट विद्यालयों से मिलीभगत करके उपरोक्त नियमों को लागू नहीं होने दे रहे है। इस अवसर पर मनोज राय हंस, ईश्वर दत्त पांडेय, अरूण मिश्र, अमरनाथ उपाध्याय, बृजेश कुमार वर्मा, देवेन्द्र नाथ राय, पूजा सिंह, मनोज कुमार गुप्त, देवनाथ पांडेय, रानी, कृष्णा, सोनू गुप्त आदि मौजूद रहे।

आटो व बाइक की टक्कर में एक की मौत

बांसडीह। मनियर-बांसडीह मार्ग पर रविवार को कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर गांव के सामने आटो व बाइक की टक्कर में आटो गड्ढे में पलट गयी। घटना में आटो सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज के दौरान घायल 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मनियर कस्बा निवासी 50 वर्षीय हरीराम अपनी 30 वर्षीय बेटी सिमरन व 17 वर्षीय बेटा आदित्य के साथ आटो से रेवती शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। नारायनपुर गांव के सामने तेज रफ्तार बाइक से टक्कर के बाद आटो पलट गई, जिसमें आटो सवार तीनों व्यक्ति घायल हो गए। जिला अस्पताल में हरीराम की मौत हो गई। अन्य दो घायलों को ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

बच्चों को होनी चाहिए धार्मिक ग्रंथों की जानकारी : मनोज

बलिया। द होराइजन स्कूल गड़वार में रविवार को रामचरित मानस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पंडित विजय नारायण शरण ने बच्चों को राम कथा और भागवद्गीता की कथा सुनायी। इसके पहले मुख्य अतिथि ने तुलसी पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस रामचरित मानस में बच्चों के द्वारा बालकाण्ड, किष्किंधा कांड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड का मुख्य रूप से प्रस्तुति किया गया। इसको सुनकर श्रोता और अभिभावक भाव विभोर हो गए। विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने कहा कि रामचरित मानस कराने का उद्देश्य है कि बालक-बालिकाओं में पढ़ाई के साथ-साथ हमारे धार्मिक ग्रंथों की भी जानकारी हो। इस दौरान मिशन शक्ति का भी कार्यक्रम रखा गया। गड़वार थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप यादव, हल्का प्रभारी अरुण यादव, रजनी ज्योति, प्रतिभा यादव ने मिशन शक्ति के बारे में बताया कि आपको डरने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस प्रशासन आपके साथ है। आप 1090 के नंबर पर डायल कीजिए। प्रशासन हर जगह आपको मदद करने के लिए तैयार है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने मुख्य अतिथि एवं सभी अभिभावकों का स्वागत, अभिन्दन एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जितेंद्र नाथ मिश्रा, मीनू सिंह, आकांक्षा पांडेय, मेनका सिंह, रूपा सिंह, कृष्ण मोहन यादव, अभिषेक तिवारी, एलबी रावत, विश्वजीत केसरी आदि मौजूद रहे। यह कार्यक्रम म्यूजिक टीचर रोशनी सिंह तथा प्रभाकर तिवारी के निर्देशन में किया गया।

मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवा

मझौवां। नारायण होमियो स्टोर गोरखपुर के तत्वावधान में निःशुल्क होमियोपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को हल्दी थाना क्षेत्र के नारायण होमियो हाल पचरुखिया में किया गया। इसमें पटना के डा. रविति सिंह व लखनऊ के डा. सनोज कुमार सिंह ने 374 रोगियों की जांच करने के बाद मुफ्त दवा वितरण किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधान प्रतिनिधि डा. भूपेश सिंह एवं विनोद सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। डा. विकास कुमार यादव ने विभिन्न बीमारियों जैसे सायटिका, गठिया, सर्वाइकल, पथरी, बवासीर, शुगर, अस्थमा, सोराइसिस, डेंगू आदि का निःशुल्क जांच कर दवा वितरण किया। इस मौके पर अरुण सिंह, अर्जुन सिंह, अंशुमान सिंह, सुनील सिंह, छात्र नेता राहुल सिंह, लल्लन सिंह, रजत गुप्ता, मिथिलेश सिंह, मुकेश पासवान, गजेंद्र कुमार, विकास कुमार यादव, मनीष कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

हड़ताल पर रहे स्वास्थ्य कर्मी

बांसडीह। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों की एक फार्मासिस्ट के साथ हुई मारपीट के बाद स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर है। लगातार तीसरे दिन रविवार को भी चिकित्सा कर्मी हड़ताल पर रहे। हड़ताल से ओपीडी सहित सभी सेवाएं प्रभावित है। कर्मचारी फार्मासिस्ट को न्याय दिलाने एवं आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़े है। वही, इस हड़ताल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीज हलकान रहे। हड़ताल से रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला भी प्रभावित रहा।

उद्यमी और निवेशकों की हर संभव मदद करेगा जिला प्रशासन

चंदौली। जिला उद्योग बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमी व निवेशकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में सड़क मरम्मत, एआरटीओ द्वारा जब्त वाहन खडे. करने, रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में 400 केवीए के दो ट्रॉसंफार्मर लगवाने आदि के साथ-साथ मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण हेतु सहायता योजना में प्राप्त वार्षिक लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में काफी दिनों से पड़ी रोड के किनारे जब्त वाहनों से औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन प्रभावित होने की समस्या को पिछली जिला उद्योग बंधु की बैठक में उठाया गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने मामला का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर हटाए जाने की कार्यवाही तेजी से चल रही है। औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा जिला प्रशासन जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उद्योग स्थापित करने हेतु उद्यमीगण को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। इसके लिए शासन-प्रशासन कटिबद्ध है। इस दौरान विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, सहायक पीडब्लूडी दिनेश सिंह यादव, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग मनोज कुमार मिश्र, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय, प्रमोद कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, रविन्द्र कुमार सोनकर, वन विभाग, अध्यक्ष, औद्योगिक क्षेत्र रामनगर, चन्दौली, सतीष गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रेश्वर जायसवाल सहित अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।

तरक्की की नई इबारत लिखेगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे

बैरिया। उत्तर प्रदेश के पूरब छोर पर स्थित बिहार की गोद में बसे द्वाबा ने आजादी में अग्रणी भूमिका अदा किया। आजादी के बाद से अब तक बदहाली, गरीबी, बेबशी और अति पिछड़ेपन का मुद्दा हर चुनाव में उठता रहता है। सड़क के मामले में यह क्षेत्र लंबे समय से उपेक्षित रहा है। गाजीपुर से बलिया ही नहीं, बल्कि बिहार की सीमा तक बनने वाला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे पूरब के जिलों के लिए तरक्की की नई इबारत लिखेगा।

इस एक्सप्रेस से न सिर्फ यूपी बल्कि बिहार के लोगों की क्नेक्टिविटी भी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से हो जाएगी। रोजगार का नया मार्ग मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में सिरमौर बनने के लिए यह एक्सप्रेस-वे वरदान साबित होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य में एनएच-29 पर हृदयपुर गांव के पास शुरू होती है और छपरा-मांझी एनएच-19 को क्रास कर नया रिविलगंज बाईपास पर बिहार सीमा में जाकर समाप्त होती है। प्रोजेक्ट कारिडोर की कुल लंबाई 134. 300 किमी है। गाजीपुर से मांझी, रिविलगंज बाईपास तक इसकी दूरी 117 किमी है। फिलहाल जमीन की खरीद तेजी से हो रही है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का स्वीकृत ब्लू प्रिंट एनएच-29 (गोरखपुर-वाराणसी हाईवे) पर गाजीपुर बाईपास के पास जंगीपुर से शुरू होगा, जो करीमुद्दीनपुर, चितबड़ागांव, फेफना, माल्देपुर, हल्दी व बैरिया होते हुए चांददियर फिर मांझी घाट तक पहुंचेगी। यह बलिया शहर के बाहर से गुजरेगा। इसके लिए बाईपास भी प्रस्तावित है। इस रूट पर एनएच-29 और एनएच-19 (गाजीपुर-बलिया-छपरा हाईवे) सीधे जुड़ रहे हैं।

> ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि खरीद का कार्य प्रगति पर है। फरवरी माह में ही भूमि खरीद का लक्ष्य पूरा किया जायेगा। इसके लिए बैनामा चल रहा है।
>
> आत्रेय मिश्र, एसडीएम बैरिया

जब भारत मजबूत होगा तो विश्व में होगी शांति

बोले विनोद

शक्ति की उपासना संघ की स्थापना का मूल उद्देश्य

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा संगम में दिखा अद्भुत दृश्य

जनसंदेश न्यूज

टीडी कालेज में आयोजित शाखा संगम में शामिल स्वयंसेवक

बलिया। एक मैदान, 21 शाखाएं और सैकड़ों स्वयंसेवक। ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिला बलिया नगर स्थित टीडी कालेज के मैदान में, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर के शाखा संगम कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक जुटे थे। सफेद चूने से बनाये गये ब्लाकों में बलिया नगर के विभिन्न बस्ती क्षेत्र में लगने वाली शाखाओं के स्वयंसेवकों द्वारा शाखाएं लगाई गयी। लगभग सवा घण्टे तक शारीरिक, बौद्धिक एवं विभिन्न प्रकार के खेल, सूर्य नमस्कार, आसन तथा व्यायाम योग का अभ्यास कराया गया।

सह जिला संघचालक डा. विनोद ने कहा कि 'संगठन गढ़े चलो-सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का-वो काम सब किये चलो' जैसे सांघिक गीत का जो भाव है, वही संघ का मूल है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना किसी को डराने या किसी प्रतिकार में नहीं हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना भारत को शक्तिशाली करने के लिए हुई। क्योंकि जब भारत मजबूत होगा तो पूरा विश्व मजबूत होगा तथा विश्व में शांति होगी। आज संघ किसी पहचान की मोहताज नहीं है।

संघ अपनी शाखाओं के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। संघ अपने स्थापना काल से ही स्वयंसेवकों के सहारे राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का शारीरिक, सामाजिक एवं बौद्धिक विकास पर ध्यान देता आ रहा है, जिससे लोग संस्कारवान व अनुशासित बने। शक्ति की उपासना ही संघ की स्थापना का मूल उद्देश्य है। कहा कि शाखा में स्वयंसेवक अनुशासन सीखते हैं। इसमें हर आयु-वर्ग के व्यक्ति भाग लेते हैं। शाखा में व्यक्ति का बौद्धिक विकास व चरित्र निर्माण होता है। वह मानसिक व शारीरिक रूप से सबल बनता है। इस अवसर पर चन्द्रशेखर, परमेश्वरनश्री, हरनाम, रवि, विशाल, मारूति नंदन आदि मौजूद रहे।

बेहतर होगा बलिया का रोडवेज वर्कशॉप

रोडवेज का वर्कशाप

दयाशंकर सिंह

बोले दयाशंकर सिंह

शासन की तरफ से मिला 3.50 करोड़ का बजट

बलिया। बलिया के रोडवेज वर्कशाप को शासन की तरफ से 3.50 करोड़ का बजट प्राप्त हुआ है। इस धन से वर्कशाप का उच्चीकरण होगा और समस्या से झेल रहे वर्कशाप को बेहतर बनाया जा सकेगा। इस कार्य के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को विभाग की तरफ बधाई मिल रही है। क्योंकि मंत्री के प्रयास से वर्कशाप सुंदर होने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम वर्कशाप को बेहतर बनाने के लिए आगे बढ़ेगा। बलिया-सिकंदरपुर मार्ग से वर्कशाप तक 300 मीटर लंबी सड़क होगी और विभाग ने टेंडर भी फाइनल कर दिया है। ढाई फिट तक जमीन के ऊंचाई बढ़ाने के लिए मिट्टी का काम होगा। क्योंकि परिसर का लेवल नीचे है और पानी भी लग जाता है। बसों को आने व जाने में बहुत दिक्कत होती है। यहां रोजाना लगभग 20 बसों का आना-जाना है। बरसात के दिनों में वर्कशाप परिसर में जलभराव के होने से काम प्रभावित होता है। वैसे वर्कशाप के उच्चीकरण की मांग सालों से की जा रही थी। बहुत जल्द कार्य के शुभारंभ के लिए भूमि पूजन होगा।

छात्राओं ने दाल के साथ किया रचनात्मक कार्य

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण तथा निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा के दिशा-निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व दाल दिवस मनाया गया। 'दालों में अच्छी सेहत का दाम' शीर्षक विषयक लेख पर विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संध्या, डॉ. सौम्या, डॉ. रंजना मल्ल, डॉ. तृप्ति तिवारी द्वारा परिचर्चा किया गया। छात्राओं को दालों के प्रकार, उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व, उनसे होने वाले लाभ तथा कमी से होने वाली बीमारियों के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के दालों के साथ रचनात्मक कार्य किया गया, ताकि करके सीखने की प्रवृत्ति का उनमें विकास हो। इस दौरान छात्राओं ने फूल, फल, पक्षी आदि विभिन्न आकृतियों को दालों से सजाकर सुंदर कलाकृतियों में परिवर्तित किया। इनमें कुमकुम, आरती, स्वाति यादव, प्रियंका यादव, पूजा राय, पूजा साहनी, रिंकी यादव, आस्था सिंह, दीक्षा सिंह, रंजन यादव आदि का प्रदर्शन बेहतर रहा।

दूसरे चरण में बनाए जाएंगे 21,044 प्रधानमंत्री आवास

बलिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार ने दूसरे चरण में जिले को 21,044 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके निर्माण के लिए करीब 257.32 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लक्ष्य मिलने के बाद विभाग की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वर्ष 2022-23 में पीएम आवास के लक्ष्य को लंबा इंतजार रहा। इस वर्ष देर से ग्राम पंचायतों को भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य उपलब्ध कराया गया। पीएम आवास के लक्ष्य का निर्धारण सरकार की ओर से सीधे ग्राम पंचायतों को किया जाता है और लक्ष्य सीधे संबंधित ब्लाक के बीडीओ की लागिन पर पहुंचता है। करीब एक माह पूर्व पहले चरण में कुल 5307 आवास जारी हुए थे। दोबारा 15,737 आवास आवंटित हुए है। डीआरडीए के परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी ने कहा है कि कोई पात्र लाभार्थी किसी बिचौलिये के झांसे में न आए। आवास के नाम पर कोई पैसे की मांग करता है तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें। जिला मुख्यालय पर भी लिखित रूप से शिकायत कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी सचिव अपात्र व्यक्ति का चयन न करे। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित सचिव पर भी कार्रवाई होगी। जियो टैगिंग का निर्देश सभी ब्लाकों को दिया गया है।

एमए अंसारी को दी श्रद्धांजलि

बलिया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी की बैठक रामपुर उदयभान स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई। इसमें देश-प्रदेश एवं जनपद में हो रहे घटनाक्रम तथा समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने एमए अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि श्री अंसारी दशकों से पार्टी के उच्च पदों पर रहते हुए गरीबों, मजदूरों, किसानों व पीड़ितों को जगाते रहे। उन्होंने कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभायी। मौके पर परमात्मानंद आदि मौजूद रहे।

गेहूं की सिंचाई के लिए नहर मे पानी नदारत

कंदवा। आखिर कैसे हो गेहूं की सिंचाई जब नहर मे पानी ही नदारत है किसान गेहूं की सिंचाई के लिए परेशान हैं। समय से सिंचाई नहीं हुयी तो पैदावार पर असर पड सकता है। घोसवां से खुरहट माइनर में पानी आने का इंतजार कर रहे इमिलियां गांव निवासी किसान सत्येन्द्र सिंह कहते हैं कि गेहूं की सिंचाई को लेकर नरवन के किसान परेशान हैं। पछुआ हवा चल रहा है ऐसे मे फसल को सिंचाई की आवश्यकता है। बावजूद घोसवां खुरहट माइनर में पानी नदारत है। तली मे पानी रेंग रहा है। जिससे सिंचाई कार्य बाधित है। बरहनी गांव निवासी किसान विकास तिवारी गेहूं की सिंचाई को लेकर परेशान हैं। नहर का चक्कर काट रहे। विकास तिवारी कहते हैं कि नहरों में यदि समय से पानी आ जाता तो किसान गेहूं की सिंचाई का कार्य ससमय कर लेते लेकिन आलम यह है। कि घोसवां खुरहट सहित अन्य माइनरों में पानी का अभाव है। कारण नरायनपुर से निकली मुख्य नहर में ही क्षमता अनूरुप पानी नहीं आ रहा है। किसान संजीव,अनिल,अजीत सिंह, बबलू शुक्ला सहित अन्य किसानों में जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति खिन्नता है। नाराजगी जताते हुए कहते हैं। कि अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को हमेशा भुगतना पडता है।

शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराये 50 हजार

बलिया। साइबर सेल बलिया ने धोखाधड़ी करके अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाले गये 50 हजार रुपये खाताधारक के खाते में वापस कराया है। एसपी राज करन नय्यर एवं नोडल साइबर सेल बलिया के निर्देशन में साइबर सेल द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान में लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी। इसके फलस्वरूप शनिवार को शिकायतकर्ता विद्याभूषण चौबे के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि 50 हजार रुपये को वापस कराया गया। शेष धोखाधड़ी की धनराशि को वापस कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता श्री चौबे ने बलिया पुलिस तथा साइबर सेल टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है। आठ फरवरी को शिकायतकर्ता डीएम चौबे पुत्र स्व. जगदीश चौबे निवासी ग्राम चौबे की दलकी, थाना दोकटी ने पुलिस कार्यालय में एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि शिकायतकर्ता के भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड से सात फरवरी को कुल-51416 रुपये फर्जी तरीके से स्थानान्तरण किया गया है। साइबर सेल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर, आरक्षी अमरनाथ, आरक्षी शिवचन्द यादव शामिल रहे।

जमीन विवाद में मारपीट, युवक की मौत

घटना की सूचना पर जुटी भीड़

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र के रतसड़-पचखोरा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की सुबह पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें ग्राम पंचायत पड़वार के पुरवा चक चमैनिया (कुकुर भुक्का) निवासी अजय यादव (38) पुत्र स्व. परशुराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन इलाज के लिए उसे वाराणसी ले जा रहे थे कि रास्ते में युवक की मौत हो गयी।

सूचना मिलते ही पुलिस घटना के आरोपितों के घर ताबड़तोड़ छापेमारी की, लेकिन कोई आरोपी पकड़ में नही आया। घटना स्थल पर एएसपी दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, सीओ सदर सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय कस्बा निवासी दो पक्ष में पहले से जमीनी विवाद चल रहा था। इसमें नापी का कार्य भी चल रहा था। उसी समय अजय यादव पुत्र स्व. परशुराम यादव पहुंच गया और अपनी जमीन को भी नापने की बात करने लगा, जिस पर उससे भी लोग उलझ गए और मारने-पीटने लगे। इसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन और आस-पास के लोगों ने उसे जिला चिकित्सालय ले गए, जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए बनारस के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई हैं। मौक पर एएसपी सहित कई थानों की फोर्स पहुंच गयी है।

फंदे से लटक कर युवक ने दी जान

मां के चीखने-चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे लोग

दुखद

तीन वर्ष पूर्व रेवती थाना क्षेत्र के दलछपरा गांव में हुई थी शादी

जनसंदेश न्यूज

बैरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदेवा ढाही गांव में पत्नी के मायके जाने से नाराज युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

बताया जाता है कि बैरिया थाना क्षेत्र के जगदेवा ढ़ाही गांव निवासी लालू यादव (25) पुत्र सत्येंद्र यादव की शादी तीन वर्ष पूर्व रेवती थाना क्षेत्र के दलछपरा गांव में हुई थी। लालू यादव किसी शहर में प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता था। उसके पिता भी कही बाहर प्राइवेट नौकरी करते है। जब लालू नौकरी से छुट्टी लेकर घर पहुंचा तो उसकी पत्नी मायके चली गयी थी। घर पर केवल मां थी। इससे नाराज लालू यादव ने शनिवार की देर शाम अपने मकान के छत पर बने कमरे में भीतर से कुंडी बन्द कर गमछे से पंखे के हूक में फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार की सुबह जब लालू अपने कमरे से नही निकला तो छत पर जाकर उसकी मां ने आवाज दी। कमरे से कोई आवाज नही आया। लालू की मां दरवाजा पीटने लगी, तब भी कोई आवाज नही आया। इसके बाद उसकी मां चीखने-चिल्लाने लगी तो अगल-बगल के लोग जुट गए। दरवाजा तोड़कर देखा तो फंदे पर लालू लटका हुआ था। फंदे से उतार कर लोगों ने उसे नीचे रखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना लोगों ने बैरिया पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार पत्नी से नाराज होकर लालू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा जा रहा है। जांचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। सिकंदरपुर पुलिस ने चोरी से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा वांछित/वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को सिकन्दरपुर थाना के उनि शिवजी तिवारी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सिकन्दरपुर पर पंजीत मुअसं-008/23 धारा 379,411 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त राहुल सिंह उर्फ शैलेन्द्र सिंह निवासी तेन्दुआ, थाना सिकन्दरपुर को सीएचसी बघुडी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

हवन एवं भंडारा आज

बलिया। संत तिलक साहब की 17वीं पुण्यतिथि 13 फरवरी, सोमवार को संत कबीर आश्रम पचखोरा पर हवन, भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें दूर-दूर से संत-महात्मा पधारेंगे। यह जानकारी कबीर आश्रम पचखोरा के महंत लालदास साहब ने दी है।

महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान

जनसंदेश न्यूज

मझौवां। बीआरसी हल्दी पर रविवार को लखनऊ में आयोजित विशाल शिक्षा मित्र महासम्मेलन के लिए बैठक हुई। इसमें बेलहरी ब्लाक के समस्त शिक्षा मित्र जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में सम्मिलित हुए। ब्लाक अध्यक्ष मंजूर हुसैन, संरक्षक बृज किशोर पाठक, प्राथमिक शिक्षक संघ बेलहरी के संगठन मंत्री संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। इसमें समस्त शिक्षा मित्रों ने लखनऊ में आयोजित विशाल शिक्षामित्र महासम्मेलन में शामिल होने पर चर्चा की। ब्लाक अध्यक्ष मंजूर हुसैन ने समस्त शिक्षामित्रों से लखनऊ में 20 फरवरी को होने वाले महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर जितेन्द्र ओझा, रजनीश प्रसाद, कुंवर पप्पू सिंह, अवधेश सिंह, पिंकी उपाध्याय, रेखा सिंह, रमेश चौबे, राजेन्द्र प्रसाद, हरेन्द्र राम, अमित कुमार पाण्डेय, दिलीप सिंह, दीपिका ओझा, जहीर अंसारी, संतोष प्रसाद, अवधेश कुमार सिंह, गुड़िया देवी, राज कुमार, मनीष कुमार, सुमन देवी, सरिता देवी, राज कुमार राम, मनोज रावत, बिरेन्द्र चौधरी, अजय कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन जितेन्द्र ओझा ने किया।

संक्षेप

व्यापारियों ने निकाला कैंडिल मार्च

रतसर। गन व्यवसायी नंदलाल गुप्त आत्महत्या प्रकरण में पीड़ित परिवार को न्याय न मिलने को लेकर नपं रतर के व्यापारियों ने कैंडिल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने मांग किया कि सरकार मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और मुआवजा तत्काल दें। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता, पिंटू गुप्ता, प्रशांत सिंह, सुजीत जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, हामिद रजा, अशोक गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बैजनाथ सोनी, पूर्व प्रधान नईम अख्तर, सपा नेता राम अशीष गौतम, श्रीनिवास यादव, प्रदीप गोंड आदि मौजूद रहे।

उद्यम स्थापित होने से खुलेंगे तरक्की के रास्ते

बलिया। उद्यमियों को प्रशासन ने अगर जमीन मुहैया करा दी तो जिले की तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। रोजगार के लिए युवा भटकेंगे नहीं और उनका बड़े शहरों की ओर पलायन रुकेगा। वहीं, घर-घर, हर हाथों को काम मिलने से समृद्धि आयेगी और समृद्धि से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। इनवेस्टर समिट में उद्यमी जिले में निवेश करने के इच्छुक नजर आ रहे हैं। अगर प्रशासन अपने वायदे के अनुसार अगस्त व सितम्बर तक जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन मुहैया करा दे तो जिले का पछेड़पन दूर होगा। युवाओं को रोजगार के लिए बड़े शहरों गुजरात, नोएडा व दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अब अपने क्षेत्र में ही रोजगार मिलना सुलभ होगा। विभिन्न औद्योगिक घरानों की ओर से जिले में ढाई हजार करोड़ का निवेश किया जायेगा। अगर सबकुछ ठीक ठाक रहा तो जिले अलग पहचान कायम होगी। रवीन्द्र वर्मा ने बताया कि पीवीसी पैनल बनाने का कारखाना 25 करोड़ की लागत से स्थापित करने की योजना है। प्रशासन ने जमीन देने की बात कही है। इस उद्यम में करीब डेढ़ सौ हाईस्कूल व इंटर पास युवाओं को नौकरी मिलेगी। हम उद्यम लगाने की सारी तैयारी कर चुके हैं।

प्रदीप गुप्त का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

बलिया। क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिशन के कोषाध्यक्ष पद पर असनवार गांव निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता के चुने जाने पर क्षेत्रीय जनों ने चोगड़ा चट्टी पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। यहां पर लोगों ने नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को फूल-मालाओं से लादकर सम्मानित किया। नेशनल प्राइम अवार्ड-2019 से सम्मानित जनपद के सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता जयराम अनुरागी ने कहा कि असनवार गांव निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता के कोषाध्यक्ष चुने जाने पर गांव के लोगों में हर्ष व्याप्त है। आशा है कि श्री गुप्त क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन को उत्तरोत्तर विकास के पथ पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएंगे तथा इसी तरह अपने गांव का नाम आगे भी रोशन करते रहेंगे। कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि जो जिम्मेदारी अधिवक्ता बंधुओं ने उन्हें प्रदान की है, उसे बखूबी निर्वहन करेंगे। अधिवक्ता हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे। उन्होंने गांव के लोगों को भरोसा दिलाया कि न्याय दिलाने के साथ ही लोगों के हर दुःख-सुख में आगे रहेंगे। श्री गुप्त ने युवाओं को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए कई टिप्स दिये। कहा कि हमें अपने सोच को हमेशा ऊंचा रखने की जरूरत है। इस अवसर पर अजीत राजभर प्रधान प्रतिनिधि, धन्नजय सिंह बिसेन, गौरीशंकर राजभर प्रधान, पंकज महाजन, सुनील कुमार बेदी, ओम प्रकाश वर्मा, ओमकार वर्मा, झूलन कन्नौजिया, जयराम वर्मा, शिवशंकर राजभर, पंकज राजभर, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, रमाशंकर राम, जितेन्द्र राम, शिवनारायण राजभर, संजय वर्मा, चन्दन कुशवाहा, सचिन कुमार वर्मा गोलू, रोहित कुमार, हरिशंकर राम, शिवानन्द राजभर आदि मौजूद रहे।

आमजन तक पहुंच रही सरकार की योजनाएं

जनसंदेश न्यूज

नगरा। भारतीय जनता पार्टी के नगरा मण्डल कार्यसमिति की बैठक रविवार को पुस्तकालय भवन में हुई। बैठक का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पीसीएफ के चेयरमैन बाल्मिकी त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि हरि भगवान चौबे ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की।

मुख्य अतिथि पीसीएफ के चेयरमैन वाल्मी त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा क्रान्तिकारी भूमि की राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उनके त्याग एवं तपस्या के बल पर चल रही सरकार में मूलभुत सुविधाजनक योजनाएं आमजन तक पहुंच रही है। भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए सभी को कमर कसकर तैयार रहना होगा।

भाजपा की दूरगामी कार्यक्रम की सफलता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। इस अवसर पर कैलाश बिहारी सिंह, छद्दू राम, जिला महामन्त्री आलोक शुक्ल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवनारायण देवा भाई, पप्पू सिंह, राजू सोनी, मारकण्डेय वर्मा, योगेन्द्र यादव, दीपक गुप्ता, काशीनाथ जायसवाल, दीपक राम, फतेह बहादुर सिंह, शशि जायसवाल, लालबहादुर सिंह, संतोष सिंह, संत पाण्डेय, धर्मराज सिंह विक्की आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अरविन्द सिंह ने किया।

इंटरसिटी समेत दो ट्रेनों का परिचालन ठप

बैरिया। बलिया-छपरा रेलखंड पर रविवार को भी इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं एक पैसेंजर ट्रेन सहित दो ट्रेनों का परिचालन अप व डाउन दोनों तरह से ठप रहने से यात्रियों को भारी असुविधा हुई। अन्य ट्रेनों को पांच किमी की रफ्तार से सुरेमनपुर व रेवती के बीच कासन पर चलाया गया, जिसके कारण यात्री हलकान दिखे। पांचवें दिन भी वाराणसी-छपरा इंटरसिटी एक्सप्रेस अप व डाउन तथा एक पैसेंजर ट्रेन जो छपरा से वाराणसी तक चलती है, उसे कैंसिल कर दिया गया। डाउन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस दो घण्टे, डाउन पवन एक्सप्रेस चार घण्टे, गोंदिया एक्सप्रेस दो घण्टे व सरयू यमुना एक्सप्रेस दो घण्टे बिलम्बित रही। हालाकि पांचवे दिन कम ट्रेनों को कैंसिल किया गया, जिससे यात्रियों को कुछ राहत मिला। बावजूद इसके दो ट्रेनों के कैंसिल व कुछ ट्रेनों के बिलम्ब से चलने के वजह से सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। वही, स्टेशन से लौटने वाले लोग रेल प्रशासन को भला-बुरा कहते सुने गए। सुरेमनपुर के स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि पांचवें दिन कुछ राहत यात्रियों द्वारा महसूस किया गया। सुरेमनपुर से रेवती के बीच डबल लाइन का काम 28 फरवरी तक चलेगा।

रामोत्सव पर आयोजित होंगे ऐतिहासिक कार्यक्रम : मंगल

घोषणा

विश्व हिन्दू परिषद की बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय

जनसंदेश न्यूज

जापलिनगंज स्थित कार्यालय पर बैठक करते विहिप के पदाधिकारी

बलिया। विश्व हिन्दू परिषद के कैम्प कार्यालय जापलिनगंज पर जिला बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले की टीम के साथ ही सभी 11 प्रखण्डों के निष्ठावान कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक की शुरूआत प्रान्त सह मंत्री मंगलदेव चौबे द्वारा राम दरबार और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया गया। मंगलदेव चौबे ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद के लिए आगामी दो माह बहुत ही महत्वपूर्ण है। फरवरी में 20 से मार्च में 15 तक धर्म रक्षा निधि का कार्यक्रम सुनिश्चित है। इसमें सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु श्री चौबे ने आह्वान किया।

हिन्दू नव वर्ष, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर एक भव्य शोभा यात्रा निकालने की भी योजना पर चर्चा हुई। तय हुआ कि यह शोभा यात्रा कार्यालय से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः कार्यालय पर समाप्त होगी। शोभा यात्रा में दस हजार लोगों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया। इसके पश्चात् राम नवमी के अवसर पर एक वृहद केन्द्रीय कार्यक्रम की भी रूप रेखा बनाई गई। केन्द्रीय कार्यक्रम में भी लगभग दस हजार लोगों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके पूर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक प्रसाद का स्टाल लगाने पर भी सहमति बनी। इस अवसर पर सुनील कुमार, भानु तिवारी, कृष्णा, श्याम, अजय, जितेन्द्र जी, संजीव, मनीष, आशीष, अरुण सिंह, मनोज, संजेश, शुभम, सुबोध कुमार, राजेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

एलईडी लाइट के लिए हाईवे पर लगाया गया पोल गिरा लेकिन बड़ा हादसा टला

कोपागंज, मऊ। हाईवे को एलईडी से जगमगाने के लिए लगाया गया लोहे का पोल लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा लगाए गए पोल इतने कमजोर हैं कि थोड़ी सी हवा के झोंके में या तो झुक जा रहे हैं या तो हाईवे पर गिरकर लोगों के जान के खतरे बन जा रहे हैं। रविवार को दोपहर कुछ ऐसा ही घटना हुई जब सोनकर बस्ती के पास एलईडी पोल थोड़े से हवा के झोंके में अचानक हाईवे पर धड़ाम से गिर गया। हालांकि पोल के अचानक गिरने से कोई राहगीर और वाहन नहीं गुजर वरना किसी बड़े खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता था। पोल के अचानक गिर जाने से हाईवे पर आधे घंटे तक वाहनों का जाम लग गया। लोगों ने हाईवे के किनारे जगह जगह एलईडी लाइट से जगमगाने के पीछे कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि पोल गाड़ने में जमकर धांधली की गई जिसके चलते पूर्व में भी हवा के झोंके में हाईवे पर पोल गिरकर नगर पंचायत प्रशासन के भ्रष्टाचार का पोल खोल चुका है।

रजतेश्वर महादेव मंदिर स्थापना कार्यक्रम 23 फरवरी से

दोहरीघाट, मऊ। दो हरीयो की पावन भूमि पर श्रावण मास के प्रथम सप्ताह में सरजू नदी से प्राप्त चांदी के शिवलिंग जिसका नामकरण रजतेश्वर महादेव के नाम पर हुआ उनका भव्य मंदिर बनकर बाबा मेला राम मंदिर परिसर में तैयार है जिसकी स्थापना शुभ मुहूर्त में विद्वानों द्वारा 23 फरवरी से एक मार्च तक निर्धारित किया गया है। स्थापना कार्यक्रम 23 फरवरी से एक मार्च तक चलेगा इस दौरान पूरी विधि विधान मंत्र उच्चारण द्वारा प्रतिदिन विद्वानों द्वारा किया जाएगा इस बीच रामकथा का भी आयोजन किया गया है रजतेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह व हर्ष का माहौल है मंदिर परिसर में प्रतिदिन शिव भक्तों का तांता लगा रहा है।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भरत भैया द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

मऊ। मधुबन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे भरत भैया ने अपने आवास पर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया। जिसमें अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल बलिया के वरिष्ट नेत्र चिकित्सक शत्रुधन सिंह द्वारा हजारों लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। वहीं 300 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। भरत भैया ने बताया कि सभी मरीजों का निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा। आपरेशन के लिए तीन तिथि निर्धारित किया है 13, 16 और 19 मार्च को आपरेशन कराया जायेगा। उन्होने बताया की आपरेशन के लिए सभी मरीजों को हॉस्पिटल ले जानें के लिए निःशुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया जायेगा और उनके रहने की समुचित व्यवस्था कराई जायेगी। हॉस्पिटल के कर्मचारी ज्योतिष ओझा, राजेश कुमार, लल्लन चैबे, लाल बहादुर, संजीव यादव, राजेश सिंह रहें। शिविर का उद्घाटन भरत भैया ने किया। साथ में उनके सहयोगी राधेश्याम सिंह, आलोक मल्ल, बब्लू ठठेरा, मनोज, गुप्ता, संजय सिंह, रोमित सिंह, सुदामा निराला, सुनिल यादव, मुन्ना सिंह साहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रीराम चरित मानस की कथा जीवन के भ्रम को दूर करती है

मऊ। श्री राम चरित मानस की कथा जीवन के भ्रम को दूर करती है। मानस कथा जगत जननी मां सती के ब्रम्हा पुत्र नारद ऋषि के बालि आदि के भ्रम को दूर कर सत्य सनातन भगवान के वास्तविक स्वरूप का दर्शन कराती है। उक्त सद्विचार है अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ श्री किशोरी शरण जी महाराज के। वे नगर के श्री हनुमान घाट तमसा तट स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के परिसर में साप्ताहिक श्री राम कथा के अंतिम दिन विश्राम दिवस पर भक्तो के बीच उक्त विचार व्यक्त कर रहे थे। श्री महाराज ने कथा के अनंतर केवट के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि केवट ने प्रभु के चरणों को पखार कर सर्वोच्च भक्ति केवल प्रेम से पाया। मानस में लक्ष्मण और भरत का त्याग उर्मिला की भक्ति मनुष्य के लिए अनुकरणीय है।

यूपीसीडा के कार्यों का भुगतान सत्यापन के उपरांत ही कराएं : जिलाधिकारी

निर्देश

जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

मऊ। रविवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष 235 प्रतिषत, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 99 प्रतिषत एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण मार्जिन मनी योजना में लक्ष्य के सापेक्ष 157 प्रतिषत की प्राप्ति हो चुकी है।

हस्तशिल्प विपणन योजना एवं मुख्यमंत्री विशिष्ट हस्तशिल्प पेंशन योजना में अभी कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 525 लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है,शीघ्र ही इनका प्रशिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा के नाला एवं पानी निकासी के संबंध में चर्चा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके बजट का प्रावधान हो चुका है।

शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा में विद्युत तार के सैग ढीला होने एवं ताजोपुर में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या के संबंध में चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को समस्त जर्जर तारों को बदलने एवं ट्रिपिंग की समस्या के समाधान हेतु उद्यमियों से समन्वय स्थापित कर एक निश्चित समय ही शट डाउन लेने को कहा, जिसके दौरान विद्युत संचालन में आई कमियों को दूर किया जा सके एवं ट्रिपिंग की समस्या से बचा जा सके। औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर को नगर पालिका परिषद मऊ की सीमा में स्थानांतरण की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा को मार्च तक उनके लिए निर्धारित समस्त कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश देने के साथ ही इस क्षेत्र को नगर पालिका परिषद को हैंड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर के नालों की सफाई की समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा ने बताया कि लगभग 50 प्रतिषत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने पूर्ण हुए कार्यों का स्थानीय लोगों से सत्यापन कराने के उपरांत ही कार्यों के सापेक्ष भुगतान करने के निर्देश दिए। साथ ही शेष कार्यों को अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने को कहा। एनएच 29 पर बदुवा गोदाम औद्योगिक क्षेत्र के दक्षिण पश्चिम की तरफ साइफन बनाने के कारण उत्पन्न समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने संयुक्त समिति द्वारा नाले के लेवल की जांच कर लिखित रूप में एनएच 29 के अधिकारियों को अवगत कराते हुए नाला निर्माण की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन, अधिशासी अधिकारी नपा दिनेश सहित अन्य अधिकारी व उद्योग बंधु के सदस्य उपस्थित रहे।

बैंककर्मी से लूट के दो आरोपियों पर गैंगस्टर का केस

घोसी, मऊ। स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत घोसी मधुबन मार्ग पर विगत वर्ष के अगस्त माह की 8 तारीख को मधुबन निवासी बैंक कर्मी से मोबाइल, पर्स व रुपये की लूट करने वाले दो आरोपियों पर कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद गिरोहबंद अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है। स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि विगत वर्ष 2 अगस्त 2022 को जनपद के मधुबन थाना अन्तर्गत कोतवालपुर निवासी बैंक कर्मचारी से स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत घोसी मधुबन मार्ग पर हथियारबंद बदमाशों ने 10 हजार नकदी, मोबाइल व पर्स लूटकर फरार हो गये थे जिसका मुकदमा स्थानीय थाने पर दर्ज किया गया था। विवेचना में मानसिंह पुत्र जयप्रकाश निवासी पश्चिम पट्टी इंदारा थाना कोपागंज, धर्मेन्द्र राजभर पुत्र स्व रामचन्द्र उर्फ रामबचन व मन्नू राजभर पुत्र सुक्खू निवासीगण मोहम्मदपुर बंसपति का नाम प्रकाश में आया व दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद लूटी गई मोबाइल बरामद की गई थी।

भाजपा गरीबों, मजदूरों, किसानों, कमजोर वर्गों की सरकार : सचिंद्र

मऊ। रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल परदहां की कार्यसमिति बैठक का आयोजन बकवल में किया गया। कार्यसमिति में डाटा प्रबंध एवं उसकी उपयोगिता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारतीय जनता पार्टी के केंद्र एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी नीतियों का बखान सभी कार्यकर्ता अपने अपने स्तर से ग्राम पंचायत स्तर पर करें अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करें। देश की आर्थिक व्यवस्था में मजबूती लाने के लिए भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना हम सभी कार्यकताओं का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिंद्र सिंह ने कहा भाजपा गरीबों, मजदूरों, किसानों, कमजोर वर्गों की सरकार है। वर्ष 2017 में जब से भाजपा की सरकार उत्तर प्रदेश में बनी है तब से उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हुआ है भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है भाई भतीजावाद मुक्त हुआ है। प्रदेश की पहचान पूरे भारतवर्ष में बढी है। 2023-2024 की बजट में किसानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। मंडल अध्यक्ष शेषनाथ सिंह अपने स्वागत वक्तव्य में सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा की भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भी सम्मान भाजपा द्वारा ही किया जाता है। इस अवसर पर

मंडल प्रभारी अजय सिंह ककू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की कार्यसमिति में हम सब कार्यकर्ता संकल्पित होकर जाएं कि हमें आने वाले दिनों में दृढ़ संकल्पित होकर भाजपा को मजबूत करना है। धन्यवाद ज्ञापन मनीष सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भगत सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत सिंह, डॉ विजय, के सिंह, रमेश राय, किसान मोर्चा जिला मंत्री यशपाल सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम सिंह, मंडल महामंत्री धनंजय सिंह, मनु नीरज सिंह, एडवोकेट राघवेंद्र सिंह डब्बू, दिव्य प्रकाश, राजा, भरत यादव, दीपक गौड़, रामकृष्ण, गोलू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर बच्चों में बांटा मिठाई एवं पेन



बांसडीह। आदर निवासी मनोज सिंह की मां शांति देवी की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय के बच्चों में मिठाई, चाकलेट व पेन का वितरण किया गया। इस दौरान वहां जुटे ग्रामीणों ने स्व.शांति देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मनोज सिंह ने कहा कि मां शांति देवी का जीवन में सबसे अधिक लगाव बच्चों से था। खासकर गरीब तबके के बच्चों के सहयोग के लिए वह हमेशा तत्पर रहतीं थी। उनके बच्चों से लगाव के दृष्टिगत ही उनकी पहली पुण्यतिथि पर बच्चों का ही कार्यक्रम आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पौत्र अभिजात सिंह, अभिजीत सिंह, बबुवा शुक्ल, हरखनाथ आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

सिकन्दरपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सिकंदरपुर के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा रविवार को सिकंदरपुर-मनियर मार्ग स्थित शंभू नाथ मिश्र के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई रसड़ा के महामंत्री रहे आलोक कुमार पांडेय की विगत दिनों दिल्ली के प्राइवेट हास्पिटल में इलाज के दौरान निधन होने पर शोक प्रकट किया गया। तत्पश्चात गतात्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके अलावा तहसील इकाई सिकंदरपुर द्वारा परिवार को भविष्य में विकट परिस्थितियों में हर संभव मदद देने का निर्णय लिया गया। इसके बाद बैठक में वर्तमान समय में पत्रकारिता व पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष विजेंद्र नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश जायसवाल, महामंत्री अजय तिवारी, नवीन सिंह, नारायण पांडे, अरविंद पांडे, रजनीश श्रीवास्तव, बख्तियार खान, अनिल तिवारी, मनीष गुप्ता, समीर कुमार, निर्भय नारायण यादव, दिनेश जायसवाल, इमरान खान, सार्थक राय, रजनीश कुमार, ज्ञान प्रकाश, दिलशाद खान, आसिफ अंसारी, तोहिद खान, सनोज कुमार, आरिफ अंसारी, रामजी यादव, मिथिलेश कुमार सिंह, अनुप राय, डी प्रसाद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ग्रापए के संरक्षक शंभू नाथ मिश्र तथा संचालन तहसील महामंत्री अजय तिवारी ने किया।

फर्जी आधार कार्ड पर खाद की हो रही कालाबाजारी

फर्जीवाड़ा

अवैध रूप से ट्रैक्टर से बिहार जा रही खाद पुलिस ने पकड़ी

बारा। गाजीपुर में खाद की कालाबाजारी रूकने का नाम नहीं ले रही है। जिले से बिहार खाद की अवैध रूप से सप्लाई हो रही है। अभी हाल ही में जंगीपुर के खाद व्यापारी की बड़ी मात्रा में बिहार जा रही खाद पकड़ी गई थी। रविवार को एक बार फिर गहमर कोतवाली पुलिस ने बारा व देवल कर्मनाशा पुल के पास ट्रैक्टर पर अवैध ढंग से बिहार ले जाई जा रही खाद पकड़ी है। ट्रैक्टर चालक के खाद से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर मामले को कृषि विभाग को सौंपा गया है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उप जिलाधिकारी सेवराई राजेश

गहमर थाना में जब्त की गई ट्रैक्टर ट्राली पर लदी खाद

प्रसाद चौरसिया को सूचना मिली कि बारा व देवल कर्मनाशा पुल के रास्ते ट्रैक्टर ट्राली पर खाद लादकर बिहार भेजी जा रही है।

सूचना मिलने के बाद एसडीएम ने पुलिस को फोन कर खाद लदी ट्रैक्टर को पकड़ने का निर्देश दिया। बारा कर्मनाशा पुल के पास चौकी प्रभारी बारा मनोज कुमार तिवारी ने ट्रैक्टर ट्राली पर बारह बोरी खाद पकड़ लिया। वहीं, देवल कर्मनाशा पुल के पास से भी पुलिस ने खाद लदी ट्रैक्टर सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया। किसानों ने आरोप लगाया कि एक तरफ गेहूं के फसल की सिंचाई के सीजन में जहां खाद की भारी किल्लत है। वहीं अवैध तरीके से क्षेत्र से खाद की आपूर्ति बिहार में की जा रही है। इधर, क्षेत्र के किसानों को खाद के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता की गई है।

इसके बावजूद कुछ लाइसेंसी नियम को ताक पर रखकर मोटी कमाई के चक्कर में फर्जी आधार कार्ड पर खाद की कालाबाजारी धड़ल्ले से कर रहे हैं। एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि यूपी से बिहार में खाद ले जाना नियम के खिलाफ है। सूचना मिली कि ट्रैक्टर से खाद बिहार जा रही है। पकड़ने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया।

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता

प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि बारा से बिहार जा रही बारह बोरी खाद और चंदौली से बिहार जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली खाद बारा और देवल कर्मनाशा पुल के पास से पकड़ी गई है। बताया कि पूछताछ में चालक खाद खरीद से संबंधित कागजात नहीं दे पाया है। मामले को जांच के लिए कृषि विभाग को सौंप दिया गया है। बतादें, इसके पूर्व में भी जंगीपुर की व्यापारी की 90 बोरी अवैध रूप से बिहार जा रही खाद को पुलिस ने पकड़ा था। लोगों का कहना है कि खाद की कालाबाजारी में विभागीय अधिकारियों की उदासीनता दर्शाता है।

दोपहर की गर्मी, सुबह शाम की सर्दी बच्चों की सेहत कर रही खराब

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। दोपहर की गर्मी व शाम की सर्दी बच्चों की सेहत खराब कर रही है। दिन लगातार तापमान में हो रहे बदलाव के कारण वह मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में 120 बीमार बच्चे इलाज के लिए लाए गए।

अचानक से हुआ मौसम परिवर्तन नवजात बच्चों के लिए और भी खतरनाक हो सकता है। शिशुओं में ब्रोंकाइटिस और निमोनिया, डायरिया जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हालांकि थोड़ी सावधानी बरतकर इससे - बच्चों को बचाया जा सकता है। हास्पीटल में इन दिनों ओपीडी में बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इनमें अधिकांश खांसी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द की दिक्कतों वाले हैं। चिकित्सक मरीजों को दवा के साथ ही एहतियात बरते का परामर्श दे रहे हैं।

डॉ. एसएन राय ने बताया सामान्य सर्दी और जुकाम भी बच्चों को अपनी चपेट में लेता है। इसके अलावा इस मौसम में बुजुर्गों को भी समस्या हो रही है। सुबह-शाम के समय उन्हें सांस लेने में दिक्कतें होती है।

चिकित्सक की सलाह

बड़ीबाग के डॉ. राजीव कुमार राय ने बताया कि बदलते मौसम में बचाव सबसे आवश्यक है। खासतौर से छोटे व नवजात शिशुओं को गर्म कपड़ों में लपेटकर रखना चाहिए। ध्यान रहे कि नवजात को अधिक न नहलाएं। यदि आवश्यक हो तो गर्म पानी में कपड़ा भिगोकर शरीर पोंछ दें। बच्चों को ऐसे कमरों में रखें जहां वातावरण गर्म हो। ठंडी चीजों के सेवन से बचाव करें।

संक्षेप

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन

मरदह। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन रविवार को किया गया।जिसमें विकास खंड क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 120 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डां अशोक कुमार सिंह 51 मरीजों को देखा। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.पी.सी यादव ने 23,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 23 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 23 मरीजों का इलाज किया। इस प्रकार मेला में कुल 120 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें लीवर के एक,टीवी चार, एनिमिया के एक, सांस के -13, उदर के 12, मधुमेह - दस,ए.एन.सी. के एक, चर्मरोग 18, हाईपर टेंशन छः - अन्य रोगी 59 मरीजों को देखा गया। मौके पर संजय रावत,भगवान कुशवाहा,कंचन भारती,अनुप कुमार,राकेश पाण्डेय, अशोक कुमार, मनोज यादव,शत्रुध्न गोंड, मनीष कुमार, रमेश यादव,मंशा कुशवाहा, लीला,नीलम,वी.के.सिंह,शैलेश कुमार,रमेश चतुर्वेदी,रामधन राम,आदि मौजूद रहे।

अस्सी पेटी शराब के साथ तस्कर धराया

गाजीपुर। थाना करण्डा व स्वाट टीम ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 80 पेटी शराब बरामद की है। जिसकी बाजार में कीमत तीन लाख 22 हजार है। इसके साथ ही फर्जी नंबर प्लेट के साथ पिकअप भी कब्जे में लिया है। करंडा प्रभारी निरीक्षक संपूणार्नंद राय,स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय व सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार तिवारी की संयुक्त टीम द्वारा बड़सरा बाजार में भ्रमणशील होकर अपराध व अपराधियों के बारे मे बातचीत की जा रही थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति 80 पेटी नाजायज शराब रायल क्लासिक व्हिस्की (कुल 3840 पाउच 691लीटर बाजार कीमत 3 लाख 22 हजार रुपए) फर्जी नम्बर प्लेट लगाये पिकअप में लादकर चोरी छिपे बिहार ले जा रहा था। जिसे पुलिस ने थाना करंडा क्षेत्र अंतर्गत जमानियां के रास्ते दीनापुर चट्टी पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया। तस्कर अशोक कुमार पुत्र खजान सिंह हापुड़ जिले के धौलाना थाना सुखदेवपुर गांव का निवासी है। इसके ऊपर वाराणसी,चन्दौली में भी कई संगीन मुकदमें दर्ज है ।

झोपड़ी में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक

देवकली। सैदपुर थाना क्षेत्र के पहलाटोला ग्राम पंचायत में प्रकाश राम की झोपड़ी में रविवार की भोर में चार बजे के करीब आग लगने से दो गाय जलकर कर मर गई। वही दो रिहायसी झोपड़ी सहित उसमे रखा गेंहू, चावल, कपड़ा, विस्तर सहित अन्य सामान जलकर राख हो जाने से लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। आग भोर मे कैसे लगी इसकी जानकारी नही हो सकी। समाजसेवी कार्यकर्ता संतोष यादव ने बताया आस पास के लोगो ने आग बुझाया अन्यथा अन्य लोगो की झोपड़ियां भी जल जाती। परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाय, ताकि परिवार के लोग जीवीकोपार्जन कर सके। इसकी सूचना संबधित अधिकारियों सहित पुलिस को दे दी गई है।

हादसे का सबब बन सकता है जर्जर खंभा

गाजीपुर। शहर में कई स्थानों पर विद्युत खंभे गिरासू हालत में हैं। यह खंभे किसी भी वक्त हादसे का सबब बन सकते हैं। शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस क्रम में शहर के मालगोदाम रोड, स्टेशन रोड, बन्धवा, बंसीबाजार में भी खंभे काफी समय से गिरासू हालत में है। इसकी वजह से लोग दहशत में हैं। बता दें कि शहर के तहसील रोड, बाईपास मार्ग, लंका, टैक्सी स्टैंड और भुतहियाटाड आदि मोहल्लों में लगे विद्युत खंभे काफी समय से गिरासू हालत में हैं। यह खंभे हादसों को न्योता दे रहे हैं। गिरासू खंभों से कभी भी हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने कई बार इसे बदलवाने की मांग की है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है।

सस्ते सफर के लिए जोखिम उठा रहे यात्री

वाहनों में यात्रियों को ठूंसकर ले जाया जा रहा

गाजीपुर। रोडवेज का किराया बढ़ने के बाद सस्ते सफर के लिए लोग डग्गामार वाहनों में जोखिम उठाकर यात्रा कर रहे हैं। रोडवेज में सफर महंगा होने के बाद डग्गामार वाहन भी मनमानी पर उतर आए हैं। वे क्षमता से दो से ढाई गुना सवारियां बैठा रहे है। जिला मुख्यालय से सैदपुर, मरदह, दुल्लहपुर, मुहम्मदाबाद, वाराणसी और गोरखपुर मार्ग पर सवारियां ज्यादा मिलने से डग्गामार वाहनों के चालक भी मनमानी करने लगे हैं। वे तीन सवारियों वाली सीट में चार से पांच सवारियों को बिठा रहे हैं। कुछ कहने पर उतारने की धमकी अलग से देते हैं। इन पर लगाम लगाने के लिए जिम्मेदार महकमे यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। एआरटीओ विभाग का कहना है कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

कंडक्टर चिल्लाते रहे और सवारियां ले गए डग्गामार

रोडवेज बस के आगे एक दर्जन से अधिक जीप, आटो और मैजिक गाड़ियां खड़ी होती हैं। जिससे रोडवेज को प्रतिदिन हजारों रुपए की चपत लग रही है। बढ़े किराये की वजह से अब स्थिति यह हो गई हैं कि रोडवेज के कंडक्टर चिल्लाते रहते हैं और उनके आंखों के सामने ही डग्गामार वाहन चालक सवारियां भर ले जाते हैं। कम किराये की वजह से लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। शहर के पीरनगर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें ड्यूटी के चलते प्रतिदिन मऊ जाना पड़ता है। पहले वह रोडवेज से जाते थे लेकिन किराया बढ़ने से अब तीन दिनों से डग्गामार वाहन से यात्रा कर रहे हैं। फुल्लनपुर निवासी रेखा यादव ने बताया कि उन्हें शादी में आजमगढ़ जाना है लेकिन रोडवेज का किराया अधिक होने से वह परिवार सहित मैजिक से जा रही हैं।

सीवर लाइन बिछाने के बाद मिट्टी डालकर छोड़ दी गई सड़क, राहगीरों को परेशानी

समस्या

सिटी रेलवे स्टेशन रोड पर चलना हुआ मुश्किल

गाजीपुर। सीवरेज योजना के तहत पाइप लाइन डालने को लेकर सीटी रेलवे स्टेशन स्थित सड़क खोदी गई, लेकिन खोदी हुई सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।

सड़क की मरम्मत कार्य नहीं होने से सड़क के गड्ढ़ों में पानी भर जाता है। सिटी रेलवे से ट्रेन पकड़ने में लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल आने जाने वाले बच्चे रास्ता बदल कर जाने लगे है।

सिटी रेलवे स्टेशन स्थित सड़क को खोद कर करीब दो सप्ताह पूर्व पाइपलाइन बिछाई गई थी। कार्यदायी संस्था ने पाइपलाइन तो बिछा दी, मगर सड़क को जैसे तैसे छोड़ दिया। हालांकि, सड़क की मरम्मत का कार्य कार्यदायी संस्था की कार्ययोजना में शामिल है।

राहगीर लगातार समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं, इसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पा रहा। नगरवासियों ने कहा कि पाइप डालने का कार्य शहरवासियों के लिए सरदर्द बन गया है। पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों व गलियों की हालत इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि पैदल चलना मुश्किल हो चुका है।

शहरवासी दुर्घटना के हो रहे शिकार

पवन सिंह ने कहा कि सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के प्रयास में शहर की ज्यादातर सड़कों व गलियों की हालत खराब कर दी है। फुल्लनपुर निवासी राजीव कुमार सिंह सुबह अपनी कार स्टेशन रोड से निकाली तो वह बीच में ही फंस गई। पूरे शहर में पाइप बिछाने के बाद किसी भी स्थान पर मरम्मत नहीं की जा रही है और आए दिन शहरवासियों के वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

टेंडर के मुताबिक नहीं डाली गई सामग्री

तारकेश्वर खरवार ने कहा कि पाइपें भी घटिया डाली जा रहीं हैं। पाइप लाइन बिछाने का काम नियमों को ताक पर रख कर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टेंडर के मुताबिक पाइप के नीचे अच्छी तरह से निर्माण सामग्री डाली जानी थी, लेकिन थोडे कंकड़ और मिट्टी डाल कर काम पूरा कर रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि पूरा कार्य नियमों की अनदेखी कर गलत तरीके से किया जा रहा है। इससे शहरवासियों की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उनकी प्रशासन से अपील है कि इसकी जांच कराई जाए।

सिटी स्टेशन रोड की सीवर पाइप डालने के बाद की स्थिति

लालसा इंटरनेशनल स्कूल में हुआ विदाई समारोह

प्रबंधक अजय यादव ने छात्रों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। सादात ब्लाक अंतर्गत रायपुर स्थित लालसा इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा नौ और ग्यारह के विद्यार्थियों ने 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तूत कर उपस्थितजनों की वाहवाही लूटने का काम किया।

समारोह में विद्यार्थियों ने जमकर धमाल मचाते हुए अपने अनुभव को एक दूसरे से साझा किया। प्रबंध निदेशक अजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का आगाज किया। प्रबंध निदेशक ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होने बताया कि विद्यालय में कक्षा नर्सरी से नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। अभिभावक विद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन एडमिशन करा सकते हैं। उन्होने कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम और अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। परीक्षा में धैर्य, लगन और मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आप सभी अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा दें और बेहतर रिजल्ट करें यही मेरी शुभकामना है। इस दौरान छात्र-छात्रा और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

दिलदारनगर से सोनवल चलेगी पैसेंजर ट्रेन

दिलदारनगर जंक्शन से सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर होगी रवाना

जनसंदेश न्यूज

सुहवल। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर के आने वाले 19 किमी लंम्बे दिलदारनगर- ताड़ीघाट ब्रांच लाइन पर चलने वाली एकमात्र पैसेन्जर ट्रेन का ठहराव रेलवे के अधिकारियों द्वारा रविवार से ताड़ीघाट के बजाय सोनवल में शुरू करा दिया गया। रेलवे द्वारा पूर्व में लिए गये निर्णय के अनुसार आठ बोगियों वाली पैसेन्जर ट्रेन दिलदारनगर जंक्शन से सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर रवाना हुई।

जो सरहुलां,नगसर स्टेशन से होते हुए 9 बजे सोनवल बनाए गये अस्थाई प्लेटफार्म पर सैकड़ों यात्रियों को लेकर पहुंची। वहीं ट्रेन के साथ आए दिलदारनगर स्टेशन प्रबंधक नफीस अहमद खान, पीडब्लूआई दिलीप सिंह सहित आरपीएफ जवानों ने सोनवल बनाए गए अस्थाई प्लेटफार्म, टिकट काउंटर आदि का सुरक्षा की दृष्टिगत निरीक्षण किया।

यहाँ सुविधाएं बढ़ाने के लिए आश्वासन दिया। उपस्टेशन प्रबंधक सुजित कुमार ने बताया कि ट्रेन अब प्रतिदिन सोनवल से दिलदारनगर तक चलेगी।

सोनवल में बने अस्थाई टिकट काउंटर का निरीक्षण करते स्टेशन प्रबंधक नफीस अहमद खान एवं आरपीएफ के जवान।

ताड़ीघाट स्टेशन पर छाया सन्नाटा

विभाग द्वारा इस ब्रांच लाइन पर सोनवल 9 एलसी से दिलदारनगर तक करीब सोलह किमी लंम्बे रूट पर पीक्यूआएएस कार्य के तहत पुराने स्लीपर व रेल लाइन को हटा नया लगाया जाना है। ताकि चलने वाली ट्रेनों को रफ्तार दी जा सके। विभाग के अनुसार यह कार्य करीब डेढ़ माह तक चलने की उम्मीद है। बतादें, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रेलवे अधिकारियों ने ताड़ीघाट स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों को एक दिन पूर्व सोनवल तैनात कर 143 साल पुराने अतिप्राचीन ताड़ीघाट स्टेशन को बंद कर दिया।जिसके बाद वहाँ सन्नाटा पसर गया।

पैसेंजर ट्रेन की समय सारिणी

रेलवे प्रशासन के मुताबिक पैसेन्जर ट्रेन प्रतिदिन सुबह 6 बजकर 15 पर डीडीयू जंक्शन से चलकर सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर दिलदारनगर पहुंचेगी। पैसेंजर ट्रेन दिलदारनगर से सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर खुलेगी। जो विभिन्न स्टेशन होते हुए 9 बजे सोनवल पहुंचेगी। इसी तरह 9 बजकर 45 सोनवल से चलकर 10 बजकर 20 मिनट पर दिलदारनगर जंक्शन पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन दूसरे फेरे में दिलदारनगर से 10 बजकर 50 एवं तीसरे फेरे में शाम 4 बजकर 45 मिनट पर सोनवल के लिए रवाना होगी।

31 डिग्री पहुंचा पारा गेहूं पर संकट गहराया

गेहूं के लिए 16 से 18 डिग्री तापमान उपयुक्त

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। तापमान बढ़ने से ठंड से जरूर राहत मिल गई है लेकिन, गेहूं की फसल पर संकट खड़ा हो गया है। गेहूं की उपज के लिए बढ़ा तापमान उपयुक्त नहीं है। जिले में बड़े पैमाने पर किसान गेहूं की खेती करते हैं, इससे गेहूं किसान भी परेशान हैं। कृषि विशेषज्ञों ने एहतियात बरतने की सलाह दी है।

जिले में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर में किसान गेहूं की खेती करते हैं। अब तक तो सब कुछ ठीक था, लेकिन अब धीरे-धीरे बढ़ रहे तापमान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल अधिकतम तापमान फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही 31 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

कृषि विज्ञान डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि गेहूं की फसल के लिए 16 से 18 डिग्री सेल्सियस तापमान ही उपयुक्त है। इस तापमान में बेहतर पैदावार होती है। ऐसे में बढ़ा हुआ तापमान गेहूं की फसल के लिए ठीक नहीं है। बढ़े तापमान में गेहूं का दाना पूर्ण रूप से विकसित होने के पहले ही पक जाएगा।

फसल की नियमित करें देखभाल

जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि तापमान बढ़ने से रोका नहीं जा सकता है, लेकिन उपज को बचाने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। किसान गेहूं की फसल नियमित निगरानी करें। फसल को सूखने न दें, नमी बरकरार रखने का प्रयास करें। जरूरत नजर आने पर तत्काल फसल की सिंचाई करें। नमी बनी रहने से फसल का विकास सामान्य गति से होता है।

सेवराई में होगा उप निबंधन कार्यालय का लोकार्पण

जमानियां विधायक ओम प्रकाश सिंह का प्रयास लाया रंग

जनसंदेश न्यूज

सेवराई। सपा राष्ट्रीय सचिव व जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह का प्रयास रंग लाने लगा है। सेवराई तहसील पर उप निबंधन कार्यालय शुरू होने की प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है।

बतादें, स्थानीय तहसील क्षेत्र के लोगों को उप निबंधन कार्यालय नहीं होने की वजह से रजिस्ट्री कार्य के लिए लोगों को जमानियां तहसील जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है । ऐसे में क्षेत्रीय लोगों व अधिवक्ताओं द्वारा बार-बार उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सेवराई तहसील मुख्यालय पर उप निबंधन कार्यालय बनाये जाने का मांग किया जा रहा था । लोगों की मांग के बावजूद भी उप निबंधन कार्यालय नहीं खोले जाने से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने

सेवराई तहसील मुख्यालय पर उप निबंधन कार्यालय।

जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह से जल्द सेवराई तहसील मुख्यालय पर उप निबंधन कार्यालय बनाए जाने की मांग की। विधायक ओमप्रकाश सिंह ने शासन से उप निबंधक कार्यालय खोले जाने को लेकर पत्र लिखे। जिसके बाद शासन ने सभी औपचारिकताएं पूरा कर रजिस्टार सहित अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर दी। अब उप निबंधन कार्यालय के लोकार्पण के लिए कार्यालय भवन को अंतिम रूप दिए जाने को लेकर कार्य जोरों पर है। विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने बताया कि उप निबंधन कार्यालय एक निजी भवन में स्थापित करा कर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

फरवरी माह तक उम्मीद है कि उप निबन्धन कार्यालय का लोकार्पण भी कराकर जनता के लिए कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

करोड़ों खर्च, फिर भी कूड़े से नहीं मिली निजात

गाजीपुर। शहर की सफाई व्यवस्था पर नगर निकाय हर माह करोड़ों रुपए खर्च करता है। फिर भी शहर की हालत खस्ता बनी हुई है। वही आधे शहर में कर्मियों की मनमानी के कारण कूड़ा उठाया नहीं गया है। इस कारण जगह-जगह कचरे का अंबार लग गया है। बदबू से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। दूसरी ओर नगर निकाय के अधिकारियों का कहना है कि शहर में कूड़े को नियमित उठाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा का बड़ा-बड़ा होर्डिंग व बैनर लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाला निकाय खुद शहर की सफाई करने में रुचि नहीं दिखा रहा है। यही कारण है कि शहर की अधिकतर सड़कों पर कूड़े का ढेर लगा हुआ था। कहीं कूड़े के ढेर पर आवारा पशु मंडरा रहे थे, तो कहीं पर सड़कों पर कचरा फैला था। स्टेशन रोड मार्ग, बंसीबाजार, सुखदेवपुर रोड में जगह-जगह सड़क पर ही कूड़ा का ढेर लगा हुआ था। शहर की मुख्य सड़कों पर जहां कूड़े का ढेर लगा है, वहीं गलियों व मोहल्ले की हालत भी नारकीय है। लोग घर से निकलनेवाले कूड़े को नालियों व खुले स्थानों में फेंकने के लिए विवश हैं। इससे लोगों को परेशानी भी हो रही हैं।

एनपीएस और निजीकरण देश के लिए खतरनाक

जताया विरोध

लंका मैदान में आयोजित हुआ पेंशन महासम्मेलन

जनसंदेश न्यूज

गाजीपर। एनओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि प्रदेश के 13 लाख एवं देश के 80 लाख शिक्षक, कर्मचारी अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन के लिए सरकारों से बार-बार गुहार लगा रहा है। लेकिन सरकार सम्वेदनहीन हो गई है। जो एनपीएस का झुनझुना पकड़ा रही है। उसके भीषण दुष्परिणाम सामने आ रहे है। किसी कर्मी को 700, 1500, 3000 रु. एनपीएस के अन्तर्गत पेंशन मिल रही है। यह उसके साथ बहुत बड़ा छलावा है। फिर भी सरकारे और देश के अर्थशास्त्री उसकी बेवजह खुबिया बताते घूम रहे है।

प्रदेश अध्यक्ष रविवार को लंका मैदान में आयोजित पेंशन महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ एनपीएस व्यवस्था से लोगों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। तो दुसरी तरफ निजीकरण से युवाओं का वर्तमान अन्धकारमय हो रहा है। इसलिए एनपीएस और निजीकरण देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि माननीयों को पेंशन व देश के लिए जान देने वाले अर्द्धसैनिक बलों को पेंशन से वंचित करना यह राष्ट्रवाद की कौन सी परिभाषा है। हमारा संविधान वेलफेयर स्टेट कि हिमायत करता है। जबकि वर्तमान सरकार बिजनेस स्टेट बनाने पर तुली हुई है। शिक्षको, कर्मचारियों, अधिकारियों का पेंशन हक है इसे लेकर रहेंगे। प्रधानमंत्री का दिया गया बयान शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारियों के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर राधेश्याम सिंह, शमशेर अंसारी, अकबर अंसारी, जगदीश हरिजन, पुनित कान्त त्रिपाठी, शेराज अहमद, जनार्दन यादव, दीवाकर सिंह काकन, गंगाधर पाण्डेय, रामनगीना यादव, प्रवीण तिवारी आदि लोग उपस्थित रहें। संचालन महामंत्री मानवेन्द्र सिंह और अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मारकण्डेय यादव ने किया।

लंका मैदान में आयोजित पेशन महासम्मेलन में उपस्थित कर्मचारी

बुढ़ापे के सहारा के लिए जवानी में करें संघर्ष

प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय ने कहा कि एनपीएस आने वाले भविष्य में देश का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा। पुरानी पेंशन बहाली के लिए अन्तिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे। प्रदेश महामंत्री नीरजपति ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है और संघर्ष में सफलता भी मिल रही है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी उत्तर प्रदेश के पूर्व महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के एक लाख सफाई कर्मचारी अटेवा का कन्धा मिलाकर साथ-साथ चलेगा। अटेवा के प्रदेश मंत्री विजय प्रताप बुढ़नपुरी ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा है, इस सहारे को पाने के लिए हम अपनी जवानी को इस संघर्ष में लगा देंगे। प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी रंजना सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के आन्दोलन में हम महिला बहने भी पीछे नहीं हटेंगे ।

जनसंपादकीय

बुद्ध की धरती पर कविता

प्रो.सदानंद शाही

ढाई हजार वर्ष से भी अधिक समय हुआ जब भारत की धरती पर एक महामानव आए जिन्होंने 'तुमुल कोलाहल कलह' से आकुल-व्याकुल समस्त मनुष्य जाति को शांति और आश्वस्ति का गंभीर वाणी में संदेश दिया कि बैर से बैर शांत नहीं होता, अबैर से शांत होता है। यह युद्ध के घोष के विरुद्ध बुद्ध का घोष था- करुणा का, मैत्री का, शील और प्रज्ञा का धम्म-घोष!

बुद्ध के संदेश में एक प्रकाश था जिसने समस्त मानव जाति को सभ्यता की एक नई राह सुझाई! और यह प्रकाश तिब्बत, चीन, मंगोलिया, कोरिया, वर्मा, हिंद चीन, जापान, लंका और पश्चिम एशिया तक फैलता गया। मैथ्यू अर्नाल्ड ने बुद्ध को ठीक ही 'एशिया का आलोक' कहा था। एशिया के इस आलोक ने मानव की रचना और विचारधारा को नई प्रेरणा दी। न केवल धर्म-दर्शन और तर्कशास्त्र का बल्कि शिल्प कला और साहित्य का बहुपक्षीय विकास और विस्तार हुआ। एशिया का यह आलोक फूटा था गया की पावन धरती पर! गौतम को यहीं आकर बुद्धत्व का प्रकाश मिला। अपनी 'भूमि स्पर्श' मुद्रा वाली मूर्ति में बुद्ध इसी धरती की ओर संकेत करते दिखाई देते हैं।

दुनिया को 'अप्प दीपो भव' का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध को दुनिया महान शिक्षक के रूप में याद करती है । प्राचीन भारत के इतिहास में एक हजार वर्षों तक धम्म की जिस विशाल तरंग ने समूचे भारत को सराबोर कर दिया था। उसके सर्वोच्च शिखर पर जो महिमामयी मूर्ति विराजमान है, दुनिया उन्हें शाक्य मुनि गौतम बुद्ध के नाम से जानती है। प्राचीन भारत में उन्हीं की प्रेरणा से एक महान सामाजिक क्रान्ति का सूत्रपात हुआ और धर्म साहित्य, कला और संस्कृति में एक नव जागरण । आधुनिक भारत में भी उन्नीसवीं शताब्दी से जिस महान नवजागरण का आरंभ हुआ उसकी प्रेरणा का एक शक्ति स्रोत भगवान बुद्ध हैं। त्रिपिटक का संपादन-प्रकाशन-अनुवाद, तिब्बत संरक्षित बौद्ध साहित्य के मूल ग्रन्थों की खोज और सबसे बढ़कर स्वाधीनता संग्राम के दौर में आधुनिक भारत के भविष्य के भारत के निर्माण में बुद्ध के सामाजिक विचारों का प्रचार हमारे सांस्कृतिक जागरण का संबल बना। आजादी के बाद समूचे देश में सम्राट अशोक द्वारा सारनाथ में स्थापित स्तंभ के उस शीर्ष भाग को अपना राष्ट्रीय चिह्न स्वीकार किया जिसमें चार सिंह चार दिशाओं में गर्जना करते हुए बुद्ध द्वारा प्रतिपादित सार्वभौम सत्य की घोषणा कर रहे हैं, जिसकी निचली वेदिका में उत्कीर्ण गज, अश्व , वृषभ और सिंह बुद्ध के जन्म, महाभिनिष्क्रमण, धर्मचक्र प्रवर्तन और सत्य के सर्वतोमुखी निर्भय प्रचार का संकेत करते है। राष्ट्रीय ध्वज में स्थापित चक्र एक ओर कालचक्र का तो दूसरी ओर धर्मचक्र का, उसकी शाश्वत सनातन गति का प्रतीक है । इस चक्र के भीतर से बुद्ध का संदेश अब भी गूंजता है- चरथ भिक्खवे।

> दुनिया को 'अप्प दीपो भव' का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध को दुनिया महान शिक्षक के रूप में याद करती है । प्राचीन भारत के इतिहास में एक हजार वर्षों तक धम्म की जिस विशाल तरंग ने समूचे भारत को सराबोर कर दिया था। उसके सर्वोच्च शिखर पर जो महिमामयी मूर्ति विराजमान है, दुनिया उन्हें शाक्य मुनि गौतम बुद्ध के नाम से जानती है।

समय निरन्तर चल रहा है, देशवासियों, तुम भी युगचक्र के साथ निरंतर चलते रहो, चलते रहो। यह सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में जड़ता के विरुद्ध गति का संदेश प्राचीन भारत में बुद्ध ने दिया। आधुनिक भारत को अपनी रूढ़ियों से, अपनी दुर्बलता और पिछड़ेपन से संघर्ष और मुक्ति के लिए विचारों के जिन अस्त्रों की आवश्यकता थी वे बुद्ध की तपस्याओं के कमंडलू से निकले थे। मनुष्य को परखने की कसौटी जाति नहीं, चरित्र है। बुद्ध का यह संदेश समता और सामाजिक न्याय के विचारों में फलीभूत हुआ। यज्ञ में पशुबलि धर्म नहीं, वरन् अंधविश्वास है, हिंसा धर्म नहीं - अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है-बुद्ध के इस संदेश ने जीव मात्र के प्रति दया, मानव मात्र के प्रति करुणा ओर सहानुभूति, त्याग और सेवा के विचार को युग का आदर्श बना दिया। बुद्ध के इन संदेशों में वह प्रकाश था जिसने पहले एशिया को और फिर समूचे विश्व मानस को आलोकित किया। बुद्ध वाणी से प्रकाशित इस आलोक को पूरी दुनिया में सुना गया ।

विश्व कविता ने और भारतीय कविता ने बुद्ध की वाणी से प्रेरणा लेकर मानव की विकास यात्रा को अभिनव प्रकाश से भर दिया था । आज जब चारों ओर जाति, वर्ण, पंथ और संप्रदाय के नाम पर घृणा वैर, हिंसा, कलह, वैमनस्य और विद्वेष की विषाक्त लहरें उठ रही हैं और अहिंसा , शांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता के मूल्यों के लिए खतरा पैदा कर रही हैं, दुनिया एक और विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है तो अहिंसा, शांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता के मूल्यों की, बुद्ध के विरासत की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही है। बुद्ध की महान वसीयत अहिंसा, शांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता को जन मन से जोड़कर अतीत को वर्तमान की शक्ति में बदलने की जरूरत है। ताकि एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ा जा सके जिसकी बुनियाद में अहिंसा और करुणा हो, समता और शांति हो, मैत्री और एकता हो, त्याग और सेवा हो।

आज जब बामियान की पहाड़ियों में उत्कीर्ण बुद्ध की विशाल मूर्ति को तोड़ कर ढहाने वाली तालिबानी बंदूकों की सत्ता मानव जाति को मुंह चिढ़ा रही है तब क्यों न हम बुद्ध की उपदेश-भूमि पर एकत्र होकर इन बंदूकों के भद्दे शोर के प्रतिवाद में कविता का धम्म-घोष करें।

हजारों वर्षों से बुद्ध भारतीय ही नहीं विश्व कविता,कला और स्थापत्य को प्रेरित और प्रभावित करते रहे हैं।हम बुद्ध की भूमि में एकत्र होकर कविता और कला की उस दुनिया का पुनः स्मरण ही नहीं बल्कि पुनः सृजन करना चाहते हैं।विश्व को अपने आलोक से आलोकित करने वाली मानवीय करुणा की धारा नये सिरे से अपने भीतर प्रवाहित होते अनुभव करना चाहते हैं।

'बुद्ध की धरती पर कविता'- काव्य- यात्रा की श्रृंखला का इसी उद्देश्य आयोजित है । बुद्ध की निर्वाण भूमि कुशीनगर में (2019) ,जन्मभूमि लुंबिनी में (2020) और तीसरी कड़ी बोध गया में (2022) के बाद चौथी कड़ी सारनाथ में 4-5 मार्च 2023 को प्रस्तावित है। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हम हिन्दी ही नहीं भारतीय और विश्व कविता में बुद्ध की उपस्थिति पर विचार करेंगे। देश भर से आने वाले कवियों की बुद्ध केन्द्रित कविताओं में अवगाहन करेंगे और इस तरह अपने भीतर बुद्ध की अवतारणा करेंगे।

संगोष्ठी के प्रस्तावित सत्र हैं, बुद्ध,कविता और सौन्दर्य दृष्टि, संवाद पुरुष बुद्ध, करुणा की नदी में कविता, विश्व कविता में बुद्ध, तिब्बती कविता में बुद्ध, भारतीय कविता में बुद्ध, हिन्दी कविता में बुद्ध, केदारनाथ सिंह की कविता में बुद्ध। आमंत्रित विद्वानों में कवि श्री के सच्चिदानन्दन (त्रिवेन्द्रम), श्री राधावल्लभ त्रिपाठी(भोपाल) श्री कृष्ण कुमार(चंडीगढ़) श्री हरीश त्रिवेदी (नयीदिल्ली),श्री राजेश जोशी(भोपाल) श्री अरुण कमल (पटना) श्री आलोक धन्वा(पटना) श्री ज्ञानेन्द्रपति (वाराणसी) श्री उदय प्रकाश (नयी दिल्ली)श्री नरेश सक्सेना(लखनऊ)सुश्री अनामिका(नयी दिल्ली) सुश्री गगनगिल (नयीदिल्ली)श्री हृदयरञ्ज बज्राचार्य (कुलपति,लुम्बिनी बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय)एवं श्री आनन्द कुमार (नयी दिल्ली) शामिल हैं। आप भी इन तिथियों में सारनाथ में मौजूद रहें और इस महत गोष्ठी और काव्यपाठ का आनन्द उठायें।

(लेखक प्रेमचंद साहित्य संस्थान के निदेशक और शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं, संपर्क 96163 93771)

(औपनिवेशिक शासन के खिलाफ खुदाई खिदमतगार प्रतिरोध आंदोलन के संस्थापक अब्दुल गफ्फार खान का जन्म इसी फरवरी माह में हुआ था। वो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांतिवाद के लिए जाने जाते थे और उपमहाद्वीप में हिंदू-मुस्लिम एकता के हिमायती थे, समान विचारधारा वाले और महात्मा गांधी के साथ घनिष्ठ मित्रता रखते थे। खान को सरहदी गांधी उपनाम दिया गया था। खुदाई खिदमतगार की सफलता और लोकप्रियता ने अंततः औपनिवेशिक सरकार को खान और उनके समर्थकों के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू करने के लिए प्रेरित किया; खुदाई खिदमतगार ने संपूर्ण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कुछ सबसे गंभीर दमन का अनुभव किया।)

शांति के लिए प्रतिबद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान

स्मरण

मुख्तार खान

बात उन दिनों की है, महात्मा गाँधी को दक्षिण अफ्रीका से लौटे अभी चंद वर्ष ही बीते थे। जल्द ही उनके द्वारा चलाये जा रहे अहिंसक, सत्यग्रह की चर्चा चारो तरफ होने लगी थी। सैकड़ों मील दूर अफगानिस्तान की सरहद पर पशतून पठान कबीले तक भी यह बात पहुंची। इसी कबीले के एक पढे लिखे नौजवान को सत्य, अहिंसा पर आधारित गाँधी का फल्सफा ऐसा भाया कि उसने जनसेवा को ही अब अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। इस पठान के त्याग और बलिदान को देख कर ही लोगों ने आगे चलकर उन्हें 'सरहदी गाँधी' का खिताब दिया। इस जियाले नौजवान का पूरा नाम था 'खान अब्दुल गफ्फार खान'। लोग उन्हें प्यार से बाचा खान या बादशाह खान के नाम से भी बुलाया करते।

'खान अब्दुल गफ्फार' का जन्म सीमान्त प्रान्त में (वर्तमान पाकिस्तान) 6 फरवरी 1890 को हुआ था। पिता 'बेहराम खान' रुसूख वाले व्यक्ति थे। इन्हें मिशनरी स्कूल में पढ़ने भेजा गया । इसके बाद उच्च शिक्षा के लिये वे अलीगढ़ आये। ऊंची कद-काठी वाले बादशाह खान दर-असल फौज में अफसर बनना चाहते थे। एक बार एक भारतीय अफसर को किसी अंग्रेज अधिकारी द्वारा अपमानित हुए देखा। अपना आत्मसम्मान खोकर उन्हें ब्रिटिश फौज की नौकरी करना भला अब क्योंकर गंवारा होता? उसी वक़्त उन्होंने ब्रिटिश फौज की नौकरी का ख्याल अपने दिल से हमेशा के लिये निकाल दिया।

बादशाह खान का जन्म सीमांत प्रांत के जिस पश्तून पठान कबीले में हुआ था। वहाँ शिक्षा और आधुनिक जीवन मूल्यों का अभाव था। लोग आपस में कबीलों के नाम पर बटे हुए थे। हथियार और हिंसा का तो जैसे चोली दामन का साथ हुआ करता। खानदानी दुश्मनी निभाना,एक दूसरे से बदला लेने का चलन भी आम था। महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय थी। इन कठिन परिस्थितियों में बादशाह खान ने इन पठानों के बीच जन जागृति लाने का निश्चय किया। अभी उनकी उम्र केवल 20 वर्ष की ही थी। सब से पहले उन्होंने 1910 में लडकियों की शिक्षा के लिये एक स्कूल खोला। इस के बाद 'अफगान रिफॉर्म सोसाइटी' नामक संस्था बनाई। धीरे धीरे स्थानीय लोग इनसे जुडने लगे।

अपनी कौम की दुर्दशा देख कर उन्हें बडा दुख होता। वे जानते थे कि यदि एक बार वे इन पठानों का दिल जीतने में कामियाब हो गये तो फिर बदलाव से इन्हें कोई नहीं रोक सकता। वे एक जत्था बनाकर गावँ-गावँ घूमकर लोगों को इकट्ठा करते। अपने भाषणों में वे अक्सर बल देकर कहते ₹हमें अपने जीवन का आराम, समय और पैसा अपनी कौम की भलाई के लिये खर्च करना चाहिए। संसार में उन्हीं कौमों ने तरक़्क़ी की जिन्होने अपना स्वार्थ त्याग कर औरों के दुख दर्द को अपना जाना, एक जुट होकर सामजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया। इन्सान और हैवान में यही तो एक अन्तर है। हैवान केवल खुद के लिये जीता है। को अपना जीवन सुधारने के लिये सामूहिक प्रयास करने चाहिए। केवल स्वयं की उन्नति के बारे में प्रयास करते रहना तो पशु प्रवृत्ति है। इस तरह अपने असरदार भाषणों से लोगों को औरों की खातिर जीने के लिए प्रेरित करते।

1929 में उन्होने खुदाई खिदमतगार नाम से एक संस्था बनाई। खुदाई खिदमतगार का मतलब हुआ खुदा की खिदमत करने वाले, लेकिन खुदा को भला किसी की खिदमत की क्या जरूरत? खुदा के बन्दों की सेवा करना ही खुदा की सेवा करना। इस संस्था के दो अहम लक्ष्य थे सेवा कार्य और दूसरे ब्रिटिश सरकार की गुलामी से आजादी। खुदाई खिदमतगारों से जुड़ने की शर्तें थीं जीवन भर अहिंसा के मार्ग पर चलना और हिंसा से दूर रहना, अमीर हो या गरीब दिन में दो घन्टे श्रम करना, अपने जीवन में सादगी और सच्चाई का पालन करना, आपस में किसी तरह का भेदभाव न रखना और अपनी पहचान के तौर पर लाल कुरती पहनना।

गाँव गाँव जाकर बादशाह खान पठानों को अंग्रेजों की गुलामी का एहसास भी करवाते जाते। वे साथ ही शिक्षा और आधूनिक जीवन मूल्यों से भी उन्हें रुबरू करवाते जाते। बाहर से कठोर लेकिन भीतर से अति कोमल पठानों के दिल पर बादशाह खान की बातों का करिश्माई असर दिखाई देने लगा। कल तक यही पठान बात पर हवा में हथियार लहराया करते। आज वे ही लोग अंग्रेजों के जुल्म व सितम के बावजूद शांति से मोर्चे पर अडिग रहा करते। देखते ही देखत कुछ ही वर्षों में सैकड़ों खुदाई खिदमतगार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एकत्र होने लगे। खैबर पख्तून में खुदाई खिदमतगारों की एक ऐसी सेना तैयार हो गयी। ऐसी सेना जो सच्चाई और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपनी जान तक देने तक को तैयार रहती। इन खुदाई खिदमतगारों के जज्बे को देख कर ब्रिटिश कहा करते 'हिंसा पर उतारु पठानो को रोका जा सकता है लेकिन इन सत्याग्रहियों से निपटना अधिक मुश्किल है।'

बादशाह खान के आन्दोलन को कुचलने के लिये ब्रिटिश सरकार ने दमन का मार्ग चुना। अब बार-बार उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता। कड़ाके की सर्द रातों में में फर्श पर सुलाया जाता। बादशाह खान जिस भी जेल में कैदी बन कर जाते यहाँ उनके नाप के कपडे मिलना मुश्किल हो जाता। अक्सर उन्हीं तंग कपड़ों में उन्होंने लंबी लंबी सजाएं काटी। स्वतंत्रता के आन्दोलन में बादशाह खान एक ऐसे स्वतंत्रता सेनानी रहे जिन्होंने जिनके जीवन का बेश्तर हिस्सा कैद में गुजारा। जलसे या मोर्चे में बादशाह खान के होने मात्र से सरकारें खौफ खाया करती थीं । ब्रिटिश हुकूमत लगातार उनकी मूमेंट पर नजर बनाये रखती। इसी लिये उन्हें अंग्रेज सरकार ने पूरे15 वर्षों तक जेल में बंदी बनाये रखा। स्वतन्त्रता के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिली विभाजन के बाद पाकिस्तान सरकार को इस गांधीवादी नेता का स्वतंत्र रहना रास ना आया। यहाँ की सरकाजरों ने भी उन्हें 15 वर्षों तक जेलम, में सख्त यात्नायें सहनी पड़ीं, उनके साथियों को भी खूब प्रताड़ित किया गया। इसके बावजूद बादशाह खान और उनके साथियों ने कभी हिंसा का मार्ग को नहीं अपनाया।

कुछ वर्षों बाद बादशाह खान की संस्था खुदाई खिदमतगार और काँग्रेस का विलय हुआ।यहाँ भी अपने सेवा भाव अहिंसा के चलते खुदाई खिदमतगारो ने अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। काग्रेस से जुड़ने के बाद भी वे एक सिपाही की तरह ही रहे। 1934 के वर्धा अधिवेशन में खान अब्दुल गफ्फार खान को कांग्रेस की अध्यक्षता का प्रस्ताव भी दिया दिया गया। लेकिन बादशाह खान ने बड़ी विनम्रता से यह कह कर प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया कि ₹मैं एक सिपाही हूं और सिपाही ही बने रहना चाहता हूं।₹

एक बार गांधी जी से बात करते हुए अहिंसा के विषय पर चर्चा होने लगी। बादशाह खान ने गांधी जी से पूछा ₹हम पठानों को अहिंसा का सबक सीखे कुछ ही वर्ष हुए हैं। जबकि आप कई वर्षों से यहां के लोगों को अहिंसा को अपनाने की सीख देते रहे हैं। इसके बावजूद 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान इलाके में कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं हुईं । वहीं, इसकी तुलना में सरहद के पठान अंग्रेजों के जुल्म सहते रहे लेकिन उन्होंने किसी भी सूरत में हथियार नहीं उठाए जबकि बड़ी आसानी से उन्हें भी हथियार उप्लब्ध थे।' सवाल सुनकर गांधी मन ही मन मुस्कुराए और कहा, ₹बादशाह खान"! अहिंसा के मार्ग पर चलना बहादुरों का काम है, बुजदिलों का नहीं, पठान औरों से अधिक बहादुर कौम है, यह इस बात का सबूत है।'

महात्मा गांधी की तरह बादशाह खान नहीं चाहते थे कि धर्म के नाम पर देश को बाटा जाये। वे अंत तक लगातार कोशिश करते रहे कि भारत अखंड और एक बना रहे। लेकिन आखिर कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने विभाजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। धर्म के नाम पर देश के विभाजन से गांधी जितने आहत हुए सरहदी गांधी भी उतने ही विचलित और दुखी थे। बुझे मन से वे अक्सर कहा करते ₹भारत विभाजन का निर्णय लेते समय हम पठानों के बारे में किसी ने विचार नहीं किया। हमें खुदा के रहमों करम पर छोड़ दिया गया।

बादशाह खान चाहते तो विभाजन के बाद वे भारत में शान से रह सकते थे लेकिन उन्हें अपने पठान भाइयों की फिक्र थी। पाकिस्तान बनने के बाद भी खान अब्दुल गफ्फार खान ने अपना संघर्ष जारी रखा। वे पश्तून पठानों के अधिकारों के लिए लगातार वहाँ की सरकारो से जूझते रहे। यहां तक कि पाकिस्तान सरकार ने उन्हें भारत का एजेंट तक करार दे दिया। उन्हें वर्षों तक जेल में यातनाएं दी जाती रही। 30 वर्षों तक जेल में रहने से उनकी सेहत अब जवाब देने लगी थी।

बादशाह खान ने एक लंबी उम्र पायी। जब तक सक्रिय रहे देश और समाज के लिये कार्य करते रहे। 1987 को भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न पुस्कार से स्मानित किया । इसके एक वर्ष बाद ही 20 जनवरी 1988 को बादशाह खान ने 98 वर्ष की आयु में एक संघर्ष पूर्ण जी कर इस दुनिया से विदा ली। सरहदी गाँधी जैसे महान व्यक्तित्व से अवगत होना यानी साझा संस्कृति और इतिहास को याद रखना है। हिन्दू मुस्लिम एकता और देश की अखंडता के लिये मर मिटने वाले सरहदी गाँधी का जीवन हमारे भीतर एक विश्वास पैदा करता है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि बादशाह खान गंगा-जमुनी तहजीब के एक रोशन सितारे की तरह थे। बादशाह खान की इंसान दोस्ती और प्रेम को सरहद के दोनों तरफ याद रखा जाएगा।

(लेखक जनवादी लेखक संघ, महाराष्ट्र से जुड़े है, संपर्क 9867210054)

भूकम्प से आखिर कैसे करें बचाव

प्रसंगवश

प्रभात किशोर

भूकम्प यानी धरती डोलने के नाममात्र से मानव मस्तिष्क में कंपकंपी छा जाती है । इसमें उन्हें संभलने का मौका नहीं मिलता और पलक झपकते सब कुछ प्रकृति की भेंट चढ़ जाती है । हालांकि यह निर्विवाद सत्य है कि कुछेक अपवादों को छोड़कर भूकंप से लोगों की मौत नहीं होती । मौत होती है असुरक्षित निर्माण की वजह से ।

भूकम्प के लिए पृथ्वी की भौगोलिक संरचना, विविधताएं एवं आंतरिक हलचल जिम्मेवार है । पूरी धरती 12 बड़े टैक्टोनिक प्लेटों पर स्थित है । ये हैं - भारतीय प्लेट, यूरेशियाई प्लेट, भारतीय- ऑस्ट्रेलियाई प्लेट, फिलीपिंस प्लेट, अंटार्कटिक प्लेट, अफ्रिकी प्लेट, अरेबियन प्लेट, दक्षिण अमेरिकी प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट, कैरेबियन प्लेट और पेसिफिक प्लेट । ये प्लेटें अपने नीचे स्थित तरल पदार्थ लावा पर तैर रही हैं । ये प्लेटें धीरे-धीरे घुमती रहती हैं और हर साल अपने स्थान से लगभग 4-5 से0मी0 खिसक जाती हैं । कभी कोई प्लेट किसी प्लेट के निकट आती है तो कोई प्लेट किसी से दूर चली जाती है । कभी-कभी ये आपस में टकरा जाती हैं । जहां एक प्लेट दूसरी प्लेट की बाउन्डरी से टकराती हैं तो फॉल्ट उत्पन्न होते हैं जिससे धरती के नीचे की ऊर्जा बाहर निकलती है और भूकम्प आता है ।

भारतीय प्लेट हिमालय पर्वत से लेकर अंटार्कटिक तक फैली हुई है । यह पाकिस्तान सीमा को छुती भर है । यह हिमालय के दक्षिण में है जबकि यूरेशियाई प्लेट (जिनमें चीन आदि देश आते हैं) हिमालय के उत्तर में हैं । भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व दिशा में हरेक साल 4.7 सेमी की गति से ऊपर की ओर बढ़ रही है जबकि यूरेशियन प्लेट उत्तर की तरफ 2 सेमी की गतिसे बढ़ रही है । ऐसे में यहां दोनों प्लेटों की टक्कर से भूकंप आने की संभावना बनी रहती है ।

भूकंप का केन्द्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती हैं । इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है और झटका तेज । कंपन का दायरा जैसे-जैसे दूर होता जाता है उसका प्रभाव भी घटते जाता है । भूकंप की तीव्रता इस बात पर निर्भर करती है कि भूकंपकीय आवृति ऊपर की तरफ है या दायरे में । कंपन की आवृति ऊपर की तरफ होने की स्थिति में कम क्षेत्र प्रभावित होते हैं ।

भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर मापी जाती है । भूकंप के दौरान धरती के अंदर से जो ऊर्जा निकलती है उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है । रिक्टर पैमाने पर 5 से कम तीव्रता वाले भूकंपों को हल्का माना जाता है । हालांकि यह क्षेत्र की संरचना पर भी निर्भर करता है । यदि भूकंप का केन्द्र नदी का तट हो और वहां बिना भूकंपरोधी तकनीक के ऊँची इमारतें खड़ी हों, तो 5 की तीव्रता वाला भूकंप भी खतरनाक हो सकता है । 2 या इससे कम तीव्रता वाले भूकंपों को रिकॉर्ड करना मुश्किल है । इन्हें महसूस नहीं किया जाता । 5-5.9 की तीव्रता वाले भूकम्प को मध्यम तथा 6 से अधिक की तीव्रता वाले भूकंपों को घातक माना जाता है ।

तीव्रता के आधार पर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैन्डर्डस द्वारा (आई0 एस0 कोड 1893-2002) भारतवर्ष में भूकंप के पांच जोन बनाये गये हैं, जिनमें से अध्ययनों के आधार पर वर्तमान में चार मान्य हैं क्योंकि जोन-1 का जोन-2 में विलय कर दिया गया है । सिस्मिक जोन-5 को सबसे अधिक सक्रिय यानी खतरनाक तथा जोन-2 को सबसे कम सक्रिय यानी सुरक्षित माना गया है । जोन-2 में 4 मैग्नीट्यूड से कम, जोन-3 में 5, जोन-4 में 7 तथा जोन-5 में 8 मैगनीट्यूड से अधिक तीव्रता होती है । जोन-5 में पूरा उतरी-पूर्वी राज्य, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल, उत्तराखंड, कच्छ का रण, बिहार के कुछ हिस्से, एवं अंडमान-निकोबार, जोन-4 में जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, लदाख, हिमाचल, दिल्ली, उत्तरी पंजाब, उतरी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात व महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, एवं पश्चिम राजस्थान, जोन-3 में केरल, लक्षद्वीप, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से, गुजरात, बंगाल के कुछ हिस्से, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्णाटक, तथा जोन-2 में देश के शेष हिस्से और दक्षिण भारत का बड़ा भू-भाग आता है ।

सम्पूर्ण हिमालयी रेंज भूकंप की अति तीव्रता वाले दायरे में आते हैं । सन- 1897 में शिलौंग (8.7 रिक्टर स्केल), 1905 में कांगड़ा (8.0 रिक्टर स्केल), 1934 में बिहार-नेपाल (8.3 रिक्टर स्केल), व 1950 में असम-तिब्बत (8.6 रिक्टर स्केल) में बड़े भूकंप के झटके आये थे ।

भूकंप के प्रकोप से बचने हेतु आपदा प्रबंधन की व्यवस्था एवं तैयारी पुख्ता होनी चाहिए । यह अनुभव सिद्ध है कि असुरक्षित एवं कमजोर संरचनाओं के कारण अधिकांश जान-माल की क्षति होती है । इसलिए सम्पूर्ण देश, विशेषकर मैदानी-पहाड़ी क्षेत्रों में भूकंपरोधी तकनीक पर भवन निर्माण हेतु कानून बनाने और कड़ाई से लागू करने की सख्त जरूरत है । नये मकानों को भूकंपरोधी बनाने में लगभग 6-7 प्रतिशत अधिक व्यय होती है वहीं पुराने मकानों को भूकंपरोधी बनाने में लगभग 12-15 प्रतिशत अतिरिक्त लागत आती है ।

अधिकांश राज्य सरकारों के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस दिशा में जनमानस में जागृति लाने का प्रयास भी किया गया है । आई एस कोड प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक जोन फैक्टर निर्दिष्ट करता है, जिसका उपयोग इंजीनियरों के द्वारा संरचनाओं के भूकंपरोधी डिजायन के लिए किया जाता है । भूकंप से बचाव हेतु ईंट जोड़ाई वाले भवन निर्माण में कुछ बुनियादी प्रावधानों का ध्यान रखना चाहिए ।

एक ईंट मोटी जोड़ाई वाले दीवार पर आधारित भवन तीन मंजिल तक हीं हों । क्षैतिज आर0सी0सी0 बैंड एक महत्वपूर्ण भूकम्परोधी विशेषता है, जो बक्से के चारों ओर बंधी एक बेल्ट की भांति भवन की सभी दीवारों को एक इकाई के रूप में जोडने का कार्य करती है । लिंटल स्तर पर बैंड एवं कुर्सी स्तर पर बैंड हरेक भवन में आवश्यक है । गेबल बैंड एक या दो तरफ ढलान वाले भवनों में जरूरी है । सपाट आर0सी0 छत वाली भवन में रूफ बैंड आवश्यक नहीं है, क्योंकि रूफ स्लैब स्वयं हीं बैंड की निभाती है । भारतीय मानक आई एस 4326-1993 एवं आई एस 13828-1993 बैंड के आकार एवं विवरण उपलब्ध हैं।

भूकंप जोन-5 में खिड़कियों के सिल्ल पर भी बैंड बनाने चाहिए तथा 600 मिमी से बड़े दरवाजों एवं खिड़कियों में दोनों तरफ कंक्रीट में खड़े स्टील छड़ आवश्यक हैं । यह भूकंप के दौरान दीवार में दरार बनने से रोकती है ।

भूकंप जोन-3 को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बनने वाले भवनों में सभी कमरों के कोनों पर कंक्रीट के अंदर टॉर स्टील के छड़ खड़ी करनी चाहिए । कंक्रीट डालने के लिए ईंट जोड़ाई में खाली पॉकेट बनाना चाहिए । ये खड़े छड़ नींव से प्रारम्भ होकर, सभी आर0सी0सी0 बैंड होकर, अंतिम छत की ढलान के अंदर 300 मिलीमीटर मुड़ जानी चाहिए । पूरी ऊँचाई तक जाने में यदि छड़ों को जोड़ना हो तो छड़ की व्यास के 50 गुणा लम्बाई तक छड़ एक-दूसरे पर चढ़ाकर तार से बांधना चाहिए । एक मीटर से बड़े द्वारों के दोनों तरफ भी, कंक्रीट में खड़े स्टील छड़ आवश्यक हैं।

दरवाजे एवं खिड़कियों की चैड़ाई का योग दीवार की कुल लम्बाई के निश्चित अनुपात में होना चाहिए । एक मंजिले भवन में यह दीवार की लम्बाई के 50 प्रतिशत से कम, दो मंजिले भवन में दीवार की लम्बाई के 42 प्रतिशत से कम तथा तीन मंजिले भवन में दीवार की लम्बाई के 33 प्रतिशत से कम होना चाहिए ।

दरवाजे एवं खिड़कियों के बीच की दीवार की चौड़ाई कम-से-कम दो ईंट की लम्बाई के बराबर रखनी चाहिए । दीवार के कोने से दरवाजा या खिड़की की दूरी कम-से-कम एक ईंट की लम्बाई के बराबर रखना चाहिए। खिड़की एवं वेन्टीलेटर के बीच दीवार की उँचाई कम-से-कम 450 मिलीमीटर रखना चाहिए।

भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, फलतः इसे रोका नहीं जा सकता है । परन्तु घरों एवं अन्य ढांचागत संरचनाओं के निर्माण में भूकंपरोधी तकनीकों के प्रयोग से जान माल की क्षति न्यूनतम स्तर पर अवश्य लायी जा सकती है ।

(लेखक अभियंता एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

कल प्रेम का त्योहार वेलेंटाइन डे

विशेष

ओमप्रकाश सुमन

वैलेंटाइन डे कल 14 फरवरी मंगलवार को मनाया जाएगा। विश्व के कई देशों में मनाया जाने वाला त्यौहार अपना अलग महत्व रखता है। वैसे यह क्रिश्चियन या क्रिश्चियन संस्कति पर आधारित पर्व है।? 7 फरवरी से 14 फरवरी तक मनाया जाने वाला यह सप्ताह पर्व विश्व के अलग-अलग देशों में अपने ढंग से ही मनाया जाता है।

यह बहुत प्राचीन समय से मनाया जाने वाला पर्व है। कुछ जानकारों के अनुसार यह वर्ष 496 ईसवी में पहला वैलेंटाइन डे मनाया गया था । इसकी शुरूआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी पांचवी शताब्दी के अंत में पोप गैलेसियस ने 14 फरवरी को सेंट वेलेंटाइन डे घोषित कर दिया था। तभी से यह त्यौहार मनाया जाने लगा था। प्रेम का प्रतीक प्रेम पर आधारित यह पर्व रोम के पादरी संत वैलेंटाइन को समर्पित है। उन्हीं की याद में ही मनाया जाता है। कहा जाता है की रोम के सम्राट क्लाउडियस द्वितीय ने युवा सैनिकों की शादी पर रोक लगाई थी। उसका विचार था की सैनिक शादी और विवाह हो जाने पर अपना ध्यान परिवार पर लगाएंगे और उनका ध्यान भंग होगा। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं कर पाएंगे, यह राजा का मानना था । पर संत वैलेंटाइन ने राजा के इस आदेश का विरोध किया। उनका कहना था कि प्रेम एक स्वाभाविक भावना है, इसे रोका नहीं जा सकता है। सेंट वैलेंटाइन का यह भी मानना था की शादी विवाह न करने से समाज का ढांचा चरमरा जाएगा। इसके लिए संत वैलेंटाइन ने कुछ सैन्य अधिकारियों एवं सैनिकों की शादी करवा दी। इससे सम्राट क्लाउडियस बहुत क्रोधित हो गया। उसने संत वैलेंटाइन को गिरफ्तार करवा कर 14 फरवरी को फांसी पर लटका दिया। इससे रोम सहित पूरे यूरोप में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। तब से ही सेंट वैलेंटाइन की याद में यह महापर्व वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाने लगा और धीरे-धीरे दुनिया के अलग-अलग देशों में भी इस पर्व का प्रचलन हो गया । इस संबंध में रोम में लुपर्केलिया नामक त्योहार फरवरी के मध्य में मनाया जाता है। इस दिन वहाँ सामूहिक विवाह भी संपन्न होते हैं।

वै

जी-20 की अध्यक्षता देश के लिए गौरव का विषय

कार्यशाला

पल्हना में हुआ मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। भाजपा जिला लालगंज इकाई अंतर्गत आने वाले पल्हना मंडल का मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को पल्हना स्थित सरस्वती शिशु मंदिर धिराजपुर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री डा.शैलेन्द्र नाथ यादव मौजूद रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह व संचालन कविंद्र प्रताप सिंह. ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा जिला मंत्री डा.शैलेन्द्र नाथ यादव।

डा.शैलेन्द्र नाथ यादव ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का सम्मान भारत को प्राप्त हुआ है। यह भारत को महत्वपूर्ण मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय संवाद को आकार देने और समाधान उन्मुख योजना का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करता है। भारत ने वसुधैव कुटुंबकम को अपनी जी-20 अध्यक्षता थीम के रूप में लिया है। जिसका संदेश है कि आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को केवल सहयोग की माध्यम से ही प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकता है। भारत की जी-20 अध्यक्षता पूरे देश के लिए गौरव का अवसर है और सभी को इसकी सफलता सुनिश्चित करनी चाहिए। नागरिकों के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम भारत को उसकी विरासत संस्कृति और सभ्यता के अनुरुप दुनिया के सामने पेश करें।

डॉ.यादव ने बजट के बारे में कहा कि मोदी सरकार ने अमृतकाल का बजट पेश किया है। इसमें सभी का ध्यान रखा गया है। गरीब, किसान, मजदूर, मध्य वर्ग के लिए बेहतरीन बजट है। यह सरकार के अगले 25 वर्षों के विजन की दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाकर 2024 की तैयारियों में अभी से तन-मन के साथ लग जाए ताकि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जाए। मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव व गोरखपुर- अयोध्या खंड स्नातक चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार की व्यापक स्तर पर स्वीकृति और समर्थन को दशार्ती है। इस अवसर पर पल्हना ब्लॉक प्रमुख अनुराग सिंह सोनू, मंडल महामंत्री जयदीप श्रीवास्तव, रवि शंकर मिश्रा, दिवाकर सिंह, सुधाकर सिंह, शिवानंद सिंह, प्रिंस पुंडीर, विजय बहादुर सिंह, रामचंद्र राम, छाया गोंड, घनश्याम पांडे, अभिषेक चैरसिया, रामदुलार सरोज, इंतेखाब, राम भवन तिवारी, डीके सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्लड कैंसर पीड़ित मासूम के लिए किया गया भिक्षाटन

जुटाया धन

मासूम को होमी भाभा कैंसर अस्पताल में कराया भर्ती

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के ऐराखुर्द गांव निवासी ब्लड कैंसर पीड़ित आदित्य यादव के इलाज के लिए भिक्षाटन कर वाराणसी के होमी भाभा कैंसर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जिले के तरवां क्षेत्र के ऐराखुर्द गांव निवासी ब्लड कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ित गरीब, विवश, लाचार 8 वर्षीय मासूम आदित्य यादव के दवा ईलाज और जिंदगी के सलामती के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव की पहल पर ब्लड कैंसर विजेता गोलू यादव ने ग्राम प्रधान घूरा राम के नेतृत्व में ऐराखुर्द के बड़ा पुरवा में भिक्षाटन किया। शेष बचे तीन पुरवे में भिक्षाटन किया जाएगा। एकत्रित भिक्षाटन की कुल धनराशी 36372रु उक्त बालक के पिता बृजराशन यादव को दिया गया। भिक्षाटन के समय उपस्थित हरि राजभर, अजयशंकर मौर्या, प्रभु यादव, अशोक यादव, मुद्दीन अली, इंद्रजीत यादव, अजीत यादव, समशु, कृष्णा यादव, दिनेश यादव, राज यादव इत्यादि ग्रामीण मौजूद रहे। भिक्षाटन करने के उपरान्त एकत्रित राशि व मासूम 8 वर्षीय आदित्य यादव को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव वाराणसी के होमी भाभा कैंसर अस्पताल में भर्ती कराये। भर्ती कराने के बाद उक्त बालक का बोन मैरो, एमआरआई, सिटी स्कैन इत्यादि जांच करायी गयी।

मासूम के लिए भिक्षाटन करते ग्रामीण।

मासूम को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जाते रामकुंवर यादव।

आर्य समाजियों ने मनायी स्वामी दयानन्द की जयंती

स्वामी दयानन्द सरस्वती को नमन करते लोग।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जन्म दिवस के 199 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 वर्ष के कार्यक्रम का उद्घाटन नई दिल्ली में किया। 2024 में दयानन्द जी के जन्म का 200 वर्ष पूर्ण होगा एवं 2025 में आर्यसमाज के स्थापना का 150 वर्ष पूर्ण होगा।

इसी क्रम में आर्य समाज आर्यमगढ में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। यज्ञ भाजन उपदेश का कार्यक्रम संतोष मौर्य मंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के जिले के प्रधान दिनेश प्रसाद ने उद्बोधन दिया। आर्यसमाज अजमगढ़ के प्रधान मनोहर प्रसाद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया।

इस अवसर पर राजीव कुमार आर्य, रामनगीना आर्य, लोकनाथ आर्य, केदार, परमदमाल, बीरेन्द्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, जटाशंकर आर्य, ऊषा वर्मा, सीमा वर्मा, सुमन वर्मा, सावित्री देवी, धर्मशीला मौर्य आदि के साथ स्वामी प्रज्ञानंद उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 53007 मामले निस्तारित

लोक अदालत आम आदमी के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रः न्यायमूर्ति

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी, प्रशासनिक जज, जनपद आजमगढ़ की अध्यक्षता में एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव शुक्ला आदि की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। न्यायमूर्ति द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपाचन एवं पुष्पार्चन किया गया। तत्क्रम में जनपद न्यायाधीश एवं न्यायिक अधिकारीगण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपाचन एवं पुष्पार्चन किया गया।

न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी प्रशासनिक जज ने कहा कि लोक अदालत आम आदमी के लिए उपलब्ध एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र है। यह एक मंच है जहां अदालत में लम्बित विवादों या ऐसे मामले जो अदालत तक पहुंचे नहीं है, को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाता है।

फीता काटकर लोक अदालत का उद्घाटन करते न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा कुल 2 वादों का निस्तारण किया गया। अशोक कुमार, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा 27 वादों का, पारूल अत्री, अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 द्वारा 35 वादों का एवं शेषबहादुर निषाद, अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या-1 द्वारा 61 वादों सहित कुल 123 वादों का पारिवारिक न्यायालय द्वारा निस्तारण किया गया। न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से कुल 38 वादों का निस्तारण किया गया। बीडी भारती, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कुल 2 वादों का, सतीश चन्द्र द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश द्वारा कुल 7 वादों का, ओमप्रकाश वर्मा तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा कुल 3 वादों का, राम नरायन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, ईसी एक्ट द्वारा कुल 106 वादों का, रवीश कुमार अत्री अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट द्वारा कुल 5 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा अलग रह रहे दम्पत्तियों के वादों का निस्तारण कराकर उनको एक साथ रहने का तथा दम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर व माला पहनाकर विदा किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1036 वादों का निस्तारण किया गया तथा 351500 रुपए की धनराशि का अर्थदण्ड आरोपित किया गया।

इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों तथा बीएसएनएल द्वारा भी स्टाल लगाकर प्री-लिटिगेशन के 977 वादों का तथा जिला प्रशासन द्वारा प्रीलिटिगेशन स्तर पर 44404 वादों का निस्तारण किया गया।

इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 80348 वादों में से 53007 वादों का निस्तारण किया गया।

संक्षेप

मरीजों को ले जाने के लिए प्रबंधक ने दी कार

लालगंज (आजमगढ़)। डीएचपी समाज सेवी ग्रुप देवगांव को नूरजहां चिल्ड्रेन स्कूल दौना जेहतमंदपुर के प्रबंधक हाजी इसरार अहमद और नाजमा गर्ल्स कॉलेज के प्रबंधक हाजी अनीस अहमद ने संयुक्त रूप से मरीजों को गंतव्य तक ले जाने के लिए एक ट्राइबर कार प्रदान की है। रविवार को अंजुमन इस्लामिया हायर सेकेंडरी स्कूल दौना जेहतमंदपुर ग्राउंड में विधिवत फीता काटकर इसे समाज सेवी ग्रुप के सुपुर्द किया। विगत दिनों देवगांव में आयोजित एक कंबल वितरण कार्यक्रम में पधारे हाजी इसरार अहमद व हाजी अनीस अहमद ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की थी कि डीएचपी समाजसेवी ग्रुप के अच्छे कार्य को देखते हुए वह काफी प्रभावित हैं तथा उन्होंने मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने आदि के लिए एक कार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता हामिद अली, नूरजहां चिल्ड्रेन स्कूल के सह प्रबंधक हाजी अंसार अहमद, रेनाल्ट डिपो आजमगढ़ के मैनेजिंग डायरेक्टर हाशिम इसरार आदि की मौजूदगी में 10 लाख रुपए की रेनॉल्ट ट्राइबर कार को फीता काटकर डीएचपी समाज सेवी ग्रुप के सुपुर्द किया। इस मौके पर डीएचपी समाजसेवी ग्रुप के अध्यक्ष हिंदुस्तानी रमेश, संस्था के मार्गदर्शक सेवानिवृत्त अध्यापक मास्टर बशीर अहमद, प्रबन्धक विद्युत प्रकाश चैरसिया, सचिव डा. एचसी पाल, कोषाध्यक्ष शेखर चैहान, विजय कुमार, बबलू मौर्या धीरेंद्र गुप्ता गोरख, सुरेंद्र गिरी और प्रशांत, अमिताभ सिंह, दीपक यादव, अरबिंद यादव, सोनू यादव आदि ने समाजसेवी का दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

रक्तदान के प्रति किया जागरूक

लालगंज (आजमगढ़)। फेकू सिंह महाविद्यालय चेवार लालगंज, आनन्द महिला पीजी कॉलेज बरसेरवा,एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोष महाविद्यालय लालगंज में रक्तदान जागरूकता अभियान के तहत छात्र, छात्राओं को रक्तदान के लाभ से अवगत कराया गया। मिहरावां पीजी कॉलेज मिहरावां जौनपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुष्पा सिंह ने छात्र, छात्राओं को बताया कि रक्तदान करना जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा हैं और आप को दूसरों का आदर्श बनना चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. भीम सिंह ने स्वयं पर बीती हुई घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि जब मुझे अपनी पत्नी को रक्त कि अवश्यकता थी तब किसी के द्वारा किया गया रक्तदान मेरे मौके पर काम आया। इसी प्रकार हम सभी लोगों को समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सके और लोगों की जान बचाई जा सके। आनंद मनीला पीजी कॉलेज के प्रबंधक नीरज राय व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अशोक यादव ने सभी छात्र, छात्राओं से रक्तदान करने का आग्रह किया। अपना ट्रस्ट के प्रबन्धक इरफान अहमद ने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि जहां दूसरों को लाभ तो होता ही है स्वयं को भी लाभ होता है।

अनुदेशकों की बैठक सम्पन्न

आजमगढ़। आदर्श अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशक पर्यवेक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को कुंवर सिंह उद्यान में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के प्रांतीय महासचिव जिलाध्यक्ष शहर सारंगधार यादव ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ से अनेकों याचिकाओं को निस्तारित करते हुए इन याचिकाओं को राज्य को किसी भी विभाग में नियुक्त करके नियमित वेतन भुगतान करने के आदेश पारित किया गया था जबकि शासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके विरूद्ध सरकार के खिलाफ अवमानना के दर्जनों वाद दाखिल हुए हैं उनमें से कुछ की सुनवाई करते हुए सरकार को कड़ी फटकार का सामना करना पड़ा। अवमानना की सुनवाई 14 फरवरी को होने को लेकर बैठक का आयोजन उसी उद्देश्य किया गया था जिससे सभी पर्यवेक्षकों का भविष्य उज्जवल हो।

अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

आजमगढ़। न्यायालय के आदेश पर रौनापार पुलिस ने एक मुकदमें में फरार चल रहे अभियुक्त के घर डुगडुगी पिटवा कर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु विभिन्न तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रौनापार पुलिस द्वारा अपराधों में सलिप्त अपराधी के घर दल बल के साथ डुगडुगी, पिटवा कर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गयी। इसी क्रम में अभियुक्त सत्यम तिवारी पुत्र कोदई तिवारी निवासी खांड थाना जीयनपुर के घर तथा आसपास 82 सीआरपीसी का आदेश चस्पा कर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया तथा डुग्गी, पिटवा कर मुनादी कर आदेश की तामील करायी गयी।

संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नन्दनगर बाजार में सड़क के किनारे एक अहाता में रविवार की शाम 42 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त राम विश्वकर्मा पुत्र धर्म विश्वकर्मा निवासी बेनूपुर थाना मेंहनगर के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने रविवार को सड़क किनारे एक अहाता में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मौके से पुलिस ने एक मोबाइल भी बरामद किया। पुलिस के काफी प्रयास करने के बाद युवक की शिनाख्त हो पाई। थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक के पास से एक मोबाइल पाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

जानलेवा हमले में दो गिरफ्तार

घटना में प्रयुक्त चाकू सहित तमंचा, कारतूस बरामद

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। थाना कप्तानगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम खरकौली में युवक पर जानलेवा हमलें के मामले में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके पास से अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया।

वादिनी मुकदमा सोनी यादव पत्नी महेन्द्र यादव निवासी खरकौली थाना कप्तानगंज ने लिखित तहरीर दिया कि दस फरवरी की देर रात मेरे देवर सर्वेश यादव पुत्र राजपत यादव को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के पारस पुत्र रमेश यादव, रविता पुत्री रमेश यादव, संतोष यादव पुत्र रमेश यादव व शनि शर्मा पुत्र अशोक शर्मा जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिये। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

कप्तानगंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। पुलिस ने उक्त मामले में अभियुक्त संतोष पुत्र रमेश व सनी पुत्र अशोक निवासीगण खरकौली थाना कप्तानगंज को वाजिदपुर रोड व गायत्री नगर रोड के बीच स्थित मछली तालाब के पास से हिरासत में ले लिया गया। अभियुक्त संतोष यादव के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया। सनी शर्मा के पास से एक अदद चाकू बरामद किया। पूछ-ताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 10 फरवरी को रात्रि के समय हमारे गांव के सन्तोष यादव, पारस यादव, रविता से सर्वेश यादव पुत्र स्व.राजपति यादव से झगड़ा हो रहा था मै भी मौके पर मौजूद था मेरे पास चाकू था जिससे मैने सर्वेश के ऊपर हमला कर दिया था।

अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी

माहुल (आजमगढ़)। अहरौला थाना क्षेत्र के कन्दरा गांव में चैनल गेट के ताले को तोड़ सो रहे अधिवक्ता के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर घर में घुसे चोरों ने जेवर नकदी समेत करीब सात लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस जांच पड़ताल में लग गई है। बृजराज यादव पेशे से अधिवक्ता हैं और फूलपुर तहसील में वकालत करते हैं। रोज की तरह रात में सारे परिवार समेत भोजन करने के बाद वे अपने कमरे में सोने चले गए। करीब ढाई बजे अज्ञात चोर मेन गेट में लगे चैनल का ताला तोड़ उनके घर में घुस गए और जिस कमरे में वे सो रहे थे उसको बाहर से बंद कर दिया। उसके बाद घर के एक कमरे में रखी आलमारी का लाक तोड़ कर उसमें रखा सोने का दो हार, चार अंगूठी, चार सेट कान का झुमका, तीन चैन, दो सेट कान की बाली व चार जोड़ी चांदी का पायल और 50, हजार रूपया समेत सात लाख का सामान उठा ले गए। घर में खटपट की आवाज सुन वे जागे पर उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। करीब 15 मिनट बाद पड़ोसियों ने उनकी आवाज सुन कर किसी तरह उनके कमरे का दरवाजा खोला तब तक चोर भाग चुके थे। उन्होंने घटना की सूचना माहुल चैकी प्रभारी को दिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस अभियुक्तों की तलाश में जुट गयी।

हत्या के प्रयास में फरार आरोपित के घर नोटिस की गई चस्पा

छत्तरपुर खुशहाल गांव में आरोपित के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस।

जनसंदेश न्यूज

अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के छत्तरपुर खुशहाल गांव में हत्या के प्रयास में फरार चार आरोपितों के घर पर जीयनपुर पुलिस ने नोटिस चस्पा की।

जीयनपुर कोतवाली पर उर्मिला निवासी छत्तरपुर खुशहाल ने तहरीर देकर हत्या की नियत से गोली मारने का आरोप लगाया जिसके बाद जीयनपुर पुलिस ने धारा 307 व 323 का मुकदमा पंजीकृत किया। वहीं विवेचक द्वारा उक्त मुकदमे में एफआर लगाया गया जिस पर न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपित राम प्रसाद व भुवाल पुत्रगण साधु और संदीप व श्रीकांत पुत्रगण राम प्रसाद निवासी छत्तरपुर खुशहाल को न्यायालय में हाजिर करने का आदेश दिया।

किंतु एनबीडब्ल्यू वारंट व पूर्व में कुर्की की नोटिस चस्पा के बाद भी न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर जीयनपुर पुलिस ने रविवार को चारों फरार आरोपितों के घर पर लाउडस्पीकर से घोषणा कर गवाहों के समक्ष नोटिस चस्पा की। पुलिस ने कहा कि न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर उनके घर पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

विहिप के वरिष्ठ प्रचारक के निधन से शोक

आजमगढ़। विश्व हिंदू परिषद व संघ के वरिष्ठ प्रचारक के देहावसान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर गौशाला पर गायों को फल खिलाया।

सगड़ी तहसील क्षेत्र के लाटघाट में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री व अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक खेमचंद शर्मा के निधन गोलोक वास करने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विश्व हिंदू परिषद विभागाध्यक्ष गौ रक्षा राना प्रताप राय उर्फ सोनू राय ने कहा कि आकस्मिक महान विभूति के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है हम सभी दुःखी हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विहिप जिला मंत्री दिनेश साहनी, सह मंत्री रंजीत सिंह, जिला गौशाला संपर्क प्रमुख वीरेंद्र सिंह,जिला गौशाला संपर्क प्रमुख अमित दुबे, राजबहादुर राय, अंशुमान राय गौरक्षा प्रमुख बजरंग दल, जय प्रकाश मौर्या शिव मोहन पांडेय जिला अध्यक्ष, दिलीप पटेल, महेश मौर्य आदि शामिल हैं। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत पारनकुंडा में स्थित गौशाला में गायों को कार्यकर्ताओं द्वारा फल खिलाकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

वरिष्ठ प्रचारक को श्रद्धांजलि देते विहिप कार्यकर्ता।

पंचायत सहायकों ने बैठक कर की समस्याओं पर चर्चा

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लाक फूलपुर के प्रागण में फूलपुर ब्लाक के समस्त गावों में नियुक्त पंचायत सहायको की बैठक पँचायत सहायक अध्यक्ष विकास भारती की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पंचायत सहायक अंतिमा भारती रवि प्रभा ने गांव सभा के कार्यो के अतिरिक्त स्वास्थ विभाग के कार्य कराने को लेकर अध्यक्ष के समक्ष बात उठायी और कहा कि पंचायत सहायको की नियुक्ति ग्राम पंचायत के कार्यो के लिए पंचायत कार्यालय पर हुई है पर स्वास्थ विभाग के आयुष्मान गोल्डन कार्ड के कार्य कराया जा रहा है। मानदेय मात्र 6हजार वह भी प्रधान के आगे पीछे लगना पड़ता है। पंचायत सहायको का मानदेय कार्य के अपेक्षा काफी कम है। पंचायत सहायको का मानदेय सरकार ट्रेजरी के माध्यम से कराये तो पंचायत सहायको को समय से भुगतान हो जाएगा अन्यथा प्रधान अन्य कार्यो में पैसा खर्च कर देते है जिससे समय से मानदेय नही मिल पाता। इस बात का समर्थन सभी पंचायत सहायको ने किया जिसपर अध्यक्ष पँचायत सहायक ने उपस्थित पँचायत सहायको को बताया कि हमे प्रदर्शन या ज्ञापन देने का अधिकार प्राप्त नही है। परंतु इस समस्त समस्या से खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत को अबगत कराकर समस्या के निस्तारण के लिए अपनी बात रखी जायेगी। और समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर रविन्द्र कुमार, शनि यादव, सोनू, राकेश, नीलांजली, रंजना सहित अन्य पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

शिव प्रताप शुक्ला को राज्यपाल बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा के आवास पर मिष्ठान का वितरण कर कार्यकताओं ने खुशी मनायी।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और गोरखपुर से 5 बार विधायक रहे। शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। इस खबर को सुनते ही भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रम प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक रमाकांत मिश्रा के नगर पंचायत स्थित आवास पर बीजेपी कार्यकताओं ने जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनायी। वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा ने कहा कि मेरे बहुत ही करीबी मित्र शिव प्रताप शुक्ला भारतीय जनता पार्टी के उन कार्यकताओं में शामिल हैं जो इसके नींव के पत्थर माने जाते हैं। विद्यार्थी जीवन से इन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से संगठन की सेवा करते हुए विभाग संगठन मंत्री और अन्य पदों पर कार्य किया। वर्ष 1989 के विधानसभा चुनाव में यह पहली बार गोरखपुर सदर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे।

एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि शिव प्रताप शुक्ला संगठन की दृष्टि से भी पूर्वांचल में बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में स्थापित हैं। इस मौके पर धीरज मिश्रा, चंदन मिश्रा, हरिभान पांडे, रिंकू मोदनवाल, आनंद सिंह, उमाकांत मिश्रा, हेमंत सिंह संजय शर्मा, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा मंडल कप्तानगंज में पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाए जाने पर कार्यकताओं द्वारा मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई।

जिसमें मुख्य रुप से क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवीन कुमार, मंडल महामंत्री बिलरियागंज रूद्र प्रताप राय, शशिकांत राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष कप्तानगंज ऋषिदेव राय उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह समारोह में 1041 जोड़ों ने लिए सात फेरे

विवाह

गंगा नदी के किनारे श्रम विभाग ने आयोजित किया मंडल स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह

सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही के जुटे बाराती

जनसंदेश न्यूज

मण्डप में विवाह में बैठक दूल्हा व दुल्हन, मंच पर आसीन डीएम व एसपी और मण्डल के प्रतिनिधिगण

मीरजापुर। गंगा नदी के किनारे गडौली धाम में भव्य समारोह के साथ 1041 वर वधू दाम्पत्य सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह समारोह में 1008 का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम में विंध्याचल मंडल के सोनभद्र, मिजार्पुर और भदोही जनपद के वर वधु अपने परिजनों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन श्रम विभाग और ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। गडौली धाम 12 फरवरी को 1041 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ।

परिजनों के साथ ही मौके पर मौजूद जन प्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एसपी संतोष मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया। बाबा बालेश्वर महादेव के प्रथम वार्षिकोत्सव पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 131 ब्राहमणों ने विवाह संपन्न कराया।

अग्नि को साक्षी मानकर 1041 जोड़े एक दूजे के हुए। महोत्सव का आरम्भ 8 फरवरी से किया गया था। 10 फरवरी तक खेलकूद एवं होगा। 11 को महारुद्राभिषेक के बाद अखंड रामायण पाठ तथा विधि विधान से रविवार को कन्यादान किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए किये गए सभी के प्रयास को सराहा।

श्रम विभाग की ओर से वर वधु को उपहार प्रदान किया गया।

कन्यादान महायज्ञ में नवविवाहित जोड़ों का लगा कुंभ

कछवां। क्षेत्र के गड़ौली गांव में बन रहे गड़ौली धाम में रविवार को आयोजित 1008 कन्यादान महायज्ञ में वर वधू के जोड़ों का कुंभ देखने को मिला। वही बालकुंदन फाउंडेशन के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को सामूहिक विवाह के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। जहां 1041 वर वधूओं के जोड़े एक दूजे के हुए। और सभी के चेहरे पर मुस्कान छाई रही।

मुस्लिम जोड़ों का भी मौलवी ने कराया निकाह

सामूहिक विवाह समारोह में हिन्दू समेत मुस्लिम जोड़े भी रहे। जिनका निकाह भी मौलवियों द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्किंग चकाचक भरा रहा। कुछ दूर तक लंबा जाम लगा रहा। वही विवाह में आने वाले जोड़े जाम भी फंसे हुए दिखाई दिए तो समय अभाव के कारण अपने परिजनों के साथ खेत खलिहानों से गुजरते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचें।

131 ब्राह्मणों द्वारा कराया गया विवाह

गड़ौली धाम में आयोजित कार्यक्रम में मिजार्पुर, सोनभद्र व भदोही का जिले वार काउंटर बना रहा। जहां वर वधुओं और परिजनों के पंजीकरण का बखूबी से जांच कर मंडप में भेजा गया। जिसमें पहले से ही पंजीकरण कराकर आए वर और वधूओं को कतारबद्ध बैठाकर 131 राजपुरोहित विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के माध्यम से विधि विधान से विधिवत विवाह का रस्म अदायगी को पूरा किया गया।

नवविवाहित जोड़ों ने लिया बाबा बालेश्वर नाथ का आशीर्वाद

वही मंच पर आसीन बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा के साथ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, भदोही लोकसभा सांसद रमेश बिंद, विधायक मझवां विनोद बिंद, विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल समेत जिले के आलाधिकारियों ने बधाई एवं आशीर्वाद दिया। जिसके पश्चात नवविवाहित जोड़ों ने परिसर में बने बाबा बालेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन कर सुखी जीवन की मनोकामना किया। फिर नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप साड़ी, अंगवस्त्र एवं कंबल प्रदान किया गया। जिसके पश्चात कन्यादान महायज्ञ में आए जोड़ों तथा साथ में मौजूद अभिभावकों को भोजन की भी व्यवस्था किया गया।

गड़ौली धाम में जुटी भारी भीड़

गड़ौली धाम में भारी भीड़ जुटी रही। जिसमें नवविवाहित और उनके परिजनों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, विधायक, सांसद, राजनैतिक दल के लोग तथा पुलिस बल के जवानों के अलावा सरकारी कर्मचारी रहे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले लोगों के गाड़ियों का ताता लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित कम्हरिया गांव के सामने से ही लगा रहा।

सामूहिक विवाह में तीन जिलों के जोड़े रहे शामिल

गडौली धाम में रविवार सम्पन्न हुए 1041 सामुहिक विवाह में मीरजापुर के 741, सोनभद्र के 229 एवं भदोही के 71 जोड़े शामिल हुए। हिंदू जोड़ों का हिंदू रीति से हुआ विवाह जबकि मुस्लिम जोड़ों का हुआ मुस्लिम रीति से निकाह कराया गया। गड़ौली धाम में हुए सामुहिक विवाह में हिंदू जोड़ों का हिंदू रीति से मंत्रोच्चार के बीच विवाह सम्पन्न हुआ जबकि 10 मुस्लिम जोड़ों ने मौलवी की उपस्थिति निकाह नामा कबुल किया।

नवविवाहितों को दिया गया प्रमाण पत्र

सामुहिक विवाह के पश्चात नव विवाहित जोड़ों को मंचासिन अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान किया एवं प्रमाणपत्र दिया। इसके पश्चात सभी नवविवाहित जोड़ों ने बालेश्वर महादेव का दर्शन किया। आशीर्वाद व प्रमाणपत्र देने वालों में ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा, विधायक गण रत्नाकर मिश्र, दीनानाथ भास्कर, रमाशंकर पटेल, बृजेश सिंह आदि प्रमुख रहे।

श्रम विभाग नव विवाहित जोड़ों के खाते में भेजेगा निश्चित धनराशि

ओएस बालकुंदन फाउंडेशन एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुए सामुहिक विवाह के उपरांत वर वधू को उपहार स्वरूप गृहस्थ जीवन से संबंधित पैकेट दिए गये एवं श्रम विभाग की योजनानुसार एक निश्चित धनराशि वर वधू के बैंक खाते में भेजी जाएगी।

लक्ष्मण आचार्य पहुंचे गड़ौली धाम

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी एवं सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य आज अपराह्न गडौली धाम पहुंचे जहां उपस्थित लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर लक्ष्मण आचार्य ने सर्वप्रथम बालेश्वर महादेव का दर्शन किया तत्पश्चात नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं भव्य एवं सफल आयोजन के लिए ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा को बधाई दी।

नवविवाहित जोड़ों को सुनील ओझा ने किया संबोधित

नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं है। गौ, गंगा और गौरीशंकर के आशीर्वाद से इतना बड़ा कन्यादान महायज्ञ हो रहा है जो साधारण बात नहीं है। कहा कि मां गंगा के पवित्र तट पर बसे गडौली धाम में गौरीशंकर को साक्षी मानकर 1041 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नये जीवन की शुरूआत की हैं। मां विंध्यवासिनी और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी क्षेत्र में हो रहा यह सामुहिक विवाह समाज को जोड़ने का संदेश देता है गौ, गंगा और गौरीशंकर इन्हें सुखमय जीवन का आशीर्वाद दे। यही हम सबकी मंगल कामना है। श्री ओझा ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि श्री राजभर के अधिन श्रम विभाग ने जो सहयोग किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है।

शिक्षामित्रों का लखनऊ पहुंचने का किया गया आह्वान

बैठक को संबोधित करते शिक्षामित्र

राजगढ़। विकासखंड राजगढ़ के प्राथमिक विद्यालयों पर तैनात शिक्षामित्र संगठन की ओर से रविवार को दोपहर 11 बजे एक आवश्यक बैठक का आह्वान किया गया। शिक्षामित्रों के प्रत्येक संघ की तरफ से एकजुट होकर आगामी 20 फरवरी को लखनऊ स्थित रमाबाई पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को आमंत्रित किया गया है। आगामी 20 फरवरी को लगभग 500000 से अधिक शिक्षामित्रों के लखनऊ में पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रत्येक जिले से पुरुष एवं महिला शिक्षामित्र एवं उनके परिवार के सदस्य अपने निजी साधनों बसों से रवाना होंगे। 20 फरवरी के कार्यक्रम हेतु सभी संगठन एकजुटता दिखाते हुए प्रत्येक शिक्षामित्र को लखनऊ चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम हेतु प्राचीन हनुमान मंदिर ददरा हिनौता पर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ने किया। सभा को संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें लखनऊ के रमाबाई पार्क को शिक्षा मित्रों एवं उनके परिवार के सदस्यों से भर देना है। शिक्षा मंत्री को अपनी एकजुटता का एहसास कराना है। शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए तय तिथि को कार्यक्रम रखा है। सभा का संचालन संतोष कुमार पाठक ने किया। इस बैठक में रामवृक्ष कश्यप, राजकुमार सिंह, अकरम आजाद, संदीप सिंह, रमेश सोनी, रीता सिंह, रेखा सिंह, राज नारायण यादव, दरोगा भारती, विजय कुमार यादव, लवकुश सिंह, आदि दर्जनों पुरुष व महिला शिक्षामित्र बैठक में उपस्थित रहे।

20 फरवरी को लखनऊ जायेंगे शिक्षामित्र

जमालपुर। रविवार को प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर के परिसर में शिक्षा मित्रों द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 20 फरवरी को लखनऊ में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में प्रतिभाग हेतु चर्चा किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि शिक्षामित्र 20 वर्षों से बेसिक शिक्षा में अल्प मानदेय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और जब से नियुक्ति हुई तब से आज तक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया। लेकिन दुख का विषय है कि शिक्षामित्र अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय बेसिक शिक्षा में देने के बावजूद आज अपने भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा है। शिक्षामित्र राम किशुन शास्त्री ने न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षामित्र साथियों से अपील किया कि अधिक से अधिक लोग लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के विचारों को सुनें। संगठन के द्वारा अपनी समस्याओं को ज्ञापन के रूप में देने के लिए कहा। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, आनंद कुमार आजाद, श्याम बिहारी, कमलेश सिंह, अविनाश सिंह, अमरेन्द्र, बेनी प्रसाद सहित तमाम वक्ताओं ने बताया कि जो लोग सहायक अध्यापक (टीईटी) की योग्यता रखते हैं सरकार उन्हें अध्यापक बनाए तथा नान टेट शिक्षा मित्रों को नईं शिक्षा नीति के तहत प्री प्राइमरी में नियुक्त करने को लेकर विज्ञप्ति दी जाएगी।

30 लीटर अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0श्रीराम सिंह थाना लालगंज मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से तीन आरोपियों बृजलाल कोल पुत्र स्व0 मेढू कोल निवासी मेउडी थाना लालगंज मीरजापुर, वकील पुत्र स्व0ढेलू निवासी पगार थाना लालगंज मीरजापुर व गलंदी कोल पुत्र लालचंद कोल निवासी पतार कला थाना लालगंज मीरजापुर को प्रत्येक को 10-10 लीटर (कुल-30लीटर) अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार

मीरजापुर। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 उदय नारायण सिंह व म0आ0 विजेता शाहू थाना ड्रमण्डगंज मय पुलिस बल द्वारा थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्र से अभियुक्ता अंजनी देवी पत्नी जय प्रकाश कहार निवासी बंजारी कला थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर को 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ड्रमण्डगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

संक्षेप

विशेष टीकाकरण अभियान आज से शुरू

22256 बच्चे किए जाएंगे आच्छादित

मीरजापुर। जनपद में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर अनिल ओझा ने दी। उन्होंने बताया कि टीबी, गलाघोटू, कालीखांसी, निमोनिया, हेपटाइटिसण्बी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव टीकाकरण से संभव है। सोमवार से 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 326 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इस दौरान 22256 को टीका से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके पहले वर्ष 2020 2021 में 65789 बच्चों व 2019 2020 में 53789 बच्चों को विभाग ने टीका से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने निर्देश दिया है कि एक सिरिंज से केवल एक ही बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करें। टीकाकरण के बाद तत्काल कार्ड भी दें।

घर-घर जाकर बताई भाजपा की नाकामी

मीरजापुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडगे के आवाहन पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक (राजन पाठक) के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों के साथ हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम उत्तरी सबरी वार्ड नं 20 में घर घर जाकर जनता से मंहगाई बेरोजगारी के खिलाफ जनता से सरकार को भाजपा को हटाने मांग किया गया। श्री पाठक ने कहा कि आज जनता परेशान है। पेट्रोल, डीजल, गैस, कडुआतेल का दाम आसमान छू रहा है। जनता से निवेदन किया कि जल्द से जल्द बदलने की मांग किया। पद यात्रा में डा.मो. जुनेद अन्सारी, अन्ना, रोशन अली, विश्वजीत, मोहम्द इलियास, कल्लू शाह, इस्लाम, संजय गुप्ता, रामपूजन सिंह, संगीता तिवारी, रेहाना काम, विवेक सिंह मौजूद रहे।

ट्रक-बाइक भिड़ंत में दो घायल

राजगढ़। राजगढ़ चुनार मुख्य मार्ग के सरसो सेमरी गांव के सामने ट्रक और मोटरसाइकिल में भिड़ंत होने से मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएससी राजगढ़ में दाखिल कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चोटिल व्यक्तियों का नाम क्रमशः लाला साहनी उर्फ जितेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय चुन्ना लाल निवासी ग्राम धरहरा थाना चुनार जिला मीरजापुर उम्र लगभग 30 वर्ष तथा मोनू साहनी पुत्र किशन साहनी उम्र लगभग 12 वर्ष निवासी ग्राम करगरा थाना चोपन सोनभद्र बताया जा रहा है। दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया गया है। मोटरसाइकिल चुनार के तरफ से आ रही थी एवं ट्रक राजगढ़ से चुनार के तरफ जा रही थी। घायल लाला साहनी अपने घर चुनार से अपनी ससुराल पुरैनिया थाना राजगढ़ जा रहे थे।

रक्त की कमी की सूचना पर पांच लोगों ने किया रक्तदान

मीरजापुर। मंडलीय चिकित्सालय के रक्त कोष में रक्त की कमी को देखते हुए मीरजापुर ब्लड डोनर क्लब के सदस्यों ने रविवार को रक्तदान किया। रक्तकोष पीआरओ रामकुमार गुप्ता द्वारा रविवार की सुबह सूचना मिली की जिला रक्तकोष में मात्र 4 यूनिट रक्त शेष है जिसकी वजह से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को रक्त की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसी गंभीरता को समझते हुए क्लब परिवार ने रविवार को 5 यूनिट रक्तदान करवा कर के रक्तकोष में रक्त की आपूर्ति को पूरा किया। रक्तदान करने वालो में क्लब परिवार से राकेश गौंड, नीतीश गुप्ता, शिवांशु सिंह, देवाशीष पाण्डेय, अभिषेक साहू (क्लब कॉर्डिनेटर), अमित गुप्ता (रोबिन हुड आर्मी) ने रक्तदान किया। मौके पर क्लब के संस्थापक कृष्णानन्द हैहयवंशी, क्लब के मीडिया प्रभारी आशुतोष हैहयवंशी, रक्तकोष से एल टी अमित पटेल, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

गोंड महासभा की बैठक संपन्न

मीरजापुर। रविवार को अखिल भारतवर्षीय गोंड महा सभा की मासिक बैठक केदारपुर कालोनी धौरूपुर स्थित जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णमुरारी गोड ने बैठक में पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से जनपद में गोंड जनजातियों का जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई और कैसे इसका निदान हो उस पर चर्चा किया गया है। सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा कि महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला गोंड ने जल्द ही समस्या के निदान हेतु प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश से मुलाकात कर समस्या से अवगत करायेगी।

श्रीराम कथा के लिए धूमधाम से निकाली गई कलश शोभायात्रा

हलिया। विकास खंड क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के लिए रविवार को गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा निकालने के लिए मनकामेश्वर मंदिर से रथ पर सवार होकर कथा वाचिका ऋचा मिश्रा ग्रामीणों के साथ पटेहरा गांव हनुमान मंदिर पहुंची। जहां से कन्याओं तथा महिलाओं ने मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर बिलरा पटेहरा गांव होते हुए मनकामेश्वर मंदिर खुटहा पहुंची जहां विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन किया गया। श्रीराम कथा के आयोजक भानु तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए खुटहा मनकामेश्वर मंदिर परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र से पधारी कथावाचिका ऋचा मिश्र 12 फरवरी से 18 फरवरी तक दोपहर दो बजे से सायं 6 बजे तक भक्तों को रामकथा का अमृतपान कराएंगी। कलश शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल, एस आई कोमल सिंह यादव, हेड कांस्टेबल मिथिलेश पांडेय, महिला कांस्टेबल आरती यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, ज्ञानेश्वर दुबे, राकेश तिवारी, पिंकेश सिंह, सत्येन्द्र पांडेय, संतोष शुक्ला, विनय दुबे सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

कलश यात्रा निकालते भक्त

रामचरितमानस, धर्म या किसी आराध्य से नहीं है आपत्ति

बोले स्वामी प्रसाद मौर्य

सपा नेता स्वामी प्रसाद ने फिर कहा, लगे प्रतिबन्ध

महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के बीच नीच, अधम व प्रताड़ित करने की कही बात

अदलहाट। जिले के नारायणपुर बाजार में सोनभद्र जाते समय पहुंचे सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने श्रीरामचरित मानस पर दिये बयान पर सफाई दिया। कहा कि हमारी आपत्ति श्रीरामचरित मानस, धर्म या किसी आराध्य से नहीं है। कुछ लोग तीव्र गति से दूसरी तरफ घुमाने की कोशिश कर रहे हैं।

एक बार फिर उन्होंने मानस की चौपाइयों को संशोधित करने या प्रतिबंध लगाने की मांग की। सोनभद्र जाते समय नारायणपुर बाजार में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कहा कि हमारी आपत्ति श्रीरामचरित मानस, धर्म या किसी आराध्य से नही है। रामचरितमानस के चौपाइयों के माध्यम से देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के बीच नीच, अधम व प्रताड़ित करने की बात कही गई है, जो आपत्तिजनक है। इस आपत्तिजनक टिप्पणी को संशोधित किया जाए या प्रतिबंध किया जाए। जिससे देश की महिलाओं आदिवासियों दलितों पिछड़ों के सम्मान की रक्षा हो सके। कुछ लोग तीव्र गति से इसे कहीं न कहीं दूसरी दिशा दे रहे हैं। धर्म के नाम पर गाली देना, अपमानित करना यह धर्म का हिस्सा नहीं है।

इस दौरान पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष सयुस दिनेश यादव, राजू यादव, प्रधान सदानंद यादव, पंकज पटेल, संजय यादव, चौधरी जयशंकर यादव, दीपक मौर्या, महेश यादव, घूरे पटेल, राजा सिंह पटेल आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

महासचिव का स्वागत करते सपाई

सपा के राष्ट्रीय महासचिव का सपाइयों ने माल्यार्पण कर किया स्वागत

2024 के चुनाव में तानाशाही वाली सरकार को उखाड़ कर है फेंकना

अहरौरा। सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या का वाराणसी से सोनभद्र बौद्ध सम्मेलन में सम्मिलित होने जाते समय अहरौरा वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर रविवार के दिन सपाइयों ने राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत करने के लिए सुबह से ही अहरौरा डीह के पास नगर अध्यक्ष नरेंद्र मौर्या के अगुवाई में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता हाथों में माला लेकर राष्ट्रीय महासचिव को माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वामी प्रसाद मौर्या ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि तानाशाही वाले सरकार को आगामी 2024 के चुनाव में उखाड़ फेंकना है। सपा के हर कार्यकर्ता एक संकल्प ले कि विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस दौरान नगर अध्यक्ष नरेंद्र मौर्या, प्रमोद केशरी, सदानन्द यादव, मुरारी यादव, राजेन्द्र सोनखर, सन्तोष मौर्या, सरफराज अहमद, मंहगू, पप्पू सोनखर तमाम सपा कर्ता मौजूद रहे।

नशा से मुक्ति के लिए रैली निकाल कर बताये उपाय

जनसंदेश न्यूज

अदलहाट। प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चुनार के माध्यम से शाखा प्रभारी बीनू दीदी के नेतृत्व नरायनपुर से शिव जयंती के उपलक्ष्य से भगवान शिव की झाँकी निकाल कर नरायनपुर के आसपास के गांव गांव में झाँकी के माध्यम से शिव (ज्योति बिन्दू परमात्मा) का संदेश जन जन को दिया गया।

नशा से मुक्त कैसे हो उसके बारे में लोगों को बताया गया। रविवार को झाकी रैली का शुभारंभ राकेश सिंह अरविन्द सिंह, प्रवीण सिह, अमित सिंह पाण्डेय, राजेश जायसवाल आदि लोगों ने किया। यह झाकी रैली चौकिया शेरवां आदि गांवों का भ्रमण किया। इसके पूर्व शनिवार को झांकी व रैली का शुभारम्भ राज बहादुर सिंह, लल्लन प्रसाद सिंह, सत्य प्रकाश, अजीत सिंह, कृष्णा आदि ने किया। यह झाँकी खजूरौल, अदलहाट, गरौड़ी गांवों में भ्रमण किया। झाँकियों के द्वारा शिव परमात्मा का संदेश व नशा मुक्त कैसे हो उसके बारे में बताया गया।

हर गांव के प्रधान एवं सैकड़ों भाई-बहनों ने इसका लाभ उठाया। इस झाँकी व रैली का संचालन विद्या, चेतना सिंह, तारा एवं भाई-बहनें माला, गुन्जा, चंचला सिंह, दीपक भाई, सत्यनरायन भाई, रामकृपाल भाई आदि लोग साथ रहे।

रैली निकालकर जागरूक करतीं बहनें

सड़क किनारे गड्ढे में गिरी अनियंत्रित बाइक चालक समेत दो घायल

जनसंदेश न्यूज

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के ककरद मोड़ पर सिरसी की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बाइक सड़क किनारे गड्ढे में कूद गयी जिसमें चालक समेत दो लोग घायल हो गये। जौनपुर जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के पचवल गांव निवासी विपिन उपाध्याय 26 पुत्र बड़े़लाल उपाध्याय अपने ससुराल संतनगर थाना क्षेत्र के सिरसी गांव आया हुआ था। रविवार दोपहर ग्यारह बजे सिरसी से अपने साले राधेश्याम 18 पुत्र रमेश के साथ दीपनगर जाते समय ककरद मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गयी। जिसमें जीजा साले दोनों घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपने निजी वहाँ से दोनों घायलों को इलाज हेतु पटेहरा पीएचसी पहुँचाया। जहाँ से विपिन की हालत को गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

रामचरितमानस की हर चौपाई है महामंत्र : साध्वी ऋचा मिश्रा

हलिया। क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के प्रथम दिन रविवार को महाराष्ट्र से पधारी कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने श्रीराम कथा का अमृतपान श्रोताओं को कराया।

कथावाचिका ने श्रीरामचरितमानस व भगवान श्रीराम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम चरित मानस साक्षात भगवान श्रीराम का स्वरूप है इसकी हर चौपाई महामंत्र है। श्रीराम कथा श्रवण करने से जन्म जन्मांतर की व्यथा मिट जाती है और प्रभु की कृपा से सांसारिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

भगवन्नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि प्रभु नाम का श्रद्धा पूर्वक सुमिरन करने से कष्टों से छुटकारा मिल जाता है।कहा कि मानव जीवन के लिए आदर्श है श्रीरामचरितमानस गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन की हर समस्याओं का समाधान का श्रीरामचरितमानस में उल्लेख किया है। समाज में एक दूसरे के प्रति कैसा व्यवहार किया जाए। इसकी शिक्षा हमें श्रीरामचरितमानस से मिलती है। कथावाचिका ने कहा कि रामकथा कल्प वृक्ष है। इसका श्रवण करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान कथा आयोजक भानु तिवारी, विवेक सिंह, विनय दुबे, राकेश तिवारी, राजू शुक्ल, जेपी तिवारी, हरिओम तिवारी डॉ रमाकांत मिश्र आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

जमालपुर। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम राज्य का राज्यपाल बनाए जाने पर रविवार को जमालपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास रामनगर जाकर माल्यार्पण करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान, मंडल महामंत्री जोशी पटेल, धीरज सिंह सुदामा प्रसाद सिंह मन्ना सिंह, रामजन्म कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष मनीष कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बौद्ध विरासत की ऐतिहासिक धरती है मऊ कला: स्वामी प्रसाद

बुद्ध महोत्सव

मऊ कला गांव में बुद्ध महोत्सव का आयोजन गूंजा बुद्धम शरणम गच्छामि का नारा

जनसंदेश न्यूज

पुस्तिका बुद्ध दशभूमेश्वर का विमोचन करते मुख्य अतिथि

सोनभद्र। बौद्ध विरासत की ऐतिहासिक धरती मऊ कला में रविवार को बुद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महामानव तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजनीय भंते गण व मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बुद्ध महोत्सव कार्यक्रम के संरक्षक एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने स्वागत अभिभाषण देते हुए धम्म देशना सहित बुद्ध के विचारों को आत्मसात करते हुए महामानव तथागत बुद्ध के बताए हुए मार्ग पर चलने की अपील किया।

बताया कि तथागत के सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर कठिन से भी कठिन चुनौतियों का सामना किया जा सकता है एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहना होगा तभी विश्व का कल्याण है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, विधान परिषद सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव सपा स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा बुद्ध के बताए हुए अष्टांगिक मार्ग का अनुकरण करते हुए मानव जाति का कल्याण हो सकता है। वर्तमान परिदृश्य में इतिहास को मिटाकर बुद्ध विरासत को समाप्त किया जा रहा है जिसे सर्व समाज को आगे बढ़कर संरक्षण देने की आवश्यकता है।

क्योंकि बुद्ध विचारधारा तार्किक, वैज्ञानिक है एवं बुद्ध के विचार संघम शरणम गच्छामि के अनुसरण की वर्तमान परिवेश में नितांत ही आवश्यकता है। इसी क्रम में डाक्टर अंजनी कुमार सिंह, प्रकाश आदि द्वारा लिखित पुस्तिका इच्छा पुरक बुद्ध दशभूमेश्वर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुजीत कुमार, उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने भी तथागत के विचारों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य, जितेंद्र प्रसाद,सत्यनारायण जैसल, विजय यादव, सईद कुरैशी, रमेश पटेल, कृपाशंकर चौहान, रामचन्द्र मौर्या, महेंद्र गौतम, उदयनाथ सिंह कुशवाहा, रमाशंकर पोया, जवाहरलाल मौर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना उद्बोधन दिया। संचालन रवि प्रकाश सिंह मौर्य ने किया। इस मौके पर चौधरी यशवन्त सिंह पटेल, डॉक्टर ओम प्रकाश कुशवाहा, मोहन कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, डॉक्टर दिनेश, डॉक्टर संजय सिंह, सुबेदार मौर्य, विद्यासागर मौर्य, नामवर कुशवाहा, चन्द्रबली यादव, श्रीनाथ धांगर, बुल्लू धांगर आदि रहे।

सपा राष्ट्रीय महासचिव को काला झंडा दिखा किया प्रदर्शन

काला झंडा लेकर प्रदर्शन करते लोग

सोनभद्र। रामचरित मानस पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में जनपद दौरे पर आये सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या का विरोध विभिन्न संगठनों ने किया। इस दौरान संगठनो ने काले झंडे दिखाकर नारेबाजी की। बताते चलें कि स्वामी प्रसाद मौर्या हमेशा से अपने बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं। वक्ताओं ने कहा कि रामचरित मानस जिसके आदर्शों पर चलने में हर सनातनी हिन्दू खुद पर गर्व महसूस करता है, ऐसे पवित्र ग्रंथ पर अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या को सरकार द्वारा दंडित किया जाना चाहिए। इस मौके पर राजपूत करनी सेना, राष्ट्रवादी युवा वाहिनी, संतोष कुमार पाण्डेय, ज्वाला शंकर चतुर्वेदी, पिंटू सिंह, शुभम पाण्डेय, रिशु, राजा पाण्डेय, कृष्ण भूषण पाण्डेय, अभिषेक चतुर्वेदी, संतोष सिंह चंदेल, रामनारायण सिंह राजपूत, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, रोहित सिंह, आदर्श प्रताप सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

भाजपा, सपा के भोपू बने हुए हैं स्वामी प्रसाद मौर्य: भागीरथी

सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने रविवार को प्रेस को जारी बयान में कहा कि भाजपा, सपा में कोई अंतर नहीं है। दोनों पार्टियां एक सिक्के के दो पहलू हैं, जो धर्म के नाम पर राजनीति करती हैं। भाजपा राम मंदिर की बात करती है, वही सपा कृष्ण, परशुराम की बात करती है, जबकि देश व देशवासियों का विकास शिक्षा एवं संविधान से होग , परंतु इन दोनों दलों की चाहत है कि आम जनता को धर्म के नाम पर बेवकूफ बनाकर इनके वोटों के सहारे बारी-बारी सत्ता में बने रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा, सपा मिलीभगत कर देश में धार्मिक उन्माद फैलाना चाहती है, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं महंगाई की ओर व सरकार के द्वारा किए जा रहे निजीकरण एवं सरकार की गलत नीतियों की तरफ जनता का ध्यान न जाए। लोग अपने हक एवं रोजगार की बात न करें, जिसके लिए स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा, सपा के लिए भोपू बने हुए हैं। वह अपने बाद समाज के किसी ब्यक्ति को नेता बनते नहीं देखना चाहते। स्वामी प्रसाद मौर्य सपा एवं भाजपा के कहने पर इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। यदि स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल के एमएलसी हैं तो उन्हें भाजपा की गलत नीतियों, निजीकरण, महंगाई का विरोध करना चाहिए। जनता के मुद्दों पर आखिर अखिलेश यादव एवं स्वामी प्रसाद मौर्य का मुंह क्यों बंद रहता है, यह बात अखिलेश यादव एवं स्वामी प्रसाद मौर्य को बतानी पड़ेगी। अब जनता अखिलेश यादव के कहने पर स्वामी प्रसाद मौर्य के चिल्लाने से सपा को वोट देने वाली नहीं है, क्योंकि यह वही स्वामी प्रसाद मौर्य जी हैं जो कभी कहा करते थे कि गौरी-गणेश नहीं गोबर है, फिर गोमूत्र से सुद्धि कराने चले गए। अब चर्चा में आने के लिए भाजपा, सपा के भोपू बन गए हैं।

संक्षेप

हाजी सरफराज अहमद बने जामा मस्जिद के सदर

चोपन। जामा मस्जिद चोपन के अंजुमन इस्लामिया कमेटी का चुनाव परिणाम रविवार की देर शाम आ गया। मतगणना हाजी मुख्तार अहमद की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव में हाजी सरफराज अहमद 317 वोटों से असलम खान को पराजित कर विजयी रहे। वहीं लगातार 5वीं बार सेक्रेटरी महफूज आरिफ व खाजांची ईदू भाई सर्राफ निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी चिराग अली, नजमुद्दीन ईदरिशी व शाकिब खान ने बताया कि कुल 454 वोट पड़े जहां हाजी सरफराज अहमद ने 317वोट व असलम खान ने 133 वोट प्राप्त किये। 4 वोट अनवैलिड हुए। नवनिर्वाचित सदर हाजी शरफराज अहमद ने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं पूरी ईमानदारी से पालन करूंगा। चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली ने निष्पक्ष निर्वाचन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विजेता टीम पांच वर्षों तक जामा मस्जिद, मदरसा, इस्लामिया स्कूल, ईदगाह, कब्रिस्तान आदि स्थानों की देखरेख करेगी। इस मौके पर डा मुन्ना, शेर खान, जहांगीर खां, नाजीम खान, सरफराज अहमद, सलीम कुरैशी, सर्फुद्दीन ईदरीशी, अनीस अहमद मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर में 107 मरीजों का हुआ परीक्षण

रेणुकूट। नगर में संचालित एनजीओ किशोरी देवी मेमोरियल वेलफेयर संस्था द्वारा रविवार को क्षेत्र के पड़री ग्राम पंचायत के खन्ता टोले में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया गया। वाराणसी से आए चिकित्सक डॉ एमसी श्रीवास्तव ने यहां 107 मरीजों का उपचार किया, इस दौरान तमाम मरीजों का खून का सैंपल लेकर उनकी ब्लड शुगर व अन्य जांच भी निशुल्क की गई। संस्था के पदाधिकारी रिपुंजय राय ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा ग्रामीण इलाकों में तमाम सामाजिक कार्य किए जाते हैं इसी के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर 107 मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया, इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

सोनांचल बार का चुनाव आज

ओबरा। सोनाचंल बार एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को होना सुनिश्चित है। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कपूरचंद पांडे और अर्जुन शर्मा के बीच मुकाबला है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अनिल कुमार चौधरी व दिनेश पांडे तथा महामंत्री पद के लिए प्रभात पांडे, दिनेश दुबे व सुरेश सिंह के बीच मुकाबला है।वही कोषाध्यक्ष पद के लिए सुशील कुमार पांडे, अशोक पाठक व सुरेंद्र कुमार चौधरी के बीच मुकाबला है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी अवधेश कुमार अग्रवाल व सहायक निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि 13 फरवरी की सुबह 10 बजे से सांय साढ़े 3 बजे तक मतदान होने के पश्चात साढ़े 4 बजे से मतपत्रों की गिनती घोषणा होने तक होगी।

अटल टिंकरिंग लैब का हुआ उद्घाटन

शक्तिनगर। विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय रवींद्र राम एवं प्रबंधक सुजीत कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को भविष्य में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। गोपाल तिवारी ने पूर्व छात्रों के रूप में दायित्व निर्वहन के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक सुजीत कुमार ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य बलवंत सिंह के दिशा निर्देशन एवं शैलेंद्र श्रीवास्तव की देख रेख में संपन्न हुआ।

अवैध परिवहन में 27 वाहनों पर कार्रवाई

सोनभद्र। जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 10 व 11 फरवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया, जिसमें 27 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया। जिसमे 10 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर याद किये गये दीनदयाल उपाध्याय

दुद्धी। एकात्म मानवतावाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि डीसीएफ कालोनी स्थित होटल ग्रीन स्टार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच के अध्यक्ष डा. लवकुश प्रजापति की अध्यक्षता में उत्साह और भाव के साथ मनायी गयी। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य 1952 से सन 1967 तक महामंत्री रहे। पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर अंत्योदय विचार के प्रणेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। लवकुश प्रजापति ने कहा कि वे कुशल विचारक, भारतीय राष्ट्रवाद व हिंदुत्व राष्ट्र के अवधारणा के साथ-साथ भारतीय हिन्दू संस्कृति एवं परंपराओं को अक्षुण्य बनाए रखने व वक्त परिस्थितियों के अनुसार नए विचारों को आत्मसात करने की बात किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच के तत्वाधान में भारत के मूल अवधारणा के अनुरूप सांस्कृतिक, धार्मिक विरासत के साथ-साथ समसामयिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चिंतन द्वारा समाज का मार्गदर्शन करने का कार्य अनवरत प्रबुद्धजनों द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर नंदलाल अग्रहरी, जवाहर लाल, जगदीश्वर प्रसाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

समारोह

श्री एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

स्मृति चिन्ह देकर एडीएम नमामि गंगे को सम्मानित करते श्री एकेडमी विद्यालय के प्रबंधक

सोनभद्र। श्री एकेडमी विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का शनिवार को आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों मे प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में समारोह के मुख्य अतिथि एडीएम नमामि गंगे आशुतोष कुमार दुबे, ओम प्रकाश त्रिपाठी, राहुल श्रीवास्तव, विजय शंकर चतुवेर्दी, नरेन्द्र कुमार पाठक, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, गोविन्द प्रसाद मिश्र, अखिलेश मिश्र, विजय प्रकाश पाण्डेय एवं विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा. अनिल कुमार पाण्डेय, प्रबन्धक अजेय कुमार पाण्डेय एवं दोनों शाखाओं के प्रधानाचार्य संध्या गोयल एवं गणेश गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्ति के भाव में विभोर कर दिया। एक तरफ छात्रों ने नृत्य संगीत के माध्यम से दर्षक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया तो दूसरी तरफ देश-भक्ति के कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जन-मानस के अन्दर देश-भक्ति की भावना को जागृत किया।

इस अवसर पर विद्यालय केप्रबन्ध निदेशक ने छात्रों को देश का भविष्य बताते हुये इनके विकास को देश विकास बताया क्योंकि ये देश के भविष्य हैं। प्रबन्धक ने अमराद्या-छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की। इस छात्रवृत्ति योजना के तहत क्षेत्र के श्री एकेडमी में पढ़ने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जायेगी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे आगे भी निरन्तर परिश्रम पूर्वक विद्याध्ययन करनेकी शिक्षा दी। विद्यालय की शैक्षणिक सलाहकार संजू शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम सीटी ब्रांच की शैक्षणिक सलाहकार प्रियंका पांडेय के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नीलम त्रिपाठी, श्यामनारायण पाठक, अवनीश सिंह, अर्जुन सिंह, राकेश त्रिपाठी, राघव मिश्रा, पूजा, स्तुति, आरती, सौम्या, मनोज ओझा, अक्षय कुमार, तारकेश्वर पाण्डेय, शिवम, आशुतोष शुक्ला, आशुतोष सोनी, इत्यादि अध्यापक उपस्थित रहे।

ब्रेकर पर उछली बाइक ट्रक से कुचलकर महिला की मौत

डाला। स्थानीय वैष्णो मंदिर के पास रविवार की अल सुबह बाइक पर बैठी महिला ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, महिला के गिरते ही पीछे से आ रही ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

बताया गया कि 53 वर्षीय सुमित्रा पत्नी राजेन्द्र निवासी बैरिहवां टोला सलखन अपने नाती 12 वर्षीय ऋषि पुत्र जितेन्द्र निवासी तेलगुड़वा को अपने पड़ोसी सरोज के साथ तेलगुड़वा से बाइक से अपने घर जा रही थी कि वैष्णो मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर बने स्पिड ब्रेकर पर फिसल कर गिर गई, महिला के गिरते ही उसी वक्त पीछे से आ रही ट्रक ने महिला को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बाइक चालक सरोज मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। महिला का नाती ऋषि वैष्णो मंदिर से पैदल चल कर रोते हुए अपनी बुआ के घर पटवध जाकर घटनाक्रम की जानकारी दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाते ही पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही करने के बाद शव जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजन चौकी पहुंच कर घटना की जानकारी दिए। जानकारी के मिलने के बाद चौकी प्रभारी द्वारा फोटो दिखाकर शव की शिनाख्त करायी गयी। बताया गया कि मृतका के पुत्र अनिल की रविवार को मिर्जापुर में होने वाले सामुहिक विवाह में शादी होनी थी, जिसको लेकर तेलगुड़वा से नाती व अन्य रिश्तेदारों को उसी बाइक से लाया जा रहा था कि उसी दौरान घटना घट गई। महिला की मौत होने की वजह से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

दिग्विजय सिंह का राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

सोनभद्र। भारतीय हाकी टीम के सदस्य रह चुके नगर पंचायत पिपरी के चेयरमैन दिग्विजय सिंह एक बार फिर हाकी स्टिक के साथ मैदान में खेलते हुए नजर आयेंगे, जिसे लेकर लोगों में हर्ष व उत्साह का वातावरण व्याप्त है। देश भर के 40 वर्ष से अधिक उम्र के बड़े व पुराने नामी हाकी खिलाड़ियों की टीम बनाई जा रही है, जिसका मैच काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 11 से 14 फरवरी तक खेला जायेगा। टीम में नगर पंचायत पिपरी के चेयरमैन व हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके दिग्विजय सिंह का भी चयन किया गया है। बेट्रांस राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता मे प्रदेश के पहले चेयरमैन हैं, जिनका फिटनेस के आधार पर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। उनका चयन होने से नगर पंचायत पिपरी के साथ ही पूरे जिले में हर्ष का माहौल व्याप्त है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए जीत की शुभकामनाएं दी हैं। वे राजनीति के साथ ही खेलों में रुचि रखने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी विशेष रुचि रखते हैं।

देश नहीं बिकने दूंगा का मतलब अब आया समझ: आशुतोष

महासम्मेलन

सपा के आदिवासी, दलित पिछड़ा ब्लॉकस्तरीय सम्मेलन में बोले एमएलसी, भाजपा सरकार पर कसा तंज

तीर धनुष देकर एमएलसी का स्वागत करते सपा पदाधिकारी

दुद्धी। नगर के रामलीला मैदान में शनिवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान ब्लाक स्तरीय आदिवासी, पिछड़ा, दलित महासम्मेलन का आगाज हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय यादव ने की। मुख्य अतिथि एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने समाजवादी झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि कहा कि आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों को भाजपा सरकार ने ठगने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने कहा था भाइयों बहनों मैं देश नही बिकने दुंगा, इसका मतलब अब समझ में आया उन्होंने ऐसा क्यों कहा, क्योंकि वे देश को खुद बेचना चाहते थे, इसलिए दूसरों को नही बेचने देने का वादा किये थे। एमएलसी ने कहा कि पीएम ने रेलवे, एयरपोर्ट, सरकारी सम्पति को बेच दिया। भाजपा के वास्तविक चेहरे को पहचानने के लिए शिक्षित होने की आवश्यकता है। संयोजक व पूर्व मंत्री विजय सिंह गोंड़ ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। संविधान बचाने के लिए लड़ना होगा। सरकार द्वारा आदिवासियों को हितैषी बनने के लिए जो भौमिक अधिकार दिया गया, वो बिल्कुल फर्जी है। तंज कसते हुए कहा कि तुलसीदास द्वारा लिखे गए रामचरितमानस पर बोलने पर हंगामा होता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि सभी आदिवासी को हिन्दू बनाना है। आदिवासी हिन्दू नही है, हिन्दू लिखने पर आरक्षण समाप्त हो जाएगा। आदिवासियों को देव, मूलभूत, रीति रिवाज को नहीं भूलना चाहिए। सिविल बार अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा, जुबेर आलम, हरिहर यादव, अवधनारायन, सेकरार अहमद, गौस मुहम्मद खान, रमेश, वीर बहादुर यादव, मन्नू खां, प्रेमचंद, दिनेश यादव, बुन्देल चौबे, राजू शर्मा, अभिनव जायसवाल, परमजीत, दीपक जौहरी, अवधेश मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

शोभायात्रा निकाल ईश्वर की भक्ति से जुड़ने का दिया संदेश

शोभायात्रा में शामिल संस्था की सदस्याएं

रेणुकूट। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को परमपिता परमात्मा शिव के आध्यात्मिक संदेश को जन-जन पहुंचाने के उद्देश्य से शिवजयंती का आयोजन किया गया। जिसमें भव्य शोभायात्रा एवं आध्यात्मिक झांकी निकालकर ईश्वर की भक्ति से जुड़ने का संदेश दिया गया। शिवापार्क स्थित सेवा केंद्र पर शिव ध्वजारोहण के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष निशा सिंह एवं ब्रह्मकुमारी संस्था की मुख्य केंद्र संचालिका बीके सुमन ने संयुक्त रूप से शिवध्वज एवं हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा की शुरूआत की।

संस्था से जुड़े पुरूष सदस्य शिवध्वज एवं महिलाएं सर पर कलश लेकर चलते हुए शिव के जयकारे लगाते रहे। शोभायात्रा में फूल मालाओं से सजे वाहन पर विशाल शिवलिंग एवं भगवान शिव का रूप धारण किए बालक आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा केंद्र से शुरू होकर मुख्य चौराहे से होते हुए हिंडालको पेट्रोल पंप से वापस सेवा केंद्र पर समाप्त हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण के लिए अध्यात्म सबसे सरल मार्ग है। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से मादक द्रव्यों के सेवन से दूर रहने का आवाहन किया। मुख्य केंद्र संचालिका बीके सुमन ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर गांजा भांग और मद्यपान करने की परंपरा गलत है। वर्तमान समय में ज्योति बिंदुस्वरूप परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर मनुष्यत्माओं को जीवन को नर्क बनाने वाले विकारों को छोड़ने का संदेश दे रहे हैं। संस्था से जुड़े सदस्यों ने पर्चे का वितरण करके लोगों के जीवन में ईश्वरीय ज्ञान और राज्योग को अपनाकर जीवन को तनाव मुक्त रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा, सीता, कविता, आशा, सुनीता, वीरेंद्र, कैलाश, भानू, मनोज, मोहन, हरिंद्र, रामदुलारे ने योगदान दिया।

धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

ओबरा। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलू सामानों की बिक्री हेतु प्रचार प्रसार करवाकर दो युवकों द्वारा नगर के लोगों से लाखों रुपए ऐंठ लिया गया था।वही इस मामले में संजय कुमार पांडेय निवासी जागृति नगर भलुआ टोला थाना ओबरा द्वारा थाने में तहरीर दिया गया था। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। साथ ही आरोपी युवकों की तलाशी ली पुलिस ने प्रारंभ कर दिया था। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद तथा प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र द्वारा टास्क टीम इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी को बनाया गया था। रविवार की सुबह कस्बा चौकी इंचार्ज द्वारा आरोपी युवकों अरनगुलावन पुत्र कृष्णन निवासी 236-1/145- 2 न्यू स्ट्रीट थाना तिरुचिरा्म्बालम पट्टकोटाई तिरुचिरा्म्बालम पूर्व जनपद तंजौर तमिलनाडू तथा बालचन्दर सोमा सुन्दरम पुत्र सोमासुन्दरम निवासी 3/61 पोकनन विधी साउथ पट्टकोटाई तालुका कलाथुर ईस्ट जनपद तंजौर तमिलनाडू को शारदा मंदिर के पास वीआईपी रोड चौराहा पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया। रोजा होम नीड्स सिंह काम्पलेक्स के द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में मुकदमा पंजीकृत है।

सभागार में दिखाया गया राष्ट्रपति का लाइव भाषण

समारोह

समापन समारोह के अवसर पर उद्योग क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों को स्मार्टफोन किया गया वितरित

जनसंदेश न्यूज

कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण देखते अधिकारी

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में रविवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर आयोजित जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ के समापन अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के भाषण का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण दिखाया गया।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है, ऐसी स्थिति तभी बनती है, जब जमीनी स्तर पर व्यापक बदलाव किए जाते हैं और उनके माध्यम से जनपद के कारोबारियों को यह भरोसा दिलाया जाता है कि उनका निवेश न केवल सुरक्षित है। एडीएम ने कहा कि पिछले करीब छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में बहुत कुछ बदला है, इस बदलाव के कारण ही उल्लेखनीय निवेश प्रस्ताव मिलना संभव हुआ है।

इन्वेस्टर्स निर्यातक शिखर सम्मेलन और निवेश कुंभ में मिले निवेश जनपद सोनभद्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यूपीजीआईएस के परिपेक्ष्य में जनपद में लगभग 1 लाख 25 हजार करोड़ के कुल 82 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उन्होंने निवेशक उद्यमियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, अन्य उद्यमियों को भी निवेश के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित किया गया। कहा कि जिले में किसी भी उद्यमी को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उद्यमों की स्थापना से रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और सभी क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सकेगा। कहा कि जनपद में इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उद्यामीगण ने एक लाख ग्यारह हजार करोड़ रुपएं निवेश कर औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करेगें, जिसके माध्यम से जनपद में लगभग 10 हजार से अधिक लोगो को रोजगार उपलब्ध होगें और बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें। जिससे कि जन मानस के जीवन में खुशहाली आयेगी और जनपद का चैमुखी विकास होगा।

समापन के अवसर पर कौशल विकास मिशन के तहत राजमिस्त्री व मजदूरों को अपर जिलाधिकारी द्वारा स्मार्टफोन का वितरण किया गया। तथा ओपीओडी के तहत मुख्यालय स्तर से प्राप्त मोमेन्टो का भी वितरण किया गया। इस मौके पर एलडीडी अरूण कुमार पाण्डेय, लालधारी गौतम, पीओ डूडा श्री उपध्याय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील सिंह, सुनील कुमार ड्रग इन्स्पेक्टर, राजेश गुप्ता, उद्यमी रमेश जायसवाल, संदीप सिंह चन्देल, राजेश वंशल, प्रकाश केसरी, अजीत जायवाल,आनन्द गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

दवा व्यवसायी की हत्या से व्यापारियों में आक्रोश शव रखकर हाईवे किया जाम

मृतक धीरज गुप्ता (फाइल फोटो)

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 इंदिरा नगर निवासी दवा व्यवसाई धीरज गुप्ता की गोली मार के हत्या के बाद व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मुख्यालय से पंडित कमलापति त्रिपाठी से जिला चिकित्सालय के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे व्यापारियों ने शव को हाईवे पर रखकर जाम कर दिया इससे 2 घंटे तक हाइवे जाम रहा है। वही मौके पहुंचे जिलाधिकारी ईशा दुहन व एसपी अंकुर अग्रवाल ने समझा-बुझाकर किसी प्रकार मामले को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बताते हैं कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 इंदिरा नगर निवासी वीरेंद्र गुप्ता के 2 पुत्र हैं। बड़ा वाला पुत्र धीरज गुप्ता सदर कोतवाली क्षेत्र के हथियाने गांव में मेडिकल स्टोर की दुकान खोल कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। प्रतिदिन की भांति वो अपनी मेडिकल दुकान बंद कर कर घर वापस लौट रहा था। पिपरपतिया गांव के समीप हौसला बुलंद बदमाशों ने गोली मार दी जिससे धीरज खून से लतपत हो कर सड़क पर गिर गया। वही हौसला बुलंद बदमाश मौके से फरार हो गए। मौके पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुची पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों और व्यापारियों की हुई वो आक्रोशित हो गए। शव को नेशनल हाईवे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे एसपी अंकुर अग्रवाल ने व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन व्यापारी हत्यारो के गिरफ्तारी की मांगों पर अड़े रहे। वही एसपी से जानकारी मिलने और पहुची जिलाधिकारी ईशा दुहन ने व्यापारियों से मिलकर हर संभव मदद के साथ 24 घंटे में हत्यारों के गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी व एसपी के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। जिलाधिकारी व एसपी के मौजूदगी में देर रात तक पोस्टमार्टम का सिलसिला जारी रहा।

व्यापारियों को समझाती जिलाधिकारी ईशा दुहन व एसपी अंकुर अग्रवाल

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर विधायक रमेश ने परिजनों को बंधाया ढांढस

चंदौली। नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह इंदिरा नगर निवासी वीरेंद्र के पुत्र धीरेंद्र की हौसला बुलंद बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पहुंचा दिया। लेकिन व्यापारि शव को उठाकर हाईवे पर ले आए और नेशनल हाईवे जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसपी ने व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन व्यापारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं लिया।

एसपी अंकुर अग्रवाल व्यापारियों को आश्वस्त किया कि 12 घंटे के अंदर हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इसके लिए उन्होंने 5 टीमें गठित कर दी है। अपराधी जल्दी बदमाश पुलिस के गिरफ्त में होंगे। यही नहीं मुगलसराय अनिरुद्ध सिंह भी दल बल के साथ पहुंच गए। इसके अलावा सदर कोतवाली के पुलिस के साथ-साथ सैयदराजा पुलिस और एसपी विनय कुमार भी मौके पर पहुंचे लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। जिलाधिकारी ईशा दुहन मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को समझाया और कहा कि जो भी सरकार से सुविधा मुहैया होगी वह व्यापारी को उपलब्ध कराई जाएगी इसके बाद व्यापारियों ने शव को पुलिस को दे दिया। इसके बाद भी व्यापारियों का आक्रोश जारी रहा।

देर रात व्यापारियों की सूचना पर पहुचे मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने डीएम व एसपी से वार्ता कर कहा कि सरेराह व्यापारी की हत्या हो जा रही है। और बदमाश पुलिस के पहुच से दूर है। ये पुलिस की बड़ी लापरवाही है। अगर 24 घंटे के अंदर बदमाशों की गिरफ्तारी नही हुई तो लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी के वार्ता करते मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल

24 घंटे में हत्यारों की नहीं हुई गिरफ्तारी तो होगा बड़ा आंदोलनः मनोज डब्लू

चंदौली। सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू रविवार को मृतक दवा व्यवसाई धीरज गुप्ता के घर पहुंचे और परिजनों से मिलाकर उनको ढांढस बढ़ाने के साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया। चेताया की जिला प्रशासन जल्द ही घटना का खुलासा नही करती है। तो इसके लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हत्यारों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। अगर 24 घंटे में हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो किसके लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है।

व्यापारी के साथ-साथ महिलाएं किसान गरीब लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रदेश में अपराध इतना बढ़ गया है। कि आए दिन कहीं ना कहीं हत्याएं हो रही है। और पुलिस बदमाशों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। यदि जल्दी दवा व्यवसाई धीरज के हत्यारों को पकड़कर हत्या का पदार्फाश ने किया गया तो इसके लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पुलिस की होगी।

मृतक धीरज के परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बधाते सपा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू

मासूम बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

चंदौली। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 निवासी धीरज गुप्ता की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय पहुंचे वही बच्चों को मालूम ही नहीं चल रहा था। उनके सर से पिता का साया उठ गया है। वही मृतक धीरज के पिता व भाई का रो-रो कर बुरा हाल था। उनके करुण रुदन से लोगों की आंखें नम हो गई। बताते हैं कि धीरज गुप्ता के 2 पुत्र हैं। पहला पुत्र इशांत 13 साल का अनुज 7 वर्ष का है। जो इस घटना से पूरी तरह से अनजान थे।

हत्या कांड का खुलासा करने के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित

चंदौली। दवा व्यवसायी धीरज गुप्ता के हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम पांच टीमें लगी हुई है। शनिवार की रात टीम ने कई स्थानों पर दबिश भी दी। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने देर रात में ही कुछ लोगों को हिरासत में भी लेकर पूछताछ में जुटी है। शीघ्र ही मामले का पदार्फाश होने का कयास लगाया जा रहा है।

नगर निवासी धीरज गुप्ता की हथियानी में दवा की दुकान बंद कर लौटते समय बदमाशों ने शनिवार की शाम गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना से गुस्साए व्यापारियों और नगरवासियों ने हाईवे जाम कर दिया था। नगरवासियों के अनुसार वह फामी मिलनसार स्वभाव का था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिजनों ने छिनैती के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस हत्या का कारण कुछ और ही बता रही है।

इस दिशा में काम कर रही पुलिस को जांच में धीरे-धीरे हत्या की वजह साफ होती भी दिख रही है। फिलहाल हत्याकांड का पदार्फाश और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगायी गयी क्राइम ब्रांच सहित पांच टीमें कार्रवाई में लगी हुई है। सूत्रों के अनुसार दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि कोई भी पुलिस अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। उधर एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम बदमाशों को पकड़ने में लगी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

हत्या से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद कराया

चंदौली। नगर पंचायत के वार्ड नंबर इंदिरा नगर निवासी दवा व्यवसाई धीरज गुप्ता को हौसला बुलंद बदमाशों ने शनिवार की रात सरे राह गोली मारकर हत्या कर दी थी। इससे आक्रोशित नगर के व्यापारियों ने रविवार को बाजार को बंद कराया और अपील किया कि इस बंदी में व्यापारी सहयोग दें साथ ही मांग किया कि तत्काल हत्यारों की गिरफ्तारी हो नहीं तो अगला आंदोलन तेज होगा। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 इंदिरा नगर निवासी धीरज गुप्ता 35 कि शनिवार को रात हथियानी से दवा की दुकान बंद कर घर लौटते समय पिपर पतिया के पास हौसला बुलंद बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। रात को ही व्यापारियों ने प्रदर्शन किया और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की थी लेकिन रविवार की सुबह दवा व्यवसायी की हत्या के विरोध में शासन और प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की और नगर की दुकानों को बंद करा कर अपना विरोध जताया। व्यापारियों ने कहा कि इस हत्या का खुलासा पुलिस तत्काल करें और दोषियों को सख्त सख्त कार्रवाई की जाए। यही नहीं पूरे नगर में भ्रमण कर व्यापारियों की दुकानों को बंद कराया।

नगर में दुकानों को बंद कराते व्यापारी

दुर्घटना में घायल सफाई कर्मी की इलाज के दौरान मौत

सकलडीहा। धरहरा गांव के पास शनिवार शाम साढ़े सात बजे वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल युवकों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर घायलों को जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर के लिये भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान बिरना गांव निवासी सफाई कर्मी शिव कुमार की मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के देवरापुर बिरना निवासी 37 वर्षीय शिव कुमार अपने गांव के 34 वर्षीय नगेन्द्र कुमार के साथ सकलडीहा से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। शिवकुमार धानापुर ब्लॉक के प्रसहटा गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। धरहरा गांव के पास वाहन की टक्कर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वही धक्का मारने के बाद वाहन सहित चालक फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को सीएची से जिला अस्पताल भेजवाया जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। जिसमे सफाई कर्मी शिवकुमार की मौत होगयी। वही नागेन्द्र की हालत गंभीर बना हुआ है। घटना की जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मचा है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि घायल सफाई कर्मी शिवकुमार की इलाज के दौरान मौत होगयी।

बिरना गांव में रोते बिलखते परिजन

पत्नी और बच्चों का रोते रोते बुरा हाल

बिरना गांव निवासी सफाई कर्मी शिवकुमार की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पिता धनई राम माता मुनन देवी पत्नी सुनीता सहित दो पुत्री और तीन पुत्रों का रोते रोते बुरा हाल है।

जनपद में सफलतापूर्वक प्रति भूत हो रहा जिले का किसान विज्ञान केंद्र

चंदौली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र में फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत दो दिवसीय विराट किसान मेला एवम कृषि उद्योग प्रदर्शनी कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशक प्रसार एवम कृषि विज्ञान एपी राव वाराणसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अध्यक्ष डा. सत्यपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. सत्यपाल सिंह ने कहा की प्राकृतिक खेती का ट्रायल कृषि विज्ञान केन्द्र पर सफलता पूर्वक प्रतिभुत हो रहा है। किसानों के लिए प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहा है। इसके बाद से अब तक लगभग 500 से अधिक किसानों को जागरूक किया जा चुका है। कहा की विगत एक दशक से खेती में मशीनों का प्रयोग बढ़ा है। साथ ही खेतीहर मजदूरों की कमी की वजह से भी यह एक आवश्यकता बन गई है। ऐसे में कटाई व गहराई के लिए कंबाईन हार्वेस्टर का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। जिसकी वजह से भारी मात्रा में फसल अवशेष खेत में पड़ा रह जाता है।

कुत्ते को बचाने में पेड़ से टकराई स्कार्पियो एक की गई जान

धानापुर। रविवार को थाना क्षेत्र के हिंगुतरगढ़ में कुत्ते को बचाने में स्कॉर्पियो पेड़ से जा टकराई जिससे गांव निवासी एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हिंगुतरगढ़ निवासी विशाल यादव उम्र 25 वर्ष और विशाल सिंह उम्र 25 वर्ष स्कार्पियो से निदिलपुर की तरफ जा रहे थे।

हिंगुतरगढ़ से कुछ दूर गए ही थे की कुत्ते को बचाने में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से जा टकराई। आस पास के लोगों ने पहुंच कर एंबुलेंस को सूचना देने के साथ ही स्कार्पियो में फंसे घायल युवकों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने विशाल यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक विशाल सिंह को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। घटना में युवक की मौत से परिजन सहित गांव में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि मृतक विशाल यादव का शव अंत्य परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

मृतक विशाल यादव (फाइल फोटो)

संक्षेप

अवैध मंडी लगाकर मोरंग बालू की हो रही है सप्लाई

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर में दो लोगो द्वारा अपने जमीन पर बालू मोरंग का अवैध मंडी चलाया जा रहा है। वही प्रशासन मूक दर्शक बनकर बैठा हुआ है। राजस्व विभाग को चुना लगाया जा रहा है। मारूफपुर में गायत्री टेंट हाउस के सामने एक व्यक्ति द्वारा चंद पैसों के लिए अपने ही जमीन पर ज्यादा मात्रा में मोरंग बालू का अवैध मंडी चलाता है। जिसका कोई लाइसेंस नही है। मुख्य मार्ग चहनियां वाया चन्दौली के किनारे बालू गिराकर बेचा जा रहा है। मुख्य मार्ग पर बालू गिरने से आने जाने वाले लोगो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बालू में फंसकर गिर जा रहे है। चोरी छिपे मंडी चलाने पर भी प्रशासन मौन है। जो राजस्व विभाग को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

मुख्य मार्ग के किनारे गिराया गया मोरंग बालू

किशोरी को मारपीट कर किया घायल

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के राम लक्ष्मणपुर गांव में रविवार की दोपहर मनबढ़ प्रवृत्ति के अवधेश पटेल ने गांव के ही 2 किशोरियों को मारपीट कर घर कर दिया। थाने पहुंची दोनों किशोरियों ने घटना के बाबत लिखित तहरीर पुलिस को दी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रामलक्ष्मणपुर गांव में हैंडपंप पर पानी भरने गई आरती 16 वर्ष और कविता 14 वर्ष पर गांव के ही मनबढ़ प्रवृत्ति के अवधेश पटेल ने छींटाकशी कर दी। किशोरियों के विरोध करने पर कहासुनी करते हुए अवधेश ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल दोनों किशोरियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि किशोरियों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

बजहा गांव में आज से गुजेगा लाइट, कैमरा , एक्शन

बबुरी। क्षेत्र के बजहा गांव में स्पंक फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही मनोरंजक, शिक्षाप्रद हिन्दी फिल्म आयुष्मति गीता मैट्रिक पास का शुभ मुहुर्त सोमवार को सम्पन्न होगा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के थीम पर बन रही इस फिल्म के मुहुर्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू युवा वाहिनी के वाराणसी मंडल प्रभारी विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल व विशिष्ट अतिथि ब्लाकप्रमुख संजय सिंह बबलू होगें। फिल्म के मुख्य अभिनेता अनुज सैनी व हिरोइन प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अनिल कपूर की भतीजी काशिका कपूर हैं। फिल्म का निर्देशन प्रदीप खैरवार, डीओपी शानू सिंह राजपूत व लाइन प्रोड्यूसर जवाहर लाल सहगल होगें। 13,14,15 फरवरी को होने वाले फिल्म का फिल्मांकन बजहां गांव के नागेश्वर सिंह व तारकेश्वर सिंह के आवास के अलावा बजहां तालाब व मंदिर पर होगा।

10 राशि गोवंश के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बबुरी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप वाहन से 10 राशि गोवंश के साथ एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। रविवार की सुबह बबुरी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक सफेद पिकप वाहन से पशु तस्कर गोवंश लादकर एकौनी खुरुहूजा मार्ग से होते हुए बिहार जाने वाले है। सूचना मिलते ही बबुरी पुलिस ने उक्त रास्ते पर घेरा बंदी कर एक पिकप वाहन में क्रूरता पूर्वक बधे 10 राशि गोवंश के और एक धारदार चापड़ के साथ मुलायम यादव पुत्र सच्चन यादव निवासी नौबाट थाना चांद भभुआ बिहार निवासी तस्कर को धर दबोचा ।गिरफ्तार करने वालो में बबुरी थानाध्यक्ष राजेश सरोज,उपनिरीक्षक अवधेश नारायण कांस्टेबल अखिलेश सिंह,अनुज कुमार वर्मा,कृष्ना यादव रहे।

पॉस्को के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के चकिया अहरौरा मार्ग पर उचेहरा नहर पुलिया के पास से रविवार की सुबह पुलिस ने पास्को एक्ट के वांछित आरोपित सदापुर गांव निवासी दिलीप उर्फ पिंटू यादव को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि वांछित दिलीप के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323 363 366 और 376 के तहत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जनक सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

धर्म रक्षक और समाज सुधारक थे स्वामी दयानंद सरस्वती : दीपक

चहनियां। पतित पावनी पश्चिम वाहिनी मोक्षदायिनी मां गंगा बलुआ तट पर गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारा दैनिक संध्या भव्य आरती रविवार की दिव्य आरती के अन्तर्गत तृतीय गंगा आरती आर्य समाज के प्रवर्तक,महान समाज सुधारक,सन्यासी स्वामी दयानंद सरस्वती को समर्पित किया गया। गंगा आरती देख लोग भाव विभोर हो गये ।

गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने गंगा आरती के दौरान स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा की स्वामी जी ने आर्य समाज की स्थापना करके कृण्वन्तो विश्वमार्यम्,का नारा दिया, जिसका अर्थ है विश्व को आर्य बनाते चलो. जिसका मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना है। आज हम सभी गंगा सेवक उनके बताए हुए आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने गंगा सेवा समिति के स्लोगन स्वच्छ गंगा सुंदर भारत कार्यक्रम के तहत सभी गंगा सेवकों और,गंगा भक्तों को गंगा स्वच्छता का शपथ भी दिलाया। हर गंगे,हर हर महादेव के नारों से बलुआ घाट गुंजायमान हो गया। इस मौके पर अंकित जायसवाल गोलू,जुगनू पासवान,नीरज साहनी,अजय साहनी, अंकित,अभिषेक साहनी, राजेश साहनी, बृजेश साहनी,राजेश सोनकर, कन्हैया सेठ,सुनील पंजाबी सतीश गुप्ता,नीरज निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भर राष्ट्र के रुप में स्थापित है देशः सर्वेश

चहनियां। स्थित बृजनन्दनी कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी चहनिया मंडल कार्यसमिति की कार्यशाला बैठक संपन्न हुई। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि क्षेत्रिय संयोजक चुनाव प्रबंधन उदय प्रताप सिंह पप्पू व मंडल प्रभारी राजेश सिंह ने डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी प० दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि उदय प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को जमीन पर जाकर एक एक कार्यकताओं से मिल कर काम करना होगा। भारत व राज्य सरकार के कार्यकाल की विकास कार्यों को गिनाते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए उपलब्धियों पर चर्चा किया।

वहीं बृजनन्दनी कान्वेंट स्कूल के निदेशक डा0 अखिलेश अग्रहरि ने दोनों सत्रों के मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री गृहमंत्री प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश जिस प्रकार से शिखर पर पहुंचने के साथ ही विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर कर रही है। पार्टी के कार्यकर्ता परिवार की रीढ़ है। दुसरे सत्र के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा ने कहा कि बदलते परिवेश में भारत पुनः विश्व मंच पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रुप में स्थापित है। गांव गरीब शोषित वंचित समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित होकर राष्ट्र की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए माननीय प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री ने अथक परिश्रम कर राष्ट्र की उन्नति का संकल्प सिद्ध किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की सरकार द्वारा अनेकानेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर धरातल पर उतारने का कार्य किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, डाक्टर अरबिंद पांडेय, गोपाल गुप्ता, जयशंकर जायसवाल, सुजीत पाठक, अनिल श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार,अमन सिंह, आंनद सिंह, दिनेश सोनकर,महगुं सिंह श्यामसुंदर मोर्या, मनोज गुप्ता, शिवलाल जायसवाल, गुड्डू गिरी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन आंनद सिंह व आभार प्रकट मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा ने किया।

बृजनन्दनी स्कूल में कार्यसमिति कार्यशाला में मंचासीन मुख्य अतिथि

स्पोर्ट्स

हरमनप्रीत से लेकर स्मृति मंधाना और दीप्ति तक, नीलामी में इन 10 खिलाड़ियों पर लग सकती है बड़ी बोली

विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में होनी है। इस नीलामी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना पर बड़ी बोली लगना तय है। इन दोनों के अलावा दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा जैसी खिलाड़ियों को भी बड़ी कीमत पर खरीदने के लिए टीमें तैयार रहेंगी। इस लीग के लिए पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी हो रही है। इस नीलामी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की खिलाड़ियों पर भी सभी पांच फ्रेंचाइजी जमकर पैसे लुटाएंगी। यहां हम उन खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं, जिन पर नीलामी में बड़ी बोली लग सकती है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को डब्ल्यूपीएल में भी किसी न किसी टीम की कप्तानी मिलना तय है। वह भारत की सबसे विस्फोटक बल्लेबाज भी हैं। हरमन जितनी आसानी से छक्के लगाती हैं, वह किसी दूसरी भारतीय बल्लेबाज के बस की बात नहीं है। ऐसे में पूरी संभावना है कि वह इस सीजन की सबसे महंगी खिलाड़ी बनें। वह बल्लेबाजी और कप्तानी के अलावा गेंद के साथ भी उपयोगी योगदान दे सकती हैं।

धर्मशाला से बेंगलुरु शिफ्ट हुआ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट: कारण- नए ड्रेनेज सिस्टम के कारण आउटफील्ड तैयार नहीं, 1 मार्च से होना था मैच

नए ड्रेनेज सिस्टम की वजह से हुई देरी

नई दिल्ली। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच धर्मशाला से बेंगलुरु शिफ्ट हो गया है। भास्कर के सूत्रों ने बताया कि एक मार्च से शुरू होने वाला यह मुकाबला अब धर्मशाला की जगह बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच का वेन्यू बदलने की वजह धर्मशाला स्टेडियम की आउटफील्ड का तैयार नहीं होना है। इसी वजह से इसे बेंगलुरु में कराने का फैसला लिया गया है।

धर्मशाला का क्रिकेट स्टेडियम धौलाधार की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। पहाड़ी इलाका होने की वजह से यहां बारिश की आशंका हमेशा बनी रहती है। यहां हुए अधिकांश मैच बारिश की भेंट चढ़ते रहे हैं। बारिश की वजह से मैच रद्द या उनमें होने वाली देरी को रोकने के लिए ही हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस स्टेडियम में नया ड्रेनेज सिस्टम लगवाया है। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की वजह से बारिश होने के बाद ग्राउंड को सुखाने में 2 घंटे लग जाते थे जबकि नए ड्रेनेज सिस्टम से बारिश होने की सूरत में महज 15 मिनट में ग्राउंड खेल के लिए तैयार किया जा सकेगा।

आल्टफील्ड तैयार नहीं

नए ड्रेनेज सिस्टम के लिए धर्मशाला स्टेडियम में पिच को छोड़कर सारे आउटफील्ड की खुदाई की गई। उसके बाद यहां नए सिरे से आल्टफील्ड में घास लगाई गई लेकिन यह घास पूरी तरह तैयार नहीं हो पाई है। ऐसे हालात में इंटरनेशनल मैच कराने की सूरत में क्रिकेटरों के चोटिल होने के चांस बढ़ जाते हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोएिशन के इस मैदान पर इकलौता टेस्ट मैच वर्ष 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच खेला गया था। यहां हुए आखिरी इंटरनेशनल मैच की बात करें तो भारत ने फरवरी 2022 में यहां आखिरी मैच खेला था। श्रीलंका के खिलाफ दो टी-20 मैच इस मैदान पर खेले गए थे।

दुनिया के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार

दुनिया के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार एचपीसीए स्टेडियम में अभी तक केवल एक ही टेस्ट मैच का आयोजन हुआ है। यह टेस्ट मैच साल 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। लेकिन स्टेडियम में वनडे और टी-20 मैच नियमित रूप से आयोजित हुए हैं। दरअसल, एचपीसीए ने स्थानीय मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरी आउटफील्ड को फिर से तैयार करने की योजना बनाई थी। परिणामस्वरूप मानसून के बाद इस पर काम शुरू हो गया, लेकिन स्क्वॉयर बाउंड्री के पास एक छोटे हिस्से पर काम अभी बाकी है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एसएआई लखनऊ में किया छात्रावास का अनावरण

ठाकुर ने कहा इस केन्द्र पर सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 40 करोड़ से अधिक राशि व्यय की है

लखनऊ। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र के तीन नवनिर्मित भवनों, 300 बिस्तरों वाले छात्रावास, वातानुकूलित कुश्ती हॉल और खेल विज्ञान के लिए चिकित्सा केंद्र के विस्तार का अनावरण किया। इस मौके पर आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर और प्रदेश के खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव के अलावा राज्य और केंद्र सरकार के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। ठाकुर ने कहा कि इस साई क्षेत्रीय लखनऊ केन्द्र पर केन्द्र सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 40 करोड़ से अधिक राशि व्यय की है।

पहले इस केंद्र में तीन छात्रावास, पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए 80-80 बिस्तरों के दो छात्रावास और राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों के लिए 100

बिस्तरों का छात्रावास था, लेकिन इस नए छात्रावास से अब नियमित छात्रावासों की क्षमता बढ़कर 460 बिस्तरों की हो जाएगी।

इसका मतलब है कि अब ज्यादा खिलाड़ियों को रहने, ट्रेनिंग करने और देश के लिए मेडल लाने का मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत युवा मामले और खेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में 137.27 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन की तारीफ करते हुए कहा कि पहली बार किसी इन्वेस्टमेंट समिट में खेलों को जगह दी जा रही है। योगी आदित्यनाथ का विजन बहुत स्पष्ट है और यह खिलाड़ियों के लिए बहुत सकारात्मक है।

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने साई क्षेत्रीय केंद्र को भुगतान और खेल श्रेणी में फुटफॉल बढ़ाने और स्थानीय स्कूली छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने का मौका मिले। उन्होंने प्रतिभा खोज पर भी जोर दिया।

भारत ने पाक को सात विकेट से रौंदा

टी-20 महिला विश्व कप : जेमिमा और ऋचा ने अर्धशतकीय साझेदारी से दल की जीत तय की

केपटाउन। न्यूलैंड्स पर भारतीय टीम ने रविवार को महिला टी20 विश्व कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। भारत का पहला मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से था। उसने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19वें ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 में पाकिस्तान का भारत के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर रहा। बिस्माह मारूफ ने 55 गेंदों में नाबाद 68 रन और आयशा नसीम ने 25 गेंदों में नाबाद 43 रन की पारी खेली।

आखिरी तीन ओवर में भारत को जीत के लिए 28 रन की जरूरत थी। हालांकि, ऋचा और जेमिमा के मन में कुछ और ही था। 18वें ओवर में ऋचा ने लगातार तीन चौके जड़कर पहले मैच का रुख बदला। इसके बाद 19वें ओवर में जेमिमा ने तीन चौके जड़कर टीम इंडिया को जीत दिलाई। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर

जेमिमा को अर्धशतक के लिए एक रन की जरूरत थी। उन्होंने चौका लगाकर अपना अर्धशतक भी पूरा किया और टीम इंडिया को जीत भी दिलाई। यह जेमिमा के टी20 करियर का 10वां अर्धशतक रहा। जेमिमा 38 गेंदों में 53 रन और ऋचा 20 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा ने अपनी पारी में आठ चौके लगाए, जबकि ऋचा ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए नाबाद 58 रन की साझेदारी हुई।

जेमिमा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। भारतीय टीम अब अगला मैच 15 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है। ग्रुप-बी में इस जीत के साथ टीम इंडिया दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इंग्लैंड की टीम दो अंक और बेहतर रन रेट के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पाकिस्तान चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान की टीम 15 फरवरी को आयरलैंड से भिड़ेगी।

संक्षेप

सरकार उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं कर रही संचालित

चंदौली। लखनऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 कार्यक्रम का राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा समापन समारोह का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन सजीव प्रसारण जिलाधिकारी ईशा दुहन, मुख्य विकास अधिकारी, उद्यमियों व निवेशकों की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस दौरान जिलाधिकारी ईशा दुहन ने कहा कि प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था बेहतर होने से निवेशकों के लिए अच्छा माहौल है। उद्यमियों की समस्या का समाधान प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता में है। डीएम ने कहा कि सरकार उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर रही हैं जिसका लाभ सीधे उद्यमियों को मिल रहा है उद्यमियों का विकास के साथ ही देश का विकास संभव है। आज भाई मुक्त समाज में उद्यमी अपने उद्योग लगाने के लिए उत्तर प्रदेश में आ रहे हैं यह सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

तीन मवेशी के साथ पशु तस्कर वाहन सहित गिरफ्तार

सकलडीहा। कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर बरठी रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित तिराहे से गोवध के लिए जा रहे मैजिक लोडर वाहन से 3 गोवंश बरामद किया। पुलिस ने वाहन समेत चालक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति मैजिक लोडर वाहन में पशुओं को लादकर बिहार या कोलकाता की ओर जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय ने घेराबंदी कर वाहन पर लदे 3 पशुओं के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम भभुआ के दुर्गावती थाना के अटरिया गांव निवासी श्याम बिहारी बताया। पुलिस ने उसके पास से एक चाकू बरामद किया। पुलिस ने उसे पशु क्रूरता अधिनियम के तहत निरुद्ध कर जेल भेज दिया। टीम में उपनिरीक्षक भूपेश चंद्र कुशवाहा, मोहन प्रसाद व राम केवल यादव व अन्य शामिल थे।

मेडिकल कैंप में किशोरियों को परामर्श

सकलडीहा। खड़ेहरा में स्थित अमर ज्योति सेवा केंद्र पर एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी सेंट मेरिज हॉस्पिटल से डॉक्टर नुशरत झा व अन्य टीम ने किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान 350 किशोरी और महिलाओं का मेडिकल कैंप चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस मौके पर निदेशक ज्ञान प्रकाश निदेशक, कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

राज्यपाल बनाये जाने पर कार्यकताओं में हर्ष

सकलडीहा। विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाये जाने पर कार्यकताओं में हर्ष है। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के आवास पर संगठन के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर खरवार, जिलाध्यक्ष अदालती राजभर, मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, मुसाफिर प्रजापति, भानू सिंह चौहान, गोपाल राजभर, मिथिलेश पटवा सहित अन्य मौजूद रहे।

तकनीकी कारण से घंटो आपूर्ति ठप

सकलडीहा। तकनीकी कारण से सकलडीहा तहसील मुख्यालय सहित कई गांव की आपूर्ति ठप रहा। जिसके कारण विभिन्न कार्यालय सहित शो रूम और कस्बा में अंधेरा रहा। अवर अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि तकनीकी समस्या को दूर करते हुए शीघ्र आपूर्ति बहाल कराया जायेगा।

केन्द्रिय सूचना आयोग कमिशन ने लिया संज्ञान

सकलडीहा। तेन्दुई पुर गांव के अधिवक्ता रामबहादूर भारती के एक मामले को लेकर सेंट्रल इनफॉरमेशन कमिशन दिल्ली ने संज्ञान में लिया है। अधिवक्ता के ऊपर पूर्व में एक जानलेवा हमला हुआ था। समस्या के निदान के लिये अधिवक्ता ने अपील किया था।

रविचंद्रन अश्विन ने रचा एक और इतिहास, अनिल कुंबले को पछाड़ा

नागपुर। भारत ने शनिवार को नागपुर में पहले टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हरा दिया। भारत ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 91-रन पर समेट दिया जो ऑस्ट्रेलिया का भारतीय जमीन पर सबसे कम टेस्ट स्कोर है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैच पारी के अंतर से जीत चुका है। भारतीय ऑल-राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने जीते गए अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने आठ विकेट लिए जिसके साथ जीते गए अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनके विकेटों की संख्या 489 हो गई। उन्होंने अनिल कुंबले को पछाड़ा जिन्होंने इस मामले में 486 विकेट लिए थे। भारतीय ऑल-राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को नागपुर टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में अपना 5 विकेट हॉल पूरा किया। यह 36-वर्षीय अश्विन के टेस्ट करियर का 31वां और भारत में 25वां 5 विकेट हॉल है और उन्होंने भारत में सर्वाधिक बार 5 विकेट हॉल लेने के अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में पहले टेस्ट में भारत की जीत के बाद भारतीय ऑल-राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने ट्वीट किया, आज स्टेडियम में किसी ने मुझे अन्ना भैया कहा। उन्होंने कहा, अन्ना और भैया एक ही शब्द (बड़े भाई) हैं।ह उन्होंने आगे लिखा, ₹मुझे मिले प्यार के लिए मैं बहुत आभारी हूं लेकिन यह एक छोटा सा सुधार मदद करेगा।

रविचंद्रन अश्विन ने नागपुर टेस्ट की पहली पारी में एलेक्स कैरी को आउट कर अपना 450वां विकेट झटका था। उस पारी में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए थे और सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले भारतीय और ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गए थे। उनसे पहले भारत में यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था। वहीं दुनियाभर में यह रिकॉर्ड मुथैया मुरलीधरन के नाम है। जबकि अश्विन दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद दूसरी पारी में अश्विन ने फिर कमाल दिखाया और 37 रन देकर पांच विकेट झटक लिए। यहां भी उन्होंने इतिहास रचते हुए एक रिकॉर्ड बनाया और कुंबले को फिर पीछे छोड़ दिया।

दरअसल अश्विन के टेस्ट करियर में भारतीय सरजमीं पर यह 25वां फाइव विकेट हॉल (एक पारी में पांच विकेट) था। जबकि दिग्गज अनिल कुंबले ने भी 25 ही बार भारत में ऐसा किया था। लेकिन मैचों की गिनती में ऐश अन्ना अब जंबो से आगे निकल गए हैं। कुंबले ने जहां 63वें मैच की 115वीं पारी में यह कारनाम किया था। वहीं अश्विन ने 52वें मैच की 101वीं पारी में यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। इस तरह से उन्होंने सबसे जल्दी घर में 25 फाइव विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। अगर अपनी सरजमीं पर सबसे ज्यादा बार ऐसा करने की बात करें तो अश्विन तीसरे स्थान पर हैं। इस मामले में श्रीलंका के मुरलीधरन 45 और रंगाना हेराथ 26 बार ऐसा करके दूसरे स्थान पर हैं।

अश्विन ने 31वीं बार किया यह कारनामा

अगर इस रिकॉर्ड की ओवरऑल बात करें तो रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर में 31वीं बार पांच विकेट एक टेस्ट पारी में लिए हैं। सबसे ज्यादा बार टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में पांच विकेट लेने के मामले में वह सातवें स्थान पर हैं। यहां भी शीर्ष पर श्रीलंकाई दिग्गज मुथैया मुरलीधरन का नाम दर्ज है, जिन्होंने 67 बार ऐसा किया है। उनके आसपास भी कोई नहीं है। दूसरे स्थान पर हैं दिवंगत शेन वॉर्न जिन्होंने 37 बार ऐसा किया था वहीं तीसरे स्थान पर हैं 36 बार ऐसा करने वाले रिचर्ड हेडली और चौथे स्थान पर हैं भारतीय दिग्गज अनिल कुंबले।

30 हजार हो व्यापारियों की पेंशनः बनवारी लाल कंछल

सोनभद्र। कोन ब्लाक में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में भाग लेने आये मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने संगठन के जिलाध्यक्ष रतनलाल गर्ग के राबर्ट्सगंज स्थित आवास पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि व्यापार प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सभी विभागों के सर्वे, छापों का कड़ा विरोध किया जायेगा। कंछल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि फिलहाल उनकी सरकार ने सर्वे, छापों पर रोक लगा रखी है, लेकिन मेरा उनसे अनुरोध है कि उनकी सरकार को सभी विभागों के सर्वे छापों को बंद करने का कानून बनाना चाहिए।

छापों से बाजारों में भय का माहौल व्याप्त हो जाता है और जिस व्यापारी के यहां छापे की कार्यवाही होती है, उसका व्यापार चौपट होता है। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि करदाता व्यापारी का 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा एवं दुकान के लुटने व जलने पर भी 10 लाख रुपए का बीमा कराया जाना चाहिए। मण्डी शुल्क बिहार एवं दिल्ली में नहीं है, ऐसे में प्रदेश के व्यापार को बचाने के लिए मण्डी शुल्क की दर एक प्रतिशत की जाये।

आधा प्रतिशत सेस समाप्त किया जाये एवं गेट पास के लिए कटने वाली पर्ची आर एवं नौ आर को समाप्त किया जाये। व्यापारियों को दी जाने वाली 3000 रुपए की पेंशन बहुत कम है। इसे बढ़ाकर 30 हजार रुपए प्रतिमाह की जाये। कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का गठन 23 सितम्बर 1973 को वाराणसी में सम्पन्न हुआ था। आज प्रदेश के सभी जनपदों में लगभग 16 हजार से ज्यादा इकाईयां गठित हैं। प्रदेश के 95 प्रतिशत बाजारों में व्यापार मण्डल का गठन है। हम बड़े गर्व के साथ कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन है। 23 सितम्बर 2023 को व्यापार मण्डल के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर व्यापार मण्डल द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। स्वर्ण जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापारी सम्मेलनों के साथ कई आयोजन भी किये जायेंगे और व्यापारियों की समस्याओं पर गहन मंथन किया जायेगा। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों के हितों के लिए हम हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण प्रमुखता के साथ हर हाल में कराया जायेगा। इस मौक पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल जैन, विमल अग्रवाल, विमल जालान, चन्द्रभान अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

बौद्ध भिक्षु प्रतिनिधिमंडल का जिला प्रशासन ने किया स्वागत

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। दक्षिण कोरिया गणराज्य के 108 बौद्ध भक्षिओं का प्रतिनिधिमंडल अपने 43 दिवसीय बौद्ध स्थलों के पदयात्रा के क्रम में सारनाथ से दूसरे दिन भोर में टेंगरा मोड़ से जनपद की सीमा में प्रवेश किया। ह्लबौद्ध भक्षि के प्रतिनिधिमंडल का जिला प्रशासन की ओर से पुष्प देकर स्वागत किया गया। भारत एवं दक्षिण कोरिया के 50 वर्षों के डिप्लोमेटिक रिलेशंस एवं विश्व शांति के उद्देश्य से बौद्ध भिक्षुओं का दल अपने 43 दिनों की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्य के बौद्ध स्थलों का पदयात्रा के माध्यम से भ्रमण करते हुए लगभग 1167 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे।

जनपद में बौद्ध भिक्षुओं का दल 24 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर विकास खंड चकिया के ककोरिया ग्राम में रात्रि प्रवास किया। सुबह पुनः यात्रा प्रारंभ कर बिहार की सीमा में प्रवेश करेगा। सारनाथ से 11 फरवरी से पदयात्रा प्रारंभ होकर बौद्ध भिक्षुओं का दल सारनाथ, बोधगया, राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुंबिनी होते हुए 19 मार्च को श्रावस्ती में समापन होगा। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद में बौद्ध भिक्षुओं की पदयात्रा के दृष्टिगत पर्याप्त सुरक्षा, चिकित्सा, साफ सफाई, यातायात आदि समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। जनपद में प्रवेश के समय उप जिलाधिकारी पीडीडीयू नगर अविनाश कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण मुरारी शर्मा, पर्यटन सूचनाधिकारी नितिन दिवेदी आदि उपस्थित रहे।

जरूरत मंदों की सेवा ही ईश्वर की पूजाः सीएमओ

सकलडीहा। मनिहरा स्थित अवधूत भगवान राम कीर्तिस्थल पर रविवार को श्यामरती देवी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। करीब 550 लोगों को विभिन्न प्रकार की जांच और दवा वितरण किया गया। सौ जरूरत मंद महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डा. युगल किशोर राय सीएमओ चंदौली ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। वही विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त सीएमएस डा. कमल कुमार ने कहा सेवाभाव से हर पीड़ितों का समय से सही मार्ग दर्शन करना ही हर डाक्टर का कर्तव्य है। इसके पूर्व स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शूगर,नेत्र रोग, दंत, दमा, हृदय सहित विभिन्न प्रकार की जांच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। अंत में सीएमओ डा. वाईके राय व ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने सौ जरूरत मंद महिलाओं को साड़ी वितरण किया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ट्रस्टी डा. बीपी सिंह, डा. रमेश, डा. समीर भारद्वाज,डा. मुकेश बिहारी, डा. तारिख, डा. हरिशंकर सिंह, डा. भावेश, डा. अनिल, डा. पीपी गोयल, मंटू सिंह, एस के सिंह, बीएन सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, पंकज सिंह, अमित सिंह, मातेश्वरी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

म्योरपुर/दुद्धी। स्थानीय थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी अविनाश कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इसमें थाना प्रभारी ने क्षेत्र में महाशिवरात्रि के दिन लगने वाले मेले के बारे में जानकारी लिया। प्रधानों व संभ्रांतो ने बताया कि म्योरपुर, आरंगपानी, रासपहरी, खैराही, करहिया व देवरी में मेले का आयोजन होता है। उन्होंने जय महाकाल समिति अध्यक्ष शिवसागर जायसवाल से म्योरपुर में निकलने वाले शिव बारात के बारे में जानकारी लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि यदि महाशिवरात्रि के दिन कहीं पर कोई नए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हो तो उसकी परमिशन जरूर लें। बिना परमिशन के कोई भी नए कार्यक्रम का आयोजन नही होना चाहिए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोंड़, लालता प्रसाद जायसवाल, गणेश जायसवाल, मुहम्मद इरफान, बच्चालाल प्रजापति, राजपति विश्वकर्मा, रामदयाल प्रजापति, सुजीत अग्रहरी, अमरकेश सिंह, अमित रावत, भोला आदि उपस्थित रहे। वहीं दुद्धी कोतवाली में शिवरात्रि महापर्व पर नगर में निकलने वाले शिव बारात को लेकर विभिन्न पहलुओं पर आयोजक मंडलों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक हुई। अध्यक्षता नायब तहसीलदार अमित कुमार ने किया।

आयोजक मंडल ने बारात स्थल पर वॉलंटरी और उनके द्वारा व्यवस्था में सहयोग के साथ यातायात व्यवस्था सुचारू किए जाने पर जोर दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय, डा. लवकुश प्रजापति, कन्हैयालाल अग्रहरी, निरंजन जायसवाल, कुलभूषण पांडे, राकेश कुमार श्रीवास्तव, रामपाल जौहरी, दिलीप पांडे, बृजेश कुमार पटेल, सुरेश निषाद, संजय सिंह, इनामुल हक आदि मौजूद रहे।

वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

लापरवाही

फेरी व मजदूरी करके करता था अपने परिवार का भरण पोषण

जनसंदेश न्यूज

मृतक की पत्नी को सांत्वना देती महिलाएं

सिरकोनी। जलालपुर थाना क्षेत्र के इजरी बाजार के पास शनिवार की देर रात वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

बताते चलें कि जलील अहमद 60 वर्ष निवासी गांव रसूलपुर अपने किसी काम से साईकिल से जलालपुर के लिए गया था। वह जैसे ही ईंजरी बाजार के पास पहुंचा था तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने इलाज के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सुगी बेगम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया जलील अहमद मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, हुई मौत

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर बाजार के पास शनिवार की शाम 5 बजे अनियंत्रित बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान महिला व बाइक चालक की देर रात मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी 15 वर्षीय मुकेश गौतम पुत्र लालू गौतम अपनी बाइक से बादशाहपुर सामान लेने जा रहा था। उसकी बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह बेलापार पट्टी प्रतापगढ़ निवासी 40 वर्षीय गीता देवी पत्नी राजेश चैरसिया को टक्कर मारते हुए खाई में पलट गया जिससे दोनो को गंभीर चोटें आई। तत्काल परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मुकेश व गीता की हालत गंभीर होते देख चिकित्साधिकारी ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। मुकेश की वाराणसी ले जाते समय मौत हो गयी वहीं गीता को प्रयागराज ले जाते समय मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर एसओ विवेक कुमार तिवारी ने गीता देवी के शव का पंचनामा व मुकेश गौतम का पंचनामा कराकर अन्त्य परीक्षण के लिए जौनपुर भेज दिया।

असलहा संग टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

सुइथाकला। थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी रविवार को पुलिस द्वारा असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी विजय शंकर तिवारी ऊर्फ चट्टान 34 पुत्र अच्छेलाल टाप टेन का शातिर अपराधी है जिसे रविवार को वांछितों और अपराधियों की तलाश के दौरान उपनिरीक्षक अनिल कुमार व हमराहियों द्वारा क्षेत्र के भुसौड़ी नहर की पुलिया के पास असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 315 बोर का एक अदद जिन्दा कारतूस भी पाया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी है और वह सरपतहाँ व अम्बेडकर नगर जनपद में लगभग आधा दर्जन आपराधिक घटनाओं में संलिप्त है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त का चालान आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्स्टेबल द्वय अनुराग सिंह और मनीष कुमार मौजूद रहे।

संक्षेप

भाजपा मंडल कार्यसमिति में बजट के बारे में बताया

गौराबादशाहपुर। भाजपा मंडल कार्यसमिति की धर्मापुर मंडल की बैठक केशवपुर के एक पैलेस में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर हरेंद्र सिंह पूर्व विधायक मछलीशहर तथा सिरकोनी ब्लाक प्रमुख राम विलास पाल मौजूद रहे। उन्होंने बैठक में आए लोगों को संबोधित करते हुए 2023-24 के बजट के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया तथा बताया कि इस बजट से मध्यम वर्ग को काफी फायदा पहुंचेगा। सरकार द्वारा मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने तथा उससे सेहत को होने वाले फायदे के बारे में भी डॉक्टर हरेंद्र सिंह ने विस्तार से समझाया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मापुर राधेश्याम विश्वकर्मा, दिनेश सोनकर, रामाश्रय सोनकर, पन्ना लाल यादव, विनय सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, विकास सिंह, अजय पाल, मनोज सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

विदुषी के ठुमरी गायन ने लोगों का मन मोहा

जौनपुर। जिले की प्रतिभावान गायिका विदुषी वर्मा ने नव भारत निर्माण समिति द्वारा बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित दो दिवसीय बनारस लिट्फेस्ट -2023 (काशी साहित्य कला उत्सव) के पहले दिन अपने ठुमरी गायन से मौजूद उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सबसे पहले विदुषी ने आजा बलम परदेसी, सैया मोरा रे और अंत में राग मिश्र खमाज में दादरा भीगी जाऊं मैं गुइया सुना कर सभागार में उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। विदुषी के साथ तबले पर अखिलेंद्र मिश्रा एवं हारमोनियम पर आनंद कुमार चौबे ने सुमधुर संगत प्रदान किया। विदुषी को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत ख्यातिलब्ध कजरी लोक गायिका अजिता श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। विदित हो कि विदुषी ने इस महोत्सव का थीम सांग अतिथि देवो भवः भी गाया हुआ है जिसे लोगों ने काफी सराहा।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कटा

खेतासराय। नगर के डोभी मोहल्ला में रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का पैर कट गया। गंभीर अवस्था में घायल युवक को परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। भारती विद्यापीठ मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय आकाश यादव उर्फ सिपाही पुत्र विनोद यादव शाम को रेलवे लाइन पार कर रहा था। इस दौरान आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिसमें उसका एक पैर कटकर शरीर से अलग हो गया।

1600 मीटर दौड़ में चंदन ने मारी बाजी

सुजानगंज। क्षेत्र के नगौली स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में पंडित माधव राम नेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा 1600 मीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें जौनपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़ समेत कई जिले के कुल 70 धावक शामिल हुए। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया गया। इस दौड़ में प्रथम स्थान चंदन यादव, द्वितीय स्थान मनीष यादव, तृतीय स्थान विशाल, चतुर्थ स्थान माताचंद्र बिंद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता पंकज मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक अनुराग द्विवेदी ने किया और आभार अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने किया। आयोजक उमेश मणि ने आए हुए समस्त आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान सेना में चयनित पवन तिवारी, शनि यादव को भी मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सत्यम मिश्र, वेद प्रकाश, शुभम, ललित यादव, शिवम, अभिषेक श्रीवास्तव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की हालत गंभीर देख जिला रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के बड़ौना गांव में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गयी जिसमें आगरा जनपद के समसाबाद निवासी चालक 45 वर्षीय कमल सिंह पुत्र रेवती सिंह व धौलपुर जनपद के रम्भा गढ़ गांव निवासी खालसी 40 वर्षीय लायक सिंह पुत्र हरीश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी 65 वर्षीय कमालुद्दीन पुत्र हामिद अपने बाइक से शेखवलिया गांव के समीप बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर हामिद व लायक की हालत गंभीर देख उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

मदरसा रफीकुल इस्लाम में 550 बच्चों को खिलायी गयी दवा

गौराबादशाहपुर। कस्बा स्थित मदरसा रफीकुल इस्लाम में रविवार को 550 बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलायी गयी। धर्मापुर ब्लाक के सीएचसी चोरसंड के चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को दवा खिलायी। इस दौरान मदरसा के प्रिंसिपल राहिल अहमद, मो. हाशिम, हाफिज खुर्शीद आलम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका वर्मा, सुमन शर्मा, रुक्मणि और आशा प्रमिला चौबे, शरीफ आदि मौजूद रहे।

तीन वारंटी पुलिस गिरफ्त में

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरगुपुर खुर्द गांव में न्यायालयों में वांछित चल रहे पिता व दो पुत्र को पुलिस ने दबिश दे दबोच लिया। फिलहाल सभी का चालान भेजा गया है। पुलिसिया कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारम्भ कर दिया है। बीती रात प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के निर्देश पर अपराध इंस्पेक्टर जनार्दन यादव एसआई प्रशांत पांडे ने हमराहियों के साथ अरगुपुर खुर्द गांव निवासी श्याम बिहारी पुत्र हंसराज व संजय कुमार व संदीप कुमार पुत्रगण श्याम बिहारी को पुलिस ने धर दबोचा। सभी फरार वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

पवांरा। गैरजमानती वारंटी राजबली पटेल पुत्र बबऊ पटेल निवासी सरावां थाना को थानाध्यक्ष राज नारायन चौरसिया, उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

जंगली सुअर के हमले से छात्र घायल

जनसंदेश न्यूज

आतंक

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गुलालपुर का मामला

जंगली सूअर के हमले से घायल छात्र उपचार कराते हुए

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गुलालपुर में रविवार को छात्र अपना सेंटर देखने जय किसान इंटर कॉलेज सरायख्वाजा में जा रहा था कि रास्ते में जंगली सूअर ने उसकी बाइक पर हमला कर दिया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और जंगली सूअर वहां से खेत की तरफ फरार हो गया। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अबुसाद 18 वर्ष पुत्र गुलाम रसूल कक्षा 12 का छात्र है। वह पूर्वांचल पब्लिक स्कूल भड़ौरा मल्हनी में पढ़ता है। छात्र का सेंटर जय किसान इंटर कॉलेज सरायख्वाजा में गया हुआ है। वह रविवार को सुबह अपने सेंटर को देखने विद्यालय जा रहा था कि रास्ते में अचानक सड़क पर एक जंगली सूअर ने चलती हुई गाड़ी पर हमला कर दिया। इस हमले से छात्र गाड़ी लेकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी गिरने की तेज आवाज तेज से जंगली सूअर वहां से खेत में फरार हो गया। स्थानीय व राहगीरों की मदद से घायल छात्र को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया और परिजनों को सूचना दी गयी जहां उसका उपचार चल रहा है।

गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करना हम सबका पुनीत कार्य : जिलाधिकारी

संबोधन

हेल्थ कैंप में 547 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करना सबसे पुनीत कार्य है। देश को आगे बढ़ाने के लिए समाज के हर तबके के लोगों की जरूरत पड़ती है। ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। संगठन समाज को जोड़ने का कार्य करते है। उक्त बातें उन्होंने रविवार को राजपूत सेवा समिति द्वारा एक होटल में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।

उन्होंने कहाकि गरीब बेसहारा लोगों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए ऐसे संगठनों की जरूरत पड़ती है जो निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहा है। उम्मीद करता हूं कि यह संगठन इसी तरह से समाज को जोड़ने का कार्य करता रहेगा। विशिष्ट अतिथि जफराबाद के पूर्व विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते है साथ ही गरीब तबके के लोगो को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों से फ्री में जांच कराने का मौका मिलता है। कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन कुँवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे ऐसे शिविरों में गरीब व जरूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराकर बहुत ही पुनीत कार्य किया है। जिलाधिकारी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करने के साथ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने संस्था परिचय व शिविर के आयोजन पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा शिविर में आये हुए चिकित्सकों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्य बरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह व वीरेन्द्र सिंह सहित समिति के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संचालन शरद सिंह व आभार दिनेश सिंह बब्बू ने ज्ञापित किया। सुबह नौ बजे से ही मरीजों का पंजीकरण शुरू हो गया। दस बजे से ही विभिन्न रोगों के लगे पंडालों में विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों के रोगों की जांच कर निःशुल्क दवा वितरित करना शुरू कर दिए। शिविर कुल 547 मरीजों का इलाज हुआ।

शिविर में इन चिकित्सकों का रहा योगदान

डा. एनके सिंह, डा. सुभाष सिंह, डा. नबाब सिंह, डा. ओपी सिंह, डा. तेज सिंह, डा. विनोद सिंह, डा. राकेश सिंह, डा. संतोष सिंह, डा. ऐके सिंह, डा. संजय सिंह, डा. अरुण सिंह, डा. विकास सिंह, डा. सुमित सिंह, डा. संदीप सिंह, डा. नमिता सिंह, डा. मेधा सिंह, डा. विपिन सिंह, डा. आदित्य सिंह, डा. अनिल कुमार सिंह, डा. रमित सिंह, डा. एएन कौशिक, डा. पुनीत सिंह, डा. प्रभात सिंह, डा. संजय सिंह, डा. इंद्र सिंह, डा. सुमित सिंह, डा. रॉबिन सिंह, डा. नवीन सिंह व डा. जयेश सिंह।

विज्ञान और कला प्रदर्शनी में छात्रों ने आकर्षक मॉडल बनाए

जनसंदेश न्यूज

विज्ञान व कला प्रदर्शनी में मॉडल दिखाती छात्राएं

खेतासराय। क्षेत्र के मनेछा स्थित मार्डन कान्वेंट स्कूल के चौथे वार्षिक बाल मेला व विज्ञान कला प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक शैक्षिक माडल प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक डाक्टर राशिद ने फीता काटकर किया। छात्र छात्राओं ने विज्ञान और कला की थीम पर बने तारकोल के मॉडल प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हंजला, अफ्फान, राजिक, बिन्ते जहरा, महक, जका, आएशा परवीन आदि द्वारा बनाए गए फाउंटेन, मन्दिर, मस्जिद, स्मॉर्ट सिटी आदि के माडल आकर्षण का केंद रहे।

बाल मेले में छात्र छात्राओं ने झूले, रिंग गेम, बाल गेम, ब्रिक गेम का खूब आनन्द उठाया। खाने पीने के सामान की खरीदारी की। इस मौके पर मुख्य रूप से डाक्टर असहल, मौलवी जाहिद, पत्रकार अजीम सिद्दीकी, युसुफ पत्रकार, डाक्टर साजिद, औरंगजेब, प्रधानाचार्य इंतेखाब अहमद आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर मोहम्मद राशिद ने किया।

कार्यक्रम आयोजक प्रबंधक मोहम्मद आबिद ने लकी ड्रा निकाल कर पुरस्कार वितरण तथा आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित यादव, मोअज्जम, सरफराज साक्षी, जोया आदि उपस्थित रहे।

अनुशासनहीनता के आरोप में तीन शिक्षक बर्खास्त

मड़ियाहूँ। स्थानीय नगर के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति ने तीन शिक्षकों को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की हुई प्रबंध समिति की बैठक में इतिहास के प्रवक्ता अभिषेक सिंह, नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अशोक मौर्य तथा सहायक अध्यापक अशोक कुमार वर्मा को 18 दिसंबर को अनुशासनहीनता व अन्य अवैध कृत्यों के संबंध में निलंबित कर इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई थी। 11 फरवरी को उपरोक्त शिक्षकों को प्रबंध समिति द्वारा उनके पदों से निलंबित कर विद्यालय से उनकी सेवा समाप्त कर दिया है। उक्त आशय की जानकारी प्रबंधक रामेश्वर सिंह तथा प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

बच्चों ने नृत्य-संगीत व भावपूर्ण गीत से मन मोहा

मुंगराबादशाहपुर। कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित साइंस क्लासेस शिक्षण संस्थान की तरफ से विदाई व पुरस्कार वितरण तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

स्कूल के बच्चों ने नए गीत संगीत व नित्य पेशकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। छात्रा सौम्या पाण्डेय, श्वेता सिंह व प्राची पांडेय द्वारा विदाई गीत सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। बूम फायर डांस एकेडमी के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि जीव विज्ञान प्रवक्ता जेडी वर्मा ने कहाकि जीवन में सफल होने के लिए बच्चों को टिप्स दिया। विशिष्ट अतिथि अपराध निरोधक थाना कमेटी के अध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने कहाकि सफल होने के लिए धैर्य, जिज्ञासा व अनुशासन जरूरी है। उन्होंने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मंगल कामना की।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में कामिनी चौहान, आंचल पांडे, अल्का मौर्या, महजबी, रोशनी पटेल, लक्ष्मी ऊमरवैश्य, जीनत, लकी, प्राची पांडेय, श्वेता सिंह, प्रज्ञा तिवारी, आंचल, सौम्या श्रीवास्तव, अंशु पांडे व मानसी आदि को अतिथियों ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डायरेक्टर वीर बहादुर विश्वकर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्की कुमार गुप्ता ने किया।

शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं : एसडीएम

समारोह

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में हुआ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

मेधावी छात्रा को सम्मानित करते एसडीएम

करंजाकला। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर परिसर में रविवार को मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रतियोगी परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया और अच्छी शिक्षा के लिए छात्रों अभिभावकों को प्रेरित किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होना है तो शिक्षा के बिना उसमें विकास उन्नति संभव नहीं होगा। न ही तरक्की मिलेगी, चाहे वह तकनीकी हो या स्वरोजगार हो या व्यवसाय खेती, सरकारी जाब हो या विदेश में सफल होना होगा जब सब शिक्षित होंगे तो देश का विकास भी होगा। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज के एआरटीओ राम सागर ने कहा कि समय तकनीक क्षेत्र की ओर परिवर्तन साथ-साथ शिक्षा भी एडवांस होती जा रही। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है और इस प्रतियोगिता दौर में अपने को इस्टैबलिश्ड होने के लिए नियमित पढ़ाई करें।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री एवं प्रबंधक डॉ. स्वतंत्र कुमार ने कहा कि छात्रों को चाहिए कि हर क्षेत्र में स्थापित होने के लिए अपने आपको काबिल बनाएं और शिक्षा ग्रहण करें, परिजनो गुरुओं का सम्मान करें और प्रतियोगी दौर में हमेशा ऊंचा लक्ष्य रखें। इस दौरान शिक्षा उन्नयन समिति की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में अच्छे अंक पाने वाले राज नन्दनी, विनय कुमार, आनंद कुमार, अमन कुमार को एडीएम सुनील कुमार भारतीय, एआरटीओ रामसागर ने स्मृति चिन्ह व आर्थिक मदद देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोखन राम मास्टर ने किया। इस मौके पर विजय प्रताप, संजू कुमारी, जनार्दन राम, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, सियालाल गौतम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, पकौड़ी लाल मौजूद रहे। संचालन अजय कुमार ने किया।

महासम्मेलन में शामिल होने की शिक्षामित्रों ने बनाई रणनीति

जनसंदेश न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय सटवां स्थित खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश यादव व जिला संरक्षक दिलीप कुमार के निर्देशानुसार ब्लाक अध्यक्ष मनोज गौड़ की अध्यक्षता में बैठक कर रमाबाई अम्बेडकर मैदान लखनऊ में आगामी 20 फरवरी को आयोजित महासम्मेलन में शामिल होने की रणनीति पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी हिमकर ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी। इस दौरान वक्ताओं ने लखनऊ में आयोजित महासम्मेलन की सफलता के लिए क्षेत्र से भारी संख्या में शिक्षा मित्रों से शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार गौड़, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष विभा सिंह, सिद्धार्थ त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी हिमकर पाण्डेय आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार गौड़ एवं संचालन राकेश पांडेय ने किया। इस दौरान राम अकबाल मौर्य, शिवशंकर पांडेय, राकेश पांडेय, अरविंद तिवारी, नवेंद्र सिंह, अमृत लाल पटेल, श्याम शंकर दूबे, शेष बाबू पांडेय, राजेश कुमार, विभा सिंह, शशिकला,

तेज हवा से पेड़ गिरा, चार घायल

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के बटाऊबीर चौराहा स्थित बिश्वकर्मा नगर में रविवार की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे चल रहे तेज हवा के कारण घनश्यामपुर-बदलापुर मार्ग पर अचानक विशालकाय पेड़ गिरने से एक बाइक पर सवार दो लोग तथा एक मिस्त्री व एक राहगीर घायल हो गए।

आस-पास के लोगों की मदद से घायल बाइक सवार निन्हकू और शशि प्रकाश निवासी भगासा व जितेंद्र उर्फ जीतू मिस्त्री निवासी बछाड़ी और राहगीर बिजय शंकर मौर्या निवासी सरायगुंजा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोग जितेन्द्र उर्फ जीतू और एक अन्य की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं पेड़ गिरने से उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से मार्ग पर गिरे पड़े को हटाने का कार्य किया गया।

1500 करोड़ के निवेश से काफी लोगों को मिलेगा रोजगार

बोले सांसद

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के परिप्रेक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जनपदस्तरीय निवेश कुंभ का हुआ समापन

जनसंदेश न्यूज

परिषदीय बच्चों का उत्साह बढाते सांसद

भदोही। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के परिपेक्ष्य में भदोही के कार्पेट एक्सपो मार्ट में आयोजित जनपदस्तरीय निवेश कुंभ का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.रमेश चंद बिंद व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी रहें। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उसके बाद परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। साथ ही दो निवेशकों को प्रदेश सरकार द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रमेश चंद बिंद ने कहा कि हर जिले में उद्योग स्थापित हो और रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इसी उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भदोही में विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए 112 निवेशकों ने 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे काफी लोगों को रोजगार मिलेगा। सांसद ने कहा कि भदोही में 650 करोड़ की लागत से रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। 200 करोड़ की लागत से जौनपुर मार्ग का निर्माण होगा। कंधिया में सेज के साथ ही कार्पेट सिटी फेस टू के लिए 250 बीघा जमीन अधिग्रहित कर लिया गया है।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने अभी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के तीसरे दिवस में भी बेसिक शिक्षा की प्रस्तुति बेहतरीन रही। अंत में राष्ट्रपति के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक बीएल पाल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख औराई विकास मिश्र, उपजिलाधिकारी डॉ.कृपाशंकर पांडेय, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान, उपायुक्त उद्योग उमेश चंद्र वर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ.राजेश भारती, पीयूष बरनवाल, हीरा सिंह, राजेश मिश्र, एके सिन्हा व संतोष तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

जर्जर विद्युत पोल दे रहा दुर्घटना को दावत, गिरने से हो सकता है हादसा

जनसंदेश न्यूज

भदोही। शहर के पश्चिम तरफ मोहल्ले में विद्युत विभाग द्वारा वर्षों पूर्व लगाया गया एक पोल काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। जो कभी भी गिर सकता है। ऐसे में इसके गिरने के बाद बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसको देखते हुए मोहल्ले के लोगों ने विभाग से जर्जर पोल बदलवाने की मांग की है।

उक्त मोहल्ले में लोगों को विद्युत आपूर्ति देने के लिए विभाग द्वारा वर्षों पूर्व विद्युत पोल लगाकर तार को दौड़ाया गया है। जो इस समय नीचे से काफी जर्जर हो चुका है। सिर्फ तार के टाइट होने के कारण रुका है। अन्यथा वह कब का ही गिर गया होता। वैसे अगर इस जर्जर विद्युत पोल को बदला नहीं गया तो वह कभी भी गिर सकता है। अगर यह गिरा तो इसके कारण बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि उस जर्जर पोल के आस-पास मकान है और घनी आबादी है। वहीं सड़क होने के कारण हमेशा लोगों का आना-जाना बना रहता है। ऐसे में मोहल्ले के गुलाम साबिर खां सागर, सैयद सलीम अहमद व अली अहमद आदि लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस जर्जर विद्युत पोल की ओर आकृष्ट कराते हुए बदलवाने की मांग की है। ताकि इसके गिर जाने के बाद जो हादसे की आशंका मोहल्ले के लोगों में बना हुआ है वह समाप्त हो सकें।

मोहल्ला पश्चिम तरफ में नीचे से जर्जर हो चुका विद्युत पोल

सूर्यबली यादव पीजी कालेज फाइनल मैच जीतकर बना चैम्पियन

करंजाकला। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलब्य स्टेडियम में अन्तर महाविद्यालयीय क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में सूर्यबली यादव पीजी कालेज देवकली एवं मो. हसन पीजी कालेज के बीच खेला गया। मो. हसन कालेज की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

सूर्यबली यादव कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 229 रन बनाए जिसमें आयुष पाण्डेय ने 74 गेंद पर 73 रन एवं अभिषेक कौशल 48 गेद पर 51 रनों का योगदान रहा। गेंदबाजी में मो. हसन कालेज के किशन सिंह ने 6 ओवर में 61 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मो. हसन कालेज की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 224 रन ही बना सकी जिसमें सौरभ त्रिपाठी 66 गेंद पर 80 रन तथा अनुज सिंह ने 58 गेंद पर 75 रनों का योगदान रहा।

गेंदबाजी में सूर्यबली यादव कालेज की तरफ से पंकज विश्वकर्मा ने 5 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट एवं अंकित 6 ओवर में 34 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किये। सूर्यबली यादव कालेज ने 5 रन से जीतकर खिताब पर कब्जा किया। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अपनी सहभागिता करने हेतु संदेश दिया। प्रो. सुरेश कुमार पाठक, अध्यक्ष खेलकूद परिषद द्वारा समस्त खिलाड़ियों को सम्बोधित किया गया। मो. हसन कालेज के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने विजेता टीम को 2000 रूपये एवं उपविजेता टीम को 1500 रूपये नकद पुरस्कार दिया। उक्त अवसर पर डॉ. रामाश्रय शर्मा, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सूर्यबली यादव कालेज के टीम प्रबन्धक रोहित यादव भी मौजूद रहे। अम्पायर की भूमिका में राजेश पटेल, प्रदीप पटेल एवं प्रवीन श्रीवास्तव रहे।

16 फरवरी से 105 केन्द्रों पर परीक्षा देंगे 60 हजार विद्यार्थी

भदोही। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव ने कहा कि सुचिता पूर्ण परीक्षा कराने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है। हर केंद्र पर एक से दो सुरक्षाकर्मी की तैनाती के लिए पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि सामूहिक नकल कराने में गैंगेस्टर से लेकर रासुका लगाने तक की कार्रवाई होगी।

16 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में निरीक्षण के लिए छह सचल दस्ते गठित हो गए हैं। अबकी बार दो सचल दस्ते अधिक बनाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी वित्त एवं लेखाधिकारी डायट प्राचार्य वरिष्ठ प्रवक्ता डायट प्रधानाचार्य पं. दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य का दस्ता बनाया गया है। इसमें दो पुरूष एक महिला सदस्य भी नामित हैं।

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 105 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 60 हजार 75 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जा चुके हैं।

नकल विहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा को कराने के लिए शासन गंभीर है। जिसको लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग और प्रशासन हर बिंदु पर तैयारी कर रहा है। जिससे 16 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा में कोई दिक्कत न हो। जिले में होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नकल पर अंकुश के लिए कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

नकल कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के दौरान कहीं पर भी नकल में संलिप्त मिलने वाले माफिया के खिलाफ रासुका तक की कार्रवाई की जाएगी।

विशेष टीकाकरण अभियान आज से शुरू

भदोही। जनपद में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टीबी, गलाघोटू, कालीखांसी, निमोनिया, हेपटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव टीकाकरण से संभव है। सोमवार से 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों ए 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 63 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इस दौरान 26065 को टीका से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है।इसके पहले वर्ष 2020-2021 में 48789 बच्चों व 2019-2020 में 37458 बच्चों को विभाग ने टीका से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने निर्देश दिया है कि एक सिरिंज से केवल एक ही बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करें। टीकाकरण के बाद तत्काल कार्ड भी दें।

खेलो इंडिया यूथ गेम में सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी का हुआ स्वागत

जनसंदेश न्यूज

युथ गेम में सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी मंगल यादव का स्वागत करते लोग

सुरियावां। मध्य प्रदेश में अयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम में सुरियावां क्षेत्र के मनापुर गाँव के होनहार खिलाडी मंगल यादव दो सौ मीटर की प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर-के सुरियावां क्षेत्र के साथ साथ जनपद व प्रदेश का मान बढ़ाया हैं।

5 फरवरी को मंगल ने 200 मीटर दौड़ में भाग लिया। इसी के साथ 200 मीटर 21.90 की टाइमिंग में पूरा करके सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सिल्वर मेडल प्राप्त करने के बाद रविवार को मंगल का सुरियावां में प्रथम आगमन हुआ। होनहार खिलाडी के प्रथम आगमन पर रेलवे स्टेशन से लेकर नगर के सैकड़ो लोगो ने फूल मालाओं से लादकर मंगल का स्वागत किया। स्वागत करने वालो में समाजसेवी विनय चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, रामआसरे सिंह प्रशिक्षक, पुर्व चेयरमैन नंदलाल गुप्ता, ग्राम प्रधान चंद्रेश यादव, मथुरा राम यादव कोषागार, दिनेश यादव दादा, भानु मौर्य, अवधेश ऊमर वैश्य, मनोज मौर्य, संजय श्रीवास्तव, अजित यादव, रोहित चौरसिया, अशोक जालान, डॉ. एल सी यादव, लोलारक आदि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगो ने स्वागत कर बधाई दी।

संक्षेप

मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के पूरेभिखारी नामक ग्राम में रमाकांत गौतम उम्र 48 वर्ष पुत्र शामल गौतम को गांव के दुसरे पक्ष के लोगो द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि रमाकांत गौतम अपने घर के बाहर रात्रि को निकला था। इसी बीच किसी बात को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया। जिसपर उसे मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिए। इसकी सूचना 112 को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों द्वारा थाना गोपीगंज को सूचना दे दी गई है।

जालसाजी कर लाखों का सामान हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

भदोही। थाना क्षेत्र अंतर्गत गोला बाजार, काजीपुर कस्बा भदोही स्थित बैटरी इनवर्टर की गोदाम सहित लाखों का सामान आरोपियों द्वारा षड्यंत्र के तहत गायब, चोरी करने के संबंध में आवेदक सैफ अनवर पुत्र मोहम्मद अनवर शास्त्रीनगर कॉलोनी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया था। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मु.अ.सं -231/2022 धारा-419, 420, 467, 468, 471, 406, 120इ, 34, 379 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। स्थानीय पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्त फैसल खां पुत्र अख्तर खां निवासी पीरबाग कॉलोनी शक्ति नगर थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की तलाशी

भदोही। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका व महिला सुरक्षा के दृष्टिगत सघन चेकिंग किया जारहा है। जनपद के सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जारहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद भदोही पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

कट्टे के साथ एक गिरफ्तार

मड़ियाहूं। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने रविवार को भुभुवार गेट के पास से एक युवक को असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान रविवार को 10:40 बजे मड़ियाहूं-मछलीशहर मार्ग पर भुभुवार गेट के पास संदिग्ध रूप से खड़े एक युवक की जमा तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अदद 12 बोर का कट्टा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम छोटू उर्फ लक्ष्मी शंकर पटेल पुत्र बेचू निवासी साहोपट्टी थाना मड़ियाहूं बताया। पुलिस युवक के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर रही है। पकड़ा गया युवक हत्या गैंगस्टर सहित कई मुकदमों में वांछित है।

पूर्व नपं अध्यक्ष के आवास पर नारद महराज का हुआ स्वागत

मछलीशहर। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल के आवास व प्रतिष्ठान पर पधारे शक्तेशगढ़ से पधारे अड़गड़ानंद के शिष्य नारद महराज का सैकड़ों भक्तों ने जोरदार स्वागत किया और प्रवचन सुना। तदुपरांत प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रवचन देते हुये नारद महाराज ने कहा कि बड़े भाग्य मानुष तन पावा। मनुष्य योनि में आने के लिये जीव को कई योनियों में भटकना पड़ता है। गीता में भगवान कृष्ण का कथन है कि मनुष्य कर्मो का निर्माता है। मन से इंद्रियों को वश में करने वाला ही परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। इसमें श्रद्धा, विश्वास व समर्पण भाव होना चाहिये। गुरु शिष्य की परम्परा सदियों से चली आ रही है। प्रभू के शरण में जाने का रास्ता गुरु ही दिखा सकता है। गुरु ही सन्मार्ग पर चलने की राह दिखाते हैं। जाति, पांति, छुआ छूत में कोई भेद न रखें। परमात्मा का जप श्रद्धा से करने पर मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। यथार्थ गीता में ईश्वर भजन व भक्ति के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का सही अर्थ बताया गया है। मौके पर संजय जायसवाल, सुभाष जयसवाल, अवधेश गुप्ता, मुकेश तिवारी, डा. जीएस यादव, बाबुलनाथ, रमेश, पवन, आशीष, डा. एमपी, अरुण, नरेंद्र बहादुर, सीताराम सहित भारी संख्या में पुरुष, महिला श्रद्धालु उपस्थित थे। इसी क्रम में कुरनी गांव निवासी सुरेन्द्र विक्रम के आवास पर भक्तों ने स्वागत भी किया।

घर से बकरी उठा ले गए हौसला बुलंद चोर

गोपीगंज। नगरीय क्षेत्र के नई बस्ती वार्ड 12 में रविवार की भोर में तीन बजे हौसला बुलन्द चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए घर से बकरी उठा ले गए। जबकि दूसरा बकरा भाग निकला। घटना की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि रविवार की भोर लगभग 3:00 बजे महताब आलम अंसारी पुत्र साकिर अली अंसारी निवासी नई बस्ती वार्ड 12 में कार सवार चोर मकान के दरवाजे से अंदर घुसकर मकान के बाहर से दोनों दरवाजों को बंद कर दिया। और बकरी और बकरे को गाड़ी में लाद दिए जहां से एक बकरा गाड़ी से निकलकर भागने में सफल रहा, और चोर एक को लादकर उठा ले गए। इसी बीच बकरी के बच्चों के चिल्लाने पर घर के लोगों की जब नींद खुली तो घर से बाहर निकलना चाहा लेकिन बाहर से बंद होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सके, और मकान के छत से गाड़ी पर ईट पत्थर चलाना शुरू किया। चोरों द्वारा एक बकरी को लेकर के भागते समय रास्ते में पड़े खंभे से टकराते हुए भाग निकले। रात्रि में ही परिजनों द्वारा 112 को सूचित किया गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने सुबह आकर तहरीर देने की बात कह कर चली गई। बताते चलें कि इस तरह चोरी की घटना से स्थानीय नागरिकों में काफी दहशत व्याप्त है। एक हफ्ते में नगर में यह चोरी की तीसरी घटना है। इसके पूर्व प्राथमिक विद्यालय ककराही में और दूसरी घटना कोतवाली के पीछे बाइक चोरी तथा तीसरी घटना नई बस्ती में बकरी चोरी की हुई है। पुलिस प्रशासन अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है और उसके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

नारी का करो सम्मान तभी बनेगा देश महान

शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के दौरान छात्राओं ने गांव की महिलाओं को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

गांव की महिलाओं को जागरूक करने के लिए नारेबाजी करती महिलाएं

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विशेष शिविर आयोजित किया जारहा है। शिविर प्रार्थना एवं सूर्य नमस्कार के साथ प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में टोली नंबर 1 जीजाबाई, टोली नंबर 2 सुचेता कृपलानी, टोली नंबर 3 मणिकर्णिका, टोली नंबर 4 मदर टेरेसा की छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण विषयक बहुत ही सुंदर पोस्टर, स्लोगन, हैंड बिल एवं नारों के साथ पूरा ग्रामसभा हमीदपट्टी गुंजायमान कर दिया। इस बीच स्वयंसेवी छात्राओं के बराबरी का साथ निभाए महिलाएं अब आगे आएं, नारी का करो सम्मान तभी बनेगा देश महान, देश को आगे बढ़ाना है तो नारी को सशक्त बनाना है, आदि नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

स्वयंसेवी छात्राओं ने घर-घर जाकर महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर के विषय मे भी बताया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में ₹नारी सशक्तिकरण₹ विषय पर समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रीना सिंह ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण की परिभाषा एवं आर्थिक राजनैतिक मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण एवं उनसे लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, प्रवीण राय, डॉ. योगेंद्र लाल वर्मा सहित कर्मचारीगण हरे कृष्ण मिश्र, राजकुमारी, पंचायत सहायक सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रकृति वैज्ञानिक की जयंती पर बेबीनार का आयोजन

भदोही। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में जंतु विज्ञान विभाग के तत्वाधान में जंतु विज्ञान परिषद ने प्रख्यात प्रकृति वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के जन्मदिवस पर एक वेबीनार का आयोजन किया। जिसके मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सैदाबाद प्रयागराज रहे। डॉक्टर वर्मा ने चार्ल्स डार्विन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों की अद्यतन प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। जिससे छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन हुआ एवं उनका व्याख्यान विद्यार्थियों के बीच में चर्चा रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. मुरलीधर राम ने इस वेबिनार का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता का स्वागत एवं परिचय जंतु विभाग प्रभारी डॉ. आसुतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा एवं छात्रों की सराहनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन गार्गी मिश्रा एवं धन्यवाद आस्था जायसवाल ने किया।

भाषा प्रेमी थे हेमवती नंदन बहुगुणा : साजिद

खेतासराय। क्षेत्र के मनेछा गांव पहुंचे बहुगुणा समिति के जिला अध्यक्ष साजिद आजमी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा जोशी की याद में लगभग दो दशकों से एक शाम बहुगुणा के नाम से कवि सम्मेलन होता चला रहा है जिसमें पूर्वांचल के साहित्य प्रेमी व दिग्गज शिरकत करेंगे। कवि सम्मेलन 26 फरवरी को आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री बहुगुणा ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में उर्दू भाषा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहे। तत्कालीन समय में उर्दू को बढ़ावा देने के लिए कई हजार शिक्षकों को नौकरी पेशा से जोड़ा। उन्होंने भारत के एक धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में राजनीति के फलक पर अपनी छाप छोड़ी थी। उनकी याद में ऑल इंडिया कवि सम्मेलन आजमगढ़ के कौरा गहनी गांव में उनकी स्मृति एक मुशायरे का होना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए श्री आजमी ने बताया कि कवि सम्मेलन में विख्यात कवि और कवयित्री शामिल होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया आयोजित कवि सम्मेलन में अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी, राज्यमंत्री दानिश अंसारी, महाराष्ट्र सपा प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी, पूर्व चांसलर लुकमान खान, जेड.के. फैजान समेत अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान खालिद, निजामुद्दीन, अशोक यादव, आरिफ, इफ़्तिखार, रामकिशुन, मो. सालिम आदि लोग उपस्थित रहे।

शिक्षा जगत के पुरोधा पूर्व प्रधानाचार्य का निधन

सिकरारा। क्षेत्र के सर्व हितैषी इंटर कॉलेज मसीदा जौनपुर के संस्थापक /प्रधानाचार्य एवं शिक्षा जगत के पुरोधा रामयश यादव का फेफड़े में संक्रमण के कारण निधन हो गया। उनका इलाज किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज लखनऊ में चल रहा था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई वह 94 साल के थे। उनके परिवार में उनकी धर्मपत्नी, दो बेटे, तीन बेटियां थी। उनके निधन की खबर से परिवार के साथ साथ उनसे जुड़े सभी लोग गमगीन हो गए।

लखनऊ से जब उनका पार्थिव शरीर जौनपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया और वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखे नम हो गई। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए सर्व हितैषी इण्टर कालेज मसीदा ले जाया गया जहां लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर फूल माला एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, उमाशंकर यादव प्रधानाचार्य, अखिलेश श्रीवास्तव, देशबंधु यादव, धीरेंद्र यादव, संजय यादव, विकास यादव, जगन्नाथ यादव प्रबंधक, उदल यादव, अनिल कुमार यादव, तीर्थराज पांडेय आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

अजय सिंह अध्यक्ष व ओंकार सिंह मंत्री निर्वाचित

अधिवेशन

चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन

जनसंदेश न्यूज

चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

जौनपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि भवन सभागार में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन डॉ. प्रदीप कुमार सिंह जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री रामनरेश यादव एवं धीरेंद्र बहादुर सिंह तथा चुनाव अधिकारी मंसाराम प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ रहे।

अधिवेशन में जनपद कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित विभिन्न संगठनों के विकास खंड एवं तहसील स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष द्वारा पूर्व कार्यकारिणी भंग करने के पश्चात सदन की सर्वसम्मति से अजय कुमार सिंह को दूसरी बार पुनः जिला अध्यक्ष, ओंकार सिंह को जिला मंत्री तथा अजय लाल मौर्य को जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। प्रदेश महामंत्री द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी तथा एक माह के अंदर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रांतीय नेतृत्व को अवगत कराने का निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों से इस संघर्ष वर्ष में बिना किसी भेदभाव, गुटबाजी एवं निमंत्रण का इंतजार किया। स्वप्रेरित होकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित विभिन्न कर्मचारी हितों के मुद्दों पर एक साथ मिलकर संघर्ष करने का आह्वान किया। अधिवेशन में नियोजन एवं कर्णिक संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार रोशन, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के जिला मंत्री रामकृष्ण पाल, परिषद के संगठन मंत्री शरद पटेल, पीडब्ल्यूडी से कल्लू कामरेड, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ से ओमप्रकाश सिंह, सफाई कर्मचारी संघ से जिला अध्यक्ष अमर बहादुर यादव, संजय कुमार चौधरी आदि सैकड़ों पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तेज बहादुर एवं केसरी प्रसाद गौतम ने संयुक्त रूप से किया।

तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

गौराबादशाहपुर। स्थानीय थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अपराधी को एक अदद तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाने के उपनिरीक्षक इष्टदेव पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे गोड़हरा पुलिया के पास खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम जय किशन चौहान पुत्र जयहिंद चौहान निवासी सकरा रामपुर थाना गौराबादशाहपुर बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को विधिक धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया गया।

अध्यापक से राज्यपाल तक का सफर

मनोज श्रीवास्तव

अदलहाट के हाजीपुर गांव के रहने वाले हैं लक्ष्मण आचार्य

रामनगर में किराए के मकान में रहकर किया अध्यापन कार्य

मत्स्य निगम के चेयरमैन व एमएलसी पद को भी किया सुशोभित

आरएसएस के साथ निष्ठा भाव, संगठन के कई पदों पर रहे

रामनगर। सादगी के प्रतिमूर्ति, चेहरे पर सदैव मुस्कान, व्यवहार कुशल, कर्त्तव्यनिष्ठा, कुशल सांगठनिक क्षमता और समर्पण। जी हां, यह पहचान है लक्ष्मण आचार्य की। अध्यापक से राज्यपाल तक का सफर तय करने वाले लक्ष्मण आचार्य को जब भी जो पद मिला, पूरी निष्ठा के साथ निभाया। अब वह अपना नया दायित्व निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। रविवार को राज्यपाल बनने की जानकारी मिलते ही उनके मोहताज खाना-रामनगर स्थित बधाई देने वालों का तांता पूरे दिन लगा रहा। हर किसी से वे स्नेह भाव से मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास करीबियों में उनकी गिनती होती है। पीएम मोदी के हर वाराणसी दौरे में एमएलसी लक्ष्मण आचार्य साथ-साथ नजर आते रहे।

भारतीय शिशु मंदिर में बतौर अध्यापक की कैरियर से शुरूआत करने वाले अदलहाट के हाजीपुर गांव निवासी लक्ष्मण आचार्य ने राज्यपाल तक का सफर तय कर के एक दृष्टांत स्थापित किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद उन्होंने रामनगर में ही किराए के मकान में रह कर भारतीय शिशु मंदिर में अध्यापन शुरू किया। उसके बाद उन्होंने अपने पिता कालीदास के नाम से कालीदास शिक्षण संस्थान के नाम से विद्यालय की शुरूआत की और धीरे-धीरे कई विद्यालय खोल कर उन्होंने शिक्षा जगत में अलग पहचान बनाई। साथ साथ आरएसएस के साथ निष्ठा भाव से काम करने के साथ ही भाजपा के नगर महामंत्री बने।

अपनी कुशल सांगठनिक क्षमता के दम पर लक्ष्मण आचार्य एक-एक राजनीतिक पायदान पर चढ़ते गए। फिर वे भाजपा के जिला महामंत्री बने और एकीकृत वाराणसी के जिलाध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया। उस समय चंदौली-भदोही साहित बनारस एक बड़ा जिला था। कद्दावर नेता ओमप्रकाश सिंह के करीबी रहे लक्ष्मण आचार्य को मत्स्य निगम का चेयरमैन (दर्जा प्राप्त मंत्री) बनाया गया। उनके संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते वर्तमान केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय की टीम में लक्ष्मण आचार्य को दो-दो बार क्षेत्रीय मंत्री का दायित्व मिला, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। लगातार दो बार काशी क्षेत्र के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी भी उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ निभाया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष पद रहने के दौरान ही इनके कार्यकाल और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने लक्ष्मण आचार्य को एमएलसी का चुनाव लड़ाया। जिसमें उन्होंने विजयश्री हासिल किया। वर्तमान में भी वे एमएलसी के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व भी निर्वहन कर रहे हैं। उनको प्रयागराज का प्रभारी भी बनाया गया। पार्टी हो या कार्यकर्ता या फिर आम नागरिक। सभी के लिए वे सहज रूप से सर्वसुलभ रहते हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली भारी जीत पर लक्ष्मण आचार्य का नाम सरकार में मंत्री बनने की दौड़ में सर्वाधिक रहा। लेकिन कहा जाता है कि समय से पूर्व कुछ नहीं मिलता। वहीं हुआ भी। उनके शांत स्वभाव का प्रतिफल मिला और अब वे राज्यपाल जैसे अहम पद को सुशोभित करने जा रहे हैं।

एमएलसी लक्ष्मण आचार्य राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भागीदार रहे हैं। पूर्वांचल में गैर ओबीसी के बीच भाजपा की पैठ बनाने का श्रेय भी इन्हें दिया जाता है। भाजपा में लक्ष्मण आचार्य का नाम वरिष्ठ नेताओं में गिनती होती है। कुशल व्यक्तित्व के धनी लक्ष्मण आचार्य अपने व्यवहार से अपने विरोधियों को भी झुकने पर मजबूर कर देते हैं। कहा जाता कि सपा, कांग्रेस हो या फिर बसपा, सभी पार्टी के नेता इनको काफी सम्मान देते हैं। राजनीतिक जीवन में उनकी सक्रियता की ही देन है कि सरकार ने उनको सिक्किम राज्य के राज्यपाल के रूप में महत्वपूर्ण ओहदा प्रदान किया है।

इन पदों पर किया सेवा कार्य

भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण आचार्य का जनम 1954 में रामनगर में हुआ। अपने छात्र जीवन के प्रारंभिक दिनों में ही बाल स्वयंसेवक के रूप में संघ से जुड़े। भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि 1973 से 1975 तक भारतीय शिशु मंदिर रामनगर में आचार्य का दायित्व निभाया। 1973 में शिमला समझौते के खिलाफ आंदोलन में पहली बार गिरफ्तारी दी। 1975 में आपातकाल के दौरान भूमिगत रहकर सक्रिय सहभागिता निभाई। विश्व हिन्दू परिषद रामनगर इकाई के महामंत्री रहते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए। राजनैतिक जीवन की शुरूआत करते हुए लक्ष्मण आचार्य 1990 में रामनगर इकाई के मंडल अध्यक्ष बनाए गए। तत्पश्चात 1995 में वाराणसी-चंदौली के संयुक्त जिला महामंत्री का दायित्व निभाया। 1996 में वे वाराणसी के जिलाध्यक्ष बनाए गए। 1997 से 2000 तक उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम के चेयरमैन रहे। 2002 में भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री बने और 2004 में भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए। श्री आचार्य 2013 में भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष बनाए गए और 2015 में विधान परिषद सदस्य बने। 2018 में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर लक्ष्मण आचार्य की नियुक्त हुई। 2020 में उपनेता विधान परिषद भाजपा विधायक दल के तौर पर दायित्व मिला।

युवा पीढ़ी को संगीत से जोड़ने में मिली कामयाबी : पं. देवाशीष डे

शिष्यों के साथ खुलती है आंख और गुजरती है रात

राधेश्याम कमल

अब तक हजारों शिष्यों को संगीत में कर चुके हैं पारंगत

वाराणसी। भारतीय शास्त्रीय संगीत से मुझे युवाओं को जोड़ने में कामयाबी मिली है। अब तक हजारों शिष्यों को शास्त्रीय संगीत में पारंगत कर चुका हूं। रोज मेरी आंख विद्यार्थियों के साथ ही खुलती है और रात भी शिष्यों संग गुजरती है। बरसों की मेरी मेहनत आज रंगत ला रही है। कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय, स्कूल अथवा मंच नहीं होगा जहां पर संगीत के क्षेत्र में सीखाये हुए मेरे शिष्य न हो। हर जगहों पर मेरे सीखाये शिष्य कामयाब हो रहे हैं और साथ ही मेरा भी नाम रौशन कर रहे हैं। यही वजह है कि मुझे उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी अवार्ड मिला। कहा कि अब तक लगभग चार हजार विद्यार्थियों को गायन के अलावा तबला व हारमोनियम में पारंगत कर चुका हूं। कहा कि मेरे संगीत की गमक शिष्यों के सहारे हवा में फैल रही है। अब मुझे बहुत ज्यादा प्यार मिल रहा है। यह एक ऐसी चीज है जो खरीदी नहीं जा सकती है। यह कहना है बनारस घराने के प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे का। पं. देवाशीष डे से जनसंदेश टाइम्स ने खास मुलाकात की।

दुनिया के दर्जनों देशों में दे चुके हैं व्याख्यान अनगिनत सम्मान से नवाजे गये

पं. पशुपतिनाथ मिश्र व मुकुंद विष्णु कालविंट से सीखीं गायन की बारीकियां

पं. देवाशीष डे बताते हैं कि उनके प्रथम गुरु रामापुरा निवासी प्रख्यात शास्त्रीय गायक स्व. पं. पशुपतिनाथ मिश्र रहे। जिनके सानिध्य में तकरीबन 9 सालों तक रह कर उनसे गायन की बारीकियों को सीखा। बताया कि शुरूआती दौर में वह एक स्कूल में गायन सीखने जाते थे। जहां पर स्व. पं. पशुपतिनाथ मिश्र सीखाया करते थे। उन्होंने हमसे पूछा कहां रहते हो। हमने बताया कि रामापुरा तो वे बोले अरे यह तो हमारे घर के ही पास है। तुम अच्छा गाते हो। घर पर आ जाया करो। इनके बाद उनके दूसरे गुरु संव. मुकुंद विष्णु कालविंट रहे। उनके यहां जाकर भी हमने गायन की बारीकियों को सीखा। इसके बाद तो हमें हर जगहों पर मंचों पर कामयाबी मिलने लगी। जैसे-जैसे ख्याति बढ़ती गई बड़े मंच भी मिलने लगे। मुझे अनगिनत सम्मान मिले जो हमारी जिंदगी का अनमोल धरोहर है। देवाशीष डे की संगीत पर दो पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। सुबह-ए-बनारस का पहला कार्यक्रम 24 नवम्बर 2016 में पं. देवाशीष डे के गायन से हुआ था।

शिल्पायन म्यूजिक हब में हर हफ्ते होता है संगीत का आयोजन

पं. देवाशीष डे ने भेलूपुर में शिल्पायन म्यूजिक हब के सभागार में शिष्यों को गायन, वादन में प्रशिक्षित करते हैं। इसमें उनके साथ शास्त्रीय गायिका डा. रागिनी सरना भी बच्चों को प्रशिक्षित करती हैं। इस समय यहां पर ढाई सौ बच्चे संगीत सीख रहे हैं। अब तक सौ बच्चों को स्कालरशिप भी दिया जा चुका है। सभागारों का नाम भी अपने गुरूओं के नाम पर रखा है। यहां पर हर सप्ताह संगीत का आयोजन होता है। जिसमें वह नये उभरते हुए कलाकारों को मौका देते हैं। वरिष्ठ कलाकारों का भी कार्यक्रम होता है। ताकि विद्यार्थियों को अच्छा संगीत सुनने का मौका मिले। यहां पर उस्ताद साहिद परवेज, अजय शंकर प्रसन्ना, पं. प्रभात कुमार, अश्वागर हुसैन खान, पद्मश्री शेखर सेन, पद्मश्री डा. सोमा घोष, पद्मश्री डा. राजेश्वर आचार्य, अभिनेत्री दीप्ति नवल आदि आकर इसकी प्रशंसा कर चुके हैं।

सनबीम कॉलेज फॉर वीमेन भगवानपुर में विविधा-2023 का आयोजन

तीस महाविद्यालयों के 300 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

वाराणसी। सनबीम कॉलेज फॉर वीमेन भगवानपुर में दो दिवसीय युवा संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य थीम आधारित विविधा-2023 का आयोजन हुआ। जिसमें 30 महाविद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव के पहले दिन उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण दिल्ली के मूंगफली बैंड की शानदार प्रस्तुति रही, जिसमें महाविद्यालय के प्रांगण में उपस्थित सभी दर्शकों व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर थिरकने पर मजबूर कर दिया। विविधा के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं नुक्कड़ नाटक, सोलो डांस, रंगोली, बिजनेस प्लान, पैंटेक, फेस पेंटिंग, केओरिओग्राफि, पेंटिंग सहित अन्य आयोजन हुए। जिसमें 37 महसविद्यालयों के लगभग 498 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. अनंद कुमार त्यागी ने स्वस्थ और सजग समाज के निर्माण के लिए युवाओं को अभिप्रेरित किया। समूह के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक एवं निदेशिका भारती मधोक ने युवा शक्ति के राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। सह निदेशक प्रतिमा गुप्ता ने सभी छात्रों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिया गया। बहुआयामी प्रतिभा के लिए शिवी उपाध्याय, सनबीन कॉलेज फॉर वीमेन, भगवानपुर को यूथ आइकॉन-2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रशासिका डॉ. मधुलिका सिंह और प्राचार्या डॉ. विभा श्रीवास्तव ने युवा महोत्सव 'विविधा' के महत्त्व को बताते हुए उपस्थित सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

हम बच्चों को किडनैप नहीं, एडॉप्ट करते हैं : सलमा किन्नर

कहा- मेयर प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहूंगी

वाराणसी। किन्नर समाज पर यह आरोप कि वह बच्चों का किडनैप करके उन्हें किन्नर बना देते हैं, यह सरासर बेबुनियाद है इसको लेकर किन्नर समाज बहुत ही मर्माहत है। किन्नर समाज के लगभग एक दर्जन किन्नर इसी मुद्दे को लेकर पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकारों से रू-ब-रू थे। किन्नर समाज के लोगों का कहना था कि हम पर जो यह आरोप लगाया जा रहा है वह सरासर गलत है। अगर इस आरोप को हटाया नहीं गया तो वह इसको लेकर मुकदमा दायर करेंगे। किन्नर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान सलमा किन्नर ने इस आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि कतिपय चैनल वाले यह आरोप लगा रहे हैं कि किन्नर समाज के लोग किन्नर बच्चों को ले जाते हैं और उन्हें किन्नर बना देते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है समाज के अंदर जिन परिवारों में किन्नर बच्चे पैदा होते हैं उन्हें हम पकड़ कर नहीं ले जाते हैं। बल्कि जो डाक्टर ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी देते हैं उन्हें ही हम कानूनी तौर पर एडाप्ट करते हैं। हम यह सब उन बच्चों के अभिभावकों की रजामंदी से करते हैं। पहले तो ऐसे परिवार के लोग आनाकानी करते हैं लेकिन बाद में वह भी राजी हो जाते हैं। ऐसे ही बच्चों को हम लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को हम ले आकर उनका पालन पोषण के साथ ही उनकी शिक्षा की भी व्यवस्था करते हैं। अब तक छह बच्चों को हम लोगों ने हाई स्कूल पास कराया है। एक किन्नर बीएचयू से पीएचडी कर चुकी है। उसको पीएचडी तक की शिक्षा ग्रहण में कितनी मुसीबतों का सामना करना पड़ा यह कहा नहीं जा सकता है। कहा कि हमारे सामने तो बहुत सारी मुसीबतें हैं लेकिन हम लोग हर मुसीबतों का हंसते हुए सामना करते हैं। लेकिन यह समाज अब भी काफी पिछड़ा हुआ है। लोग किन्नर समाज पर झूठा आरोप लगाते हैं। कहा कि किन्नर समाज के लोग शादी-विवाह या बच्चों के जन्म पर नाच गाकर पैसा कमाते हैं। इसी पैसे से वह किन्नर बच्चों का लालन पालन करते हैं। किन्नर समाज के लोग काशीवासियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि हम किसी भी बच्चे को जबरन पकड़ कर नहीं ले जाते बल्कि कानूनी तौर पर एडाप्ट करते हैं। हम इन्ही पैसों से गरीब लड़कियों की शादी भी करवाते हैं। काशी की जनता को इस ओर ध्यान देना चाहिए। प्लीज, किन्नर समाज पर कोई भी आरोप मत लगाइये। क्योंकि किन्नर समाज तो खुद को समाज में असहाय महसूस करता है। अगर किन्नर समाज पर इस तरह का निराधार आरोप लगाया जायेगा तो यह असहाय समाज आखिर कहां जायेगा। सलमा किन्नर ने कहा कि इस बार वह काशी में मेयर पद की प्रत्याशी रहेंगी। यह पूछे जाने पर कि उन्हें कितना समर्थन मिलेगा? कहा कि काशी की जनता हमारे साथ है और काशीवासियों का प्यार व स्नेह उन्हें मिलेगा। इसके पहले भी किन्नर समाज के लोग चुनाव में अपनी भागीदारी कर चुके हैं। पत्रकारवार्ता में टीना किन्नर, पिंकी किन्नर, पायल किन्नर, संजू किन्नर, विशाखा किन्नर, पायल किन्नर, सानिया किन्नर, नेहा किन्नर, मोनिका किन्नर, पिंकी किन्नर, बंटी किन्नर समेत दर्जनों किन्नर मौजूद थीं।

बच्चों को जबरन ले जाने के आरोप को बताया निराधार

इस गलत आरोप को लेकर किन्नर समाज है मर्माहत

अभिभावक हमें अपने किन्नर बच्चों को रजामंदी से सौंपते हैं

प्लीज किन्नर समाज पर कोई भी आरोप मत लगाइये